फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 196 प्रभात जयपुर, शनिवार 19 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**I Am At Least Around!** How long is this going to continue? I don't know. "So the authorities don't realise that you could be more useful in Jaipur," the boy contends. "They could care less," I conclude.

**Starting Your Day**

**EVENT: Jaipur Cultural Extravaganza @ JLF**




*कहीं से भी आ रहे हों, कैनेडा में न्यूफाउण्डलैण्ड और लैब्रडोर के उत्तरी प्रायद्वीप के गांव ''कौंच'' तक पहुंचने में बहुत समय लगता है। एक सौ सत्तर निवासियों वाले इस छोटे से गांव को देखकर लगता है मानो, विश्व के छोर पर टिका हुआ है। यहाँ रंगबिरंगे घरों और बंदरगाह पर उठती-गिरती नावों के बीच आपको दिखाई देगी एक अद्‌भुत कलाकृति। ''फ्रैंच शोर टैपिस्ट्री'' नाम से मशहूर, हाथ से काढ़ कर बनाई गई, 227 फुट लंबी यह कलाकृति 900 वर्ष पुराने एक ''मास्टरपीस'' पर आधारित है। पचास वर्षों से फ्रैंच कलाकार ज़ाँ क्लूद कैनेडा के इस छोटे से द्वीप पर आ रहे हैं। उनकी बहुत सी पेंटिंग्स इस क्षेत्र से प्रेरित हैं। ज़ाँ क्लूद की पत्नी, न्यूफाउण्डलैण्ड की मूल निवासी, क्रिस्टीना रॉय पेशे से डॉक्टर हैं तथा हाथ की कढ़ाई में प्रशिक्षित व माहिर हैं। एक बार, गांव में चल रही एक वर्कशॉप के दौरान क्रिस्टीना, विख्यात ''बायू टैपैस्ट्री'' से प्रेरित एक कलाकृति पर काम कर रही थीं। तभी उन्होंने न्यूफाउण्डलैण्ड व लैब्रडोर के इतिहास पर आधारित एक टैपैस्ट्री बनाने का निर्णय लिया। इसी निर्णय का परिणाम है ''कौंच'' की फेमस ''फ्रैंच शोर टैपैस्ट्री''। सदियों से ब्रिटनी के मछुआरे एलटांटिक को पार करके इस क्षेत्र में कॉड आदि मछलियाँ पकड़ने आते रहे हैं। परिणामस्वरूप न्यूफाउण्डलैण्ड के उत्तरी व पश्चिमी क्षेत्रों में उनकी परम्परा व जीवन शैली का बहुत प्रभाव है। इसलिए ''कौंच'' में प्रदर्शित टैपैस्ट्री में इस क्षेत्र के फ्रांस के साथ संबंध बहुत सजीव हैं। धागों से रिकॉर्ड किए गए फ्रैंच शोर के इतिहास में एटलांटिक के दोनों किनारों का योगदान रहा है। ज़ाँ क्लूद ने टैपैस्ट्री के हर पैनल के डिज़ाइन का रेखाचित्र बनाया जिसका फोटो खींचकर क्रिस्टीना ने न्यूफाउण्डलैण्ड भेजा। फिर, कौंच में तेरह कशीदाकार महिलाओं ने 20 हजार घंटे कढ़ाई करके 217 फीट लंबी टैपिस्ट्री तैयार की, जिस पर, न्यूफाउण्डलैण्ड के फ्रैंच शोर पर बसे समुदाय की कहानी को जीवंत करके रॉय के विज़न को कपड़े पर उतारा। इसे पूरा करने में तकरीबन तीन वर्ष लगे। आज यह कौंच का प्रमुख पर्यटन आर्कषण है।*

# दस मार्च को कांग्रेस पार्टी में विभाजन जैसी स्थिति होगी?

## कई वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़ने के लिये कसमसा रहे हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 फरवरी। इस बात के पक्के संकेत हैं कि आगामी 10 मार्च के बाद कांग्रेस में एक बड़ा विभाजन हो सकता है क्योंकि बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने की संभावना है। इसका कारण यह है कि पार्टी के असंतुष्ट लोग यह महसूस करते हैं कि बहुत हो चुका।

सूत्र कहते हैं कि यदि कांग्रेस उत्तराखण्ड और गोवा में जीत जाती है, तब भी ऐसा हो सकता है, क्योंकि दोनों ही राज्य कांग्रेस पार्टी के लिए जिताऊ प्रतीत हो रहे हैं।

इस तर्क का आधार यह है कि उत्तर प्रदेश और पंजाब की तुलना में ये दोनों राज्य बहुत छोटे हैं और कांग्रेस के स्वयं का पुनरुद्धार करने के बड़े गेम प्लान में मदद नहीं करते।

आंतरिक खबरें बताती हैं कि प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के खोए हुए वोट बैंक को पुनर्जीवित करने में विफल रही हैं और इस राज्य में पाटी के जिताऊ प्रत्याशियों का आंकड़ा दहाई तक पहुंचने की भी उम्मीद नहीं है।

प्रियंका, पार्टी संचालन के अहम फैसले ले रहे गांधी नेतृत्व का एक हिस्सा हैं, लेकिन लगता है कि वे वोटर्स को कांग्रेस का समर्थन करने के लिए प्रेरित करने में विफल रही हैं।

- अब तक 14 पी.सी.सी. अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं।
- अगर कांग्रेस उत्तराखण्ड व गोवा में जीत भी जाती है तो भी पलायन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। असंतुष्ट तर्क दे रहे हैं कि, गोवा व उत्तराखण्ड बहुत छोटे राज्य हैं, यू.पी. व पंजाब की तुलना में, अतः केवल गोवा व उत्तराखण्ड की विजय से फ़िज़ां नहीं बदलेगी।
- वरिष्ठ, जी-23 के असंतुष्ट भी, अपनी टीका टिप्पणी और तेज कर देंगे, 10 मार्च के बाद। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि, राहुल के कई युवा समर्थक भी पार्टी छोड़ गये हैं, पर कम से कम यू.पी. में तो प्रियंका गांधी ने इन नेताओं को जाने से रोकने का कोई प्रयास नहीं किया, ऐसा उन्होंने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया।
- पर, इस पलायन/संभावित विभाजन से प्रियंका व राहुल गांधी ने अपनी रीति-नीति बदलने के कोई संकेत नहीं दिये हैं। न तो जाने वालों को मनाने आदि की प्रक्रिया हुई है, न ही, जी-23 के सदस्यों जैसे, वरिष्ठ नेता गणों से विचार-विमर्श की कोशिश शुरू हुई है।
- भाई-बहन इस पलायन को गंभीरता से नहीं ले रहे, इसलिये बदलाव का सवाल ही नहीं उठता।

और पंजाब जहाँ कांग्रेस की सरकार है, में पार्टी इस बार शायद दोबारा ना आ सके क्योंकि यहां सिद्धू से हुए नुकसान के साथ ही जबर्दस्त आंतरिक कलह है और राहुल तथा प्रियंका गांधी के कारण कैप्टन अमरिन्दर सिंह को जिस तरह से अपना मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा, वह भी एक कारण हैं।

अधिकांश कांग्रेसियों की समस्या राहुल और प्रियंका गांधी उनकी कार्यशैली, उनकी अकड़, राजनीतिक निर्णयकों के प्रति उनका गैर राजनीतिक रवैया और जाति कारक को समझने में उनकी अक्षमता है और यह भी कि उनका स्टाफ महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णय ले रहा है, स्पष्ट रूप से राहुल और प्रियंका दोनों के कहने पर।

करीब 14, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अब तक पार्टी छोड़ चुके हैं। राहुल गांधी के निकट माने जाने वाले कई युवा राजनेता कांग्रेस छोड़ चुके हैं, सिर्फ सचिन पायलट पार्टी में बने हुए हैं।

उत्तर प्रदेश में भी कई नेता कांग्रेस छोड़ चुके हैं तथा प्रियंका गांधी यह सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर चुकी हैं कि पार्टी छोड़कर जाने वाले किसी भी नेता को रोकने का उन्होंने कभी कोई प्रयास नहीं किया।

उन्होंने पार्टी संचालन का कार्य एक तरह से अपने निजी सचिव संदीप सिंह को आउटसोर्स कर दिया है। बताया जाता है कि सिंह पार्टी नेताओं से बात करते वक्त अपशब्दों का प्रयोग करते हैं और

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# अजमेर इलैक्ट्रिक सप्लाई कॉरपोरेशन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट अपीलेट ट्रायब्यूनल फोर इलैक्ट्रीसिटी के वर्ष 2009 के एक निर्णय के खिलाफ अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की एक अपील को गुरुवार को खारिज कर दिया और विद्युत वितरण निगम को निर्देश किए कि वह हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा फ्यूचर बिल्स के लिए जमा करायी गई धनराशि का ब्याज सहित पुनर्भुगतान करे।

जस्टिस अजय रस्तौगी और अभय एस. ओझा की एक बैंच ने टिप्पणी की कि राज्य सरकार के स्वामित्व वाले निगम ने अगस्त 2010 में यह अण्डरटेकिंग दी थी कि कि अपील खारिज होने की सूरत में वह पैसा रिफण्ड करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान इलैक्ट्रिसीटी रैग्युलेटरी कमीशन की इस बात को त्रुटिपूर्ण माना कि उसने अपने दोनों पक्षों के बीच हुए ओपन एक्सैस एग्रीमैन्ट के सितम्बर 2007 में जारी आदेश में ठोस बदलाव किए। उसने ध्यान दिलाया कि यदि पूर्व प्रभावी तिथि से बदलाव करने की कोशिश की जाती है तो हिन्दुस्तान जिंक के अधिकार प्रभावित होंगे।

- कॉरपोरेशन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका अस्वीकार हुई। अब कॉरपोरेशन को हिन्दुस्तान ज़िंक को वह सारी राशि वापस लौटानी होगी, जो कॉरपोरेशन ने हिन्दुस्तान ज़िंक से प्राप्त की थी, निगम की ट्रांसमिशन लाइन काम में लेने के कारण। हिन्दुस्तान ज़िंक का कहना था कि, वह 2004 के ''ओपन एक्सैस फैसिलिटी'' एग्रीमैंट के तहत काम में ले रहा था।

विवाद हिंदुस्तान ज़िंक द्वारा चित्तौड़गढ़ जिले के चन्देरिया स्थित अपने कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट में उत्पादित बिजली के ट्रांसमिशन के लिए निगम की पावर सप्लाई लाइन्स के उपयोग को लेकर शुरु हुआ। ज़िंक इस बिजली का परिवहन अपने स्वयं के लिए और उदयपुर जिले के देबारी, भीलवाड़ा जिले के अगूचा और राजसमंद जिले के दरीबा स्थित अपनी यूनिट्स के लिए कर रहा था।

हिन्दुस्तान ज़िंक ने निगम की वितरण व्यवस्था का उपयोग चन्देरिया

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# ममता बनर्जी ने बर्खास्त महासचिव, अपने भतीजे को पुनः नियुक्त किया

## अभिषेक बनर्जी की, पार्टी के अखिल भारतीय सचिव पद पर पुनः नियुक्ति ने जाहिर किया कि पार्टी में प्रतिभावान नेताओं की भारी कमी है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। खून का रिश्ता आखिर खून का ही होता है, तथा ममता बनर्जी ने सिद्ध कर दिया है कि यह कहावत राजनीति के लिये भी सत्य है।

तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक नियुक्तियों तथा कुछ महत्वपूर्ण नेताओं से उन्हें दी हुई जिम्मेदारियों को बड़े रूखे तरीके से ले लेना यह दर्शाता है कि पार्टी में अन्ततः किसकी चलती है।

विभिन्न नियुक्तियाँ तथा सौंपी गई जिम्मेदारियाँ साफ दर्शाती हैं कि पार्टी में लोगों तथा मानवीय संसाधन आधार का पूरी तरह अभाव है। सिर्फ मुट्ठी भर लोगों को एक से दूसरी जिम्मेदारी के आसपास रखा गया है।

इधर, पार्टी महत्वाकांक्षी भी हो गई है। अब यह पार्टी विदेशी मामलों में भी अपनी सोच प्रस्तुत करने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही है।

लोग कुछ भी कहें, लेकिन पार्टी में केवल एक ही व्यक्ति है जिसका महत्व है, और वो है–ममता बनर्जी तथा उनके प्रिय भतीजे अभिषेक। ममता बनर्जी ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को एक बार फिर पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त कर दिया है। इससे पहले, संगठन में हुई प्रत्यक्ष बगावत के प्रतिक्रिया स्वरूप अन्य लगभग सभी पद एकाएक समाप्त कर दिये हैं।

- इस नियुक्ति पर मंथन करने के लिये आयोजित बैठक में, चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर पर सभी नेताओं ने खुलकर आक्रमण किया और पार्टी में हुए उथल-पुथल के लिए प्रशांत भूषण को जिम्मेदार ठहराया।
- नव नियुक्तियों में, मीडिया में पार्टी के मुख्य चेहरा, डैरेक ओ'ब्रायन की भी छुट्टी हो गयी तथा महुआ मोयेत्रा को मीडिया से नजदीक सम्पर्क बनाने व बातचीत करने की जिम्मेवारी सौंपी गयी।

पार्टी में हुई बगावत पार्टी को चुनाव सलाहकार, आई–पैक की भूमिका के प्रश्न पर हुई। आई–पैक चुनाव रणनीतिकार प्रशान्त किशोर के नेतृत्व में काम करती है। पार्टी के बहुत से नेताओं ने कहा था कि प्रशान्त किशोर के दावे तथा चुनाव रणनीतिकार के रूप में, उनकी गलत सलाह पर उठाये गये कदम गलत हैं।

चुनाव रणनीतिकार तथा सलाहकार प्रशान्त किशोर का पार्टी के कई दिग्गज नेताओं से सीधा टकराव भी हो गया था। उनमें से बहुत से नेताओं ने पार्टी–सलाहकार के आम आचरण की कड़ी आलोचना की थी। ज्ञातव्य है कि किशोर स्वयं को तृणमूल की हाल ही की चुनावी जीत के श्रेय के दावेदार के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वस्तुतः, किशोर ने ऐसे दावे तो स्वयं तो नहीं किये पर इनका खुलकर खण्डन भी नहीं किया। यह सारा खेल मीडिया के माध्यम से खेला जा रहा था।

रणनीतिकार ने संगठन के लिये एक व्यापक सिद्धान्त का सुझाव दिया था, जो कुछ दिग्गज नेताओं के प्रतिकूल था। इन नेताओं में पार्थ चटर्जी तथा सुदीप बन्धोपाध्याय जैसे नेता भी शामिल थे। रणनीतिकार ने संगठन के लिये एक व्यक्ति एक पद का सुझाव दिया था।

इस सुझाव को ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने बड़े उत्साह के साथ

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# दसवीं व बारहवीं की परीक्षा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में माँग की गई थी कि कक्षा–10 एवं 12 की परीक्षाओं के लिये ऑनलाइन तथा ऑफलाइन– दोनों ही विकल्प खुले रखे जायें। अदालत ने इस याचिका की सुनवाई के लिये सोमवार की तारीख दी है।यह याचिका 15 राज्यों के विद्यार्थियों ने बाल–अधिकार ऐक्टिविस्ट तथा एडवोकेट अनभा श्रीवास्तव सहाय के माध्यम से दायर की है। याचिका में यह माँग भी की गई है कि आंतरिक मूल्यांकन व्यवस्था से असंतुष्ट विद्यार्थियों के लिये सुधार–परीक्षा (इन्प्रूवमेंट एग्ज़ाम)

- सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका, जिसकी सुनवायी सोमवार को होगी, में यह मांग की गयी है कि, ये परीक्षाएं ऑन लाइन आयोजित की जायें।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# 'यू.पी. सरकार सी.ए.ए. प्रदर्शन कारियों की सम्पत्ति वापस करे'

## सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि, प्रदर्शन कारियों पर सरकारी व सार्वजनिक सम्पत्ति को हानि पहुंचाने के कारण लगाया गया दण्ड भी वापस किया जाए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि वह सिटीजनशिप अमैण्डमैन्ट एक्ट (सी.ए.ए.) रोधी आंदोलनकारियों की अटैच की गई सम्पत्तियों को वापस करें। और सार्वजनिक सम्पत्तियों के नुकसान को लेकर उनसे वसूले गए धन को भी रिफण्ड करे।

उत्तर प्रदेश की एडीशनल एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद के कोर्ट की कार्यवाही की शुरूआत में यह बताने पर कि राज्य सरकार ने सम्पत्तियों के नुकसान की भरपायी के लिए आंदोलनकारियों को भेजे गए नोटिस वापस ले लिए हैं, जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकांत की एक बैंच ने कहा कि यदि नोटिस वापस ले लिए गए हैं तो इनके जारी होने के बाद की गई रिकवरी का पैसा भी वापस कर देना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने गत 14 और 15 फरवरी को दो गवर्नमैन्ट ऑर्डर्स (जी.ओ.) जारी किए थे, जिनके तहत सी.ए.ए. विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक व निजी सम्पत्तियों के नुकसान को लेकर दर्ज 274 केसों में जारी किए गए ''कारण बताओं'' नोटिसों

- सुप्रीम कोर्ट ने ग्यारह फरवरी को यू.पी. सरकार को कहा था, प्रदर्शन कारियों को इस संदर्भ में दिये गये नोटिस वापस ले, अन्यथा सुप्रीम कोर्ट उन्हें रद्द कर देगा।
- यू.पी. सरकार द्वारा 14 व 15 फरवरी, 2022 को पारित नये कानून के अन्तर्गत प्रदर्शन कारियों द्वारा सरकारी सम्पत्ति को पहुंचायी गयी हानि की भरपाई हेतु सरकार प्रदर्शन कारियों से आर्थिक दण्ड वसूल कर सकती है। पर, हानि व दण्ड आंकने के लिये गठित ट्रिब्युनल में ज्यूडिशियल अधिकारी की नियुक्ति अनिवार्य है, यू.पी. सरकार ने एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया, अतः, ट्रिब्युनल अवैध हो गये।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# गैंगरेप पीड़िता की जयपुर में मौत के बाद डीडवाना में सर्व समाज में आक्रोश

## विभिन्न संगठनों ने शहर में रैली निकाली व प्रदर्शन किया

डीडवाना, 18 फरवरी, (निसं)। डीडवाना की गैंगरेप पीड़िता की गुरुवार को जयपुर में गुरुवार को हुई मौत के बाद डीडवाना में सर्व समाज का आक्रोश फूट पड़ा। सर्व समाज, राजनीतिक दलों और विभिन्न संगठनों की ओर से शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया और सरकार व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान कोर्ट परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे आंदोलनकारियों को जब पुलिस ने रोकना चाहा तो आंदोलनकारी व पुलिस एक बारगी तो आमने–सामने हो गए और उनके बीच जमकर धक्का–मुक्की हुई। इस घटना से गुस्साए लोग कोर्ट परिसर में ही पुलिस व प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठ गए और उन्होंने स्थानीय विधायक चेतन डूडी सहित पुलिस व प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजगी जमकर जाहिर की।

उल्लेखनीय है कि पीड़िता की मौत के बाद इस घटना को लेकर आमजन में रोष देखा जा रहा है। मृतक पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन भी शुरू कर दिया गया है।

- विधायक चेतन डूडी सहित पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर हुई रैली में।
- कोर्ट में प्रवेश पर पुलिस ने रोका तो धक्का-मुक्की हुई।
- विधायक की चुप्पी पर भी खड़े हो रहे हैं सवाल।



*डीडवाना में सर्व समाज, राजनीतिक दलों और विभिन्न संगठनों के लोगों ने गैंगरेप पीड़िता की मौत को लेकर रोष व्यक्त किया।*

घटना के विरोध में मेघवाल समाज के आव्हान पर सर्वसमाज की एक बैठक मेघवाल समाज भवन में आयोजित हुई जिसके बाद सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए घटना पर रोष व्यक्त किया। घटना के विरोध में और मृतका के परिवार को न्याय दिलाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कचहरी परिसर में अनिश्चितकालीन धरना देने का फैसला लिया गया।

आक्रोशित लोगों की भीड़ मेघवाल समाज भवन से रैली के रूप में भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा, श्यामप्रताप सिंह रुवां, माकपा नेता भागीरथ यादव युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुखराम डोडवाड़ीया की अगुवाई में कचहरी परिसर पहुंची, जहां उसने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए जैसे ही कचहरी परिसर में जाने की कोशिश

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# 'ट्रकों को अंदर से बंद कर लें और बैठे रहें'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा है कि विरोध प्रदर्शन करने वालों और पुलिस के बीच का टकराव गुरुवार को ऑटवा पहुँच गया। ऑन्टेरियो का पुलिस बल, ट्रक वालों के विरोध–प्रदर्शन को रोकने की तैयारी के लिए ओटावा के सिटी सैन्टर के बाहर इकट्ठा हो गया था। ज्ञातव्य है कि ट्रक वालों ने कुछ सप्ताह से वहाँ ट्रैफिक जाम कर रखा है।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लिखित नोटिस वितरित कर दिये हैं लेकिन उन्हें चेतावनी दी गई है कि इस इलाके को छोड़ दे वरना उन पर जुर्माना किया जायेगा या उन्हें सजा दी जायेगी। वर्कर्स समूह ने संसद भवन के चारों

- कैनेडा में ट्रक चालक सरकार से दो-दो हाथ करने को तैयार।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# स्वास्थ्य ही अनमोल धन है

जीवन में स्वास्थ्य ही अनमोल धन है। शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के विभिन्न क्षेत्रो में सफलता अर्जित कर सकते है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। व्यक्ति की सबसे बड़ी दौलत उसका शरीर और उसका स्वास्थ्य होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। आज हर व्यक्ति अच्छी सेहत की बात करता है और इसके प्रति काफी हद तक लोगों में जागरुकता भी आई है।

मगर आज भी अधिकांश व्यक्तियों के रोग का या तो समय पर पता नहीं चल पाता है या उसका सही तरह से उपचार नहीं हो पाता है, जिसके कारण हर साल पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों की असमय ही मृत्यु हो जाती है। स्वस्थ जीवन का अधिकार हर मनुष्य को है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक आज भी दुनिया के 10 करोड़ लोग घोर गरीबी में जीते हैं और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप विभिन्न बीमारियों से घिरे रहते है और समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण अंततोगत्वा अकाल मौत के शिकार हो जाते है।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। मन को कभी गंदा या खराब नहीं रखना चाहिए। मानव की सबसे बड़ी दौलत उसका शरीर और उसका स्वास्थ्य होता है। अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए कई चीजों की आवश्यकता होती है। इनमें ताजी हवा, स्वच्छ पानी, उचित धूप, संतुलित आहार, जंक फूड से दूर, स्वच्छ, स्वस्थ और हरियाली का वातावरण, सुबह की सैर, व्यक्तिगत स्वच्छता, उचित शिक्षा आदि की आवश्यकता होती है।

**शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से तनाव, अवसाद और दर्द को कम करके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। नियमित व्यायाम उच्च रक्तचाप, शुगर और गठिया सहित अनेक व्याधियों को रोकने में मदद करता है। सेहत को बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम के साथ शरीर को गुणवत्ता वाले कार्बोहाइड्रेट, बिना चर्बी वाला प्रोटीन, आवश्यक वसा और तरल पदार्थों की आवश्यकता होती है।**

अच्छा स्वास्थ्य तनाव के स्तर को कम करता है और बिना किसी कष्ट के स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देता है। हमें हमेशा अपने स्वास्थ्य के बारे में पता होना चाहिए और नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए जाना चाहिए। हमें अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए समय पर ताजे फल, सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, दही और छाछ आदि का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए।

भारत में आम तौर पर लोगों में स्वास्थ्य चेतना का अभाव है। शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति भी लोग तभी चिंतित होते हैं जब कोई रोग उन्हें घेर लेता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि निष्क्रियता कई गंभीर बीमारियों को जन्म देती है। विश्व लगातार बढ़ रही निष्क्रियता नामक महामारी का शिकार हो रहा है आरामदेह जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, जैसे हृदय रोग और डायबीटीज, अब तक संपन्न देशों की बीमारियाँ मानी जाती थीं लेकिन अब विकासशील देश भी अब इसके शिकार हो रहे हैं। विश्व भर में इन बीमारियों से हर वर्ष दो करोड़ लोगों की मौत होती है और इनमें से अस्सी प्रतिशत गरीब देशों से हैं। इस तरह की बीमारियाँ दौड़-भाग से रोकी जा सकती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि विश्व के पचासी प्रतिशत लोग निष्क्रिय जीवनशैली बिता रहे हैं और विश्व के दो-तिहाई बच्चे भी पूरी तरह से सक्रिय नहीं हैं और इससे उनके भविष्य पर भी बुरा असर पड़ेगा।

संगठन का कहना है कि साधारण व्यायाम जैसे पैदल चलना, नृत्य करना और यहाँ तक की सीढ़ियाँ चढ़ना भी सेहत को ठीक रख सकता है। शोध बताते हैं कि खानपान में साधारण परिवर्तन और हल्के व्यायामों से आंतों के कैंसर के खतरे को सत्तर प्रतिशत और डायबिटीज को साठ प्रतिशत कम किया जा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव स्वास्थ्य की परिभाषा है। भारत ने पिछले कुछ सालों में तेजी के साथ आर्थिक विकास किया है, लेकिन इस विकास के बावजूद बड़ी संख्या में लोग कुपोषण के शिकार हैं जो भारत के स्वास्थ्य के प्रति चिंता उत्पन्न करता है।

स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता की अनुपस्थिति ही नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति है। स्वस्थ लोग रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए और किसी भी परिवेश के मुताबिक अपना अनुकूलन करने में सक्षम होते हैं। रोग की अनुपस्थिति एक वांछनीय स्थिति है लेकिन यह स्वास्थ्य को पूर्णतया परिभाषित नहीं करता है। यह स्वास्थ्य के लिए एक कसौटी नहीं है और इसे अकेले स्वास्थ्य निर्माण के लिए पर्याप्त भी नहीं माना जा सकता है। लेकिन स्वस्थ होने का वास्तविक अर्थ अपने आप पर ध्यान केंद्रित करते हुए जीवन जीने के स्वस्थ तरीकों को अपनाया जाना है। रोज़ 8 घंटे की नींद आपको तरोताजा महसूस कराती है, दिल की स्थिति का जोखिम कम करती है, आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बनाए रखने में मदद करती है और आपकी याददाश्त को भी मजबूत करती है।

शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से तनाव, अवसाद और दर्द को कम करके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। नियमित व्यायाम उच्च रक्तचाप, शुगर और गठिया सहित अनेक व्याधियों को रोकने में मदद करता है।

सेहत को बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम के साथ शरीर को गुणवत्ता वाले कार्बोहाइड्रेट, बिना चर्बी वाला प्रोटीन, आवश्यक वसा और तरल पदार्थों की आवश्यकता होती है। हमें अपनी भागदौड़ की ज़िंदगी में से कुछ समय अपने स्वास्थ्य की देखरेख के लिए निकालना होगा तभी हम अपनी सेहत को पुष्ट कर सकेंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 19 फरवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2078, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र सांय 4:51 तक, धृति योग सांय 4:36 तक, वणिज करण दिन 10:13 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज यमघट योग सांय 4:51 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 10:13 से रात्रि 4:57 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:18 से 9:53 तक, चर 12:41 से 2:05 तक, लाभ-अमृत 2:05 से 4:33 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:50 तक। सूर्योदय 7:04, सूर्यास्त 6:17

**मेष**
परिवार में चल रही स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
परिवार में अतिथियों के आगमन से भागदौड़ रहेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।


**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# चित्तौड़ की महारानी पद्मिनी की ऐतिहासिकता





डॉ. चन्द्रमणि सिंह व श्री सुरेन्द्र बोथरा द्वारा लिखित पुस्तक 'पद्मिनी' सम्भवत: पद्मिनी की ऐतिहासिकता के सम्बन्ध में सबसे प्रमाणिक पुस्तक है।

पद्मिनी की ऐतिहासिकता के सम्बन्ध में इतिहासकारों में मतभेद है। जब पद्मिनी फिल्म बनी (जिसका बाद में नाम पद्मावत हो गया) तब यह मतभेद और उभर कर आ गये। एक वर्ग विशेष भी उस विवाद में खुलकर सामने आ गया। उस विषम परिस्थिति में भारत के फिल्म सेंसर बोर्ड ने तीन विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित की जिसमें श्री जी अरविन्द सिंह मेवाड़ जो मेवाड़ के राजपरिवार के हैं, विख्यात कला व इतिहास की विशेषज्ञ डॉ. चन्द्रमणि सिंह व प्रमुख इतिहासकार प्रो. कपिल कुमार थे। कमेटी की राय पर भारतीय सेंसर बोर्ड ने पद्मिनी फिल्म का नाम बदलकर पद्मावत कर दिया और इसी बदले हुए नाम से यह फिल्म रिलीज हुई।

इस पृष्ठभूमि की जानकारी के लिए डॉ. चन्द्रमणि सिंह को पद्मिनी की ऐतिहासिकता के सम्बन्ध में बहुत अध्ययन करना पड़ा जिसके आधार पर वर्तमान पुस्तक की रचना हुई है। श्री सुरेन्द्र बोथरा जो जैन शास्त्रों के एक प्रमुख विद्वान है उनके सहयोगी बने।

यह वह समय था जब श्रुत परम्पराओं के आधार पर लिखित राजस्थान के इतिहास के उक्त प्रश्न पद्मिनी की ऐतिहासिकता को सुलझाने के लिए एक के बाद एक प्रश्न किया गया और प्रश्न था कि सुलझने की जगह उलझता ही चला गया। इसका प्रमुख कारण था-चित्तौड़ उजड था, ऐतिहासिक साहित्य नष्ट हो चुका था, रावल वंश की शाखा तो समाप्त हो गई थी। वीर हम्मीर ने धीरे-धीरे चित्तौड़ के गौरवशाली अतीत का निर्माण किया और शीघ्र ही महाराणा कुम्भा के समय में वंशावली तैयार की गई। एकलिंग माहात्म्य में भी ऐतिहासिक सामग्री संकलित की गई। अलाउद्दीन के हमले के दौरान जो तोड़-फोड़ हुई, उसके टुकड़ों को इकट्ठा करके इतिहास लिखा गया। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है रावल रत्नसेन का शिलालेख जो म.म. गौरी शंकर हीराचन्द ओझा जी को मिला और इसी समकालीन आधार पर उनकी प्रामाणिकता तय हुई। यह शिलालेख 1926 में मिला सो 14वीं शती से 20वीं शती के पूर्वार्द्ध तक इतिहासकारों की अटकलबाजियाँ ही चलती रही।

इतिहासकारों ने अपनी बात सही बताने का प्रयास करते हुए, कतिपय नई समस्याएँ खड़ी कर दीं। विशेषकर विदेशी इतिहासकार भारतीय इतिहास की संस्कृति और विभिन्न भाषाओं से बहुत परिचित नहीं थे। जहाँ-जहाँ वे लोग गए, वहां के लोगों से जो कुछ सुना उसे लिखते चले गये।

उत्तर पश्चिम से जो इतिहासकार आए, उन्होंने भी लिखा; उन दिनों दिल्ली उच्च शिक्षा का बहुत बड़ा केन्द्र बन गया था। विदेशी आक्रांताओं के साथ बहुत से विद्वान तो आए ही साथ ही तकनीकी विशेषज्ञ भी आए। इन्हीं दिनों कागज भी आया।

13वीं शती में भारत में कागज का आगमन एक अभूतपूर्व घटना थी, इसके बाद यहां का श्रुत ज्ञान बड़े स्तर पर लिपिबद्ध किया गया। लिखने की परम्परा तो यहां बहुत पहले से चली आ रही थी, किन्तु उचित माध्यम नहीं होने के कारण लेखन की गति धीमी रही। राज्याज्ञाएं तो शिलापट्टों पर खुदवाई जाती थी, धार्मिक ग्रन्थ और सरकारी दस्तावेज आदि तालपत्रों और भुर्ज पत्रों पर लिखे जाते थे और कथा साहित्य तथा ऐतिहासिक घटनाओं से जुड़ी कहानियाँ श्रुत परम्परा में ही चलती रहीं।

अब कथा साहित्य का विशाल भण्डार भी लिपिबद्ध होने लगा। यह साहित्य भी जैन, बौद्ध और हिन्दू खेमों में बंटा हुआ था, आपस में आदान-प्रदान कम था और जो था वह भी सीमित। ये कहानियां भी एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते-पहुंचते परिवर्तित हो जाती थी। कागज के सर्वसुलभ होने पर 13वीं-14वीं शती से एक जबरदस्त बदलाव आया।

17वीं शती में अंग्रेज एवं यूरोपीय लोग आए। पहले तो वे लोग यहां के इतिहास को अच्छी तरह नहीं समझते थे किन्तु धीरे-धीरे उनकी जानकारी बढ़ी। वे लोग यात्रा विवरण आदि तो लिखते रहे किन्तु राजस्थान के इतिहास को समझने का प्रयत्न सर्वप्रथम कर्नल जेम्स टॉड ने ही किया। उसे राजस्थान की संस्कृति से प्रेम था, उसने यहां की बोलियों की जानकारी प्राप्त की और पंडितों के माध्यम से राजस्थान की साहित्यिक एवं ऐतिहासिक सामग्री का संकलन भी किया। भारत प्रेम के कारण वह अपने सरकार में लोकप्रिय नहीं रहा, साथ ही अत्यधिक परिश्रम के कारण उसका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता था, इस कारण से उसने नौकरी से अवकाश



प्रकाश भण्डारी

ले लिया और अपने देश जाकर दो खण्डों में 'एनाल्स एण्ड एन्टीक्वीटीज ऑफ राजस्थान' नामक विशद् ग्रन्थ तैयार किया। इसके बाद अंग्रेजी में राजस्थान पर जो कुछ लिखा गया, उसका आधार टॉड का राजस्थान ही है जो काफी कुछ प्रामाणिक है।

पद्मिनी की ऐतिहासिकता के लेखकों ने जनश्रुतियों, कथा साहित्य, उनमें छिपे इतिहास और लोक साहित्य को भी शामिल किया। नारायणदास की छिताई वार्त्ता बरसों से उपलब्ध थी। इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह पुस्तक 'बात' पर आधारित है और नारायण दास ने वात का ही शुद्ध रूप वार्त्ता दिया। जैनाचार्य कक्कसूरि की प्रसिद्ध कृति 'नाभिनंदन जिनोद्धार' भी लोगों की जानकारी में थी, जिसमें रत्नसेन का उल्लेख हुआ है। अमीर खुसरो ने चित्तौड़ युद्ध का वर्णन भी किया था, किन्तु इतिहासकारों ने उन्हें महत्त्व नहीं दिया। राजस्थान के प्रसिद्ध साहित्यकार भंवरलाल नाहटा ने अपनी पुस्तक 'पद्मिनी चरित्र चौपई' में गोरा बादल के कवित्त को संकलित किया। किन्तु रचना तिथि के अभाव में विद्वानों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। भाषा शास्त्र के आधार पर मुनि जिन विजयजी एवं भंवर लाल नाहटा ने इसे 14वीं शती की आरम्भ की रचना मानते है। राघव चेतन विषयक जानकारी भी थी किन्तु जैन साहित्य तक ही सीमित होने के कारण मुख्य धारा के इतिहासकारों ने इसे अनदेखा कर दिया। लोगों ने इन स्रोतों पर ध्यान न देकर, उनका विश्लेषण करते हुए प्रमाणित इतिहास के रूप में प्रस्तुत नहीं किया, इतिहासकारों ने इसका उपयोग ही नहीं किया, यही तो कहा जाएगा।

इस पुस्तक का यही उद्देश्य है कि हेतमदान कवि मल्ल की रचना गोरा बादल की गाथा में वर्णित पद्मिनी की ऐतिहासिकता को सिद्ध करें। कवि स्वयं कहता है- 'गढ़ डीली अलावदी, चित्रकोट गहलउत। पद्मणि कारिज साधीयउ, कहसूं तेह चरित्र''।

पुस्तक की विशेषता यह है कि यथासम्भव पद्मिनी से सम्बन्धित सभी ऐतिहासिक ग्रन्थों का उपयोग किया गया। कवि व विद्वान अमीर खुसरो जो अलाउद्दीन खलजी के सभासद थे साथ में भी थे और चित्तौड़ की लड़ाई में स्वयं उपस्थित थे, की रचना खजाइन-अल-फुतुह का भी अध्ययन और उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त अबुल फ़ज़ल (जो अकबर के इतिहासकार थे और आईन-ए-अकबरी और अकबरनामा के लेखक थे), तारीख-ए-फ़रिश्ता, कर्नल टॉड, वीर विनोद के लेखक श्यामल दास, म.म.गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, ए0सी0दत्त, प्रो0 कालिकारंजन कानूनगो, प्रो0 दशरथ शर्मा के उदाहरण दिये और उनके लेखन को परिशिष्ट में भी रखा। इसके अतिरिक्त सबसे प्रमुख उदाहरण दिया जो हेतमदान द्वारा रचित 'गोरा बादल कवित्त' से है। सम्भवत: इसका उपयोग पहली बार पद्मिनी के सम्बन्ध में हुआ। इसकी विशेषता यह है कि यह पद्मिनी के प्राय: कुछ ही दिनों बाद की रचना है। सम्बन्धित उदाहरण ऊपर आ चुका है-

**''गढ़ डीली अलावदी, चित्र कोट गहलउत।**
**पद्मणि कारिज साधीयउ, कहसूं तेह चरित्र।''। 7॥**

नारायण दास लिखित छिताई वार्ता में भी पद्मिनी का उल्लेख है यह ग्रंथ जायसी के पद्मावत से लगभग कई दशक पहले का है। जिससे स्पष्ट होता है कि पद्मिनी जायसी की कल्पना नहीं थी जैसा कई विद्वान गलत रूप से समझते हैं, इसका सम्बन्धित उदाहरण इस प्रकार है –

**''यौं बोलै ढिल्ली कौ धनी, मैं चीतौर सुनी पद्मिनी।**
**बांध्यौ रतनसैनि मैं जाइ, लै गो बादिलु ताहि छिड़ाइ॥ 32॥**
**जो अबके न छिताई लैउ, तौ निज सीसु देवगिरिहि दैउ।**
**इतनी बात कहै यौ साहि, क्या कीजै गढ़ देवगिरि ढाहि॥'' 322॥**

ऐसे बिन्दुओं पर जनश्रुति को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता विशेष रूप से राजस्थान जैसे क्षेत्र में जहाँ जनश्रुति की लम्बी और पुरानी परम्परा रही है। जनश्रुति की परम्परा ऐसे लोगों में थी जो कई बार इतने स्पष्ट वक्ता थे कि अपने स्वयं के राजाओं को भी कड़वी बात कहने में नहीं हिचकते थे। वे सब केवल चाटूकार ही नहीं थे, जैसा कुछ इतिहासकार मानते हैं।

इन सभी ग्रन्थों के आधार पर और कुछ विपरीत विचारधारा वाले साहित्य पर भी मनन कर लेखकों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि पद्मिनी एक ऐतिहासिक वास्तविकता है। इस सम्बन्ध में कोई संशय नहीं हो सकता। पुस्तक की एक विशेषता यह भी है कि सूफी कवि मलिक मुहम्मद जायसी की रचना पद्मावत के माध्यम से इस प्रेम एवं त्याग की कथा का जो चतुर्दिक प्रसार हुआ और विभिन्न भाषाओं में उसके अनुवाद हुए उनकी चर्चा भी इस पुस्तक में सम्मिलित की गई है। एक बार और, 18वीं शती से मुगल व राजपूत चित्र शैलियों में पद्मावत पर आधारित चित्र भी प्रकाशित किए गए ताकि पद्मिनी प्रसंग अपने में पूर्ण हो जाए।

**पुस्तक का नाम -**
**चित्तौड़ की महारानी पद्मिनी की ऐतिहासिकता लेखक -**
**डॉ. चन्द्रमणि सिंह, सुरेन्द्र बोथरा**
**प्रकाशक -**
**प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर एवं राजस्थान ग्रन्थागार, जोधपुर**
**- प्रकाश भण्डारी,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# अव्यवस्थित पार्किंग से आम जन व एम्बुलेंस चालक परेशान



**सुजानगढ़ के बगडिया अस्पताल में बेतरतीब खड़े वाहन।**

**सुजानगढ़,** (निसं)। राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। एक के बाद एक खडे चार पहिया वाहनों के चलते एम्बूलेंस आगे नहीं आ पाती है, जिसके चलते रैफर होने वाले मरीजों को परेशान होना पड रहा है। हुआ यूं कि शुक्रवार सुबह एक मरीज को ले जाने के लिए चिरंजीवी योजना के तहत आई 108 एम्बूलेंस अस्पताल आई, लेकिन अस्पताल परिसर में गैस एजेन्सी की गाडी, कैन से पानी की सप्लाई देने वाली गाडी एवं अन्य गाडिया खडी होने के चलते एम्बूलेंस को आगे बढने के लिए जगह नहीं मिली जिसके चलते चालक को एम्बूलेंस को मरीज से दूर खडा करने के लिए मजबूर होना पडा। बाद में मरीज के परिजनों ने उसे व्हील चेयर से एम्बूलेंस में पंहूचाया। उसके बाद एम्बूलेंस अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकी। इस दौरान एम्बूलेंस चालक ने पार्किंग में लगे हुए युवक को इस अव्यवस्था के लिए ओळमा भी दिया। अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर पहले भी शिकायत हुई है।

# गौवंश संरक्षण के नाम पर स्टाम्पों पर वसूल रहे अतिरिक्त कर

**चूरू,** (कासं)। गौवंश संरक्षण के नाम पर स्टाम्पों पर अतिरिक्त कर वसूल रहे हैं, इधर गोवंश सड़कों पर डोल रहा है। चूरू जिला मुख्यालय पर तो आवारा पशुओं के कारण सड़कों पर चलना बहुत ही मुश्किल काम हो गया है। यहां प्रशासन द्वारा कोई समाधान भी नहीं किया जा रहा है। जबकि यहां आवारा सांड कई लोगों की जान भी ले चुके हैं। घायलों की तो कोई गिनती ही नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार चूरू शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती तादाद से लोगों की परेशानी दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। लेकिन उनकी इस पीड़ा को ना तो कोई सुनने वाला है और ना ही इस समस्या का स्थाई समाधान करने वाला दिख रहा है। नेता या अधिकारी लोग मौका मिलने पर भाषण जरूर दे देते हैं। ज्यादा से ज्यादा मृतक के घर जाकर अथवा पत्र लिखकर संवेदना व्यक्त कर देते हैं। इससे अधिक कुछ नहीं कर रहे हैं। चूरू शहर के बुजुर्ग व्यक्तियों ने बताया कि आवारा सांडों की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। इसका स्थाई समाधान होना चाहिए। बुजुर्ग लोग तो सुबह-शाम टहलने में भी डरने लगे हैं। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय की सब्जी मंडी, पुराना बस स्टेण्ड, भरतिया कुवे के पास, रेलवे स्टेशन के पास, धर्म स्तूप के पास, पंखा सर्किल सहित विभिन्न स्थानों पर आवारा सांड़ कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

शहर की मुख्य सड़कों पर कभी भी आवारा सांडों को लड़ते हुए देखा जा सकता है। इस कारण से दुपहिया वाहन चालक भी काफी परेशान हैं। इससे यहां चूरू नगरपरिषद के साथ-साथ जिला प्रशासन की भी अनदेखी साफ दिखाई दे रही है। यहां किसी को भी आमजन की जान की कोई परवाह नहीं है। शहर के लोग दर्जनों बार नगरपरिषद व जिला प्रशासन से समस्या का समाधान करवाने के लिए गुहार लगा चुके हैं। कोई ध्यान ही नहीं दे रहा है।

राजस्थान सरकार द्वारा पिछले भाजपा शासन काल के समय से गोवंश संरक्षण के नाम पर स्टाम्पों पर अतिरिक्त कर वसूल किए जा रहे हैं लेकिन गौ संरक्षण के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं विभिन्न गोशालाएं आवारा व बुजुर्ग गोवंशों को संरक्षण के नाम पर सरकार से लाखों रुपये ले रही हैं। उसके बाद भी आवारा गोवंश आमजन के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। साथ ही गोवंश शहर की सड़कों पर पोलिथिन खाने को मजबूर हो रहे हैं।

# जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते चौरु में दो दिन से पेयजल व्यवस्था ठप

**उनियारा/चौरु,** (निसं)। जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों की घोर अनदेखी, लापरवाही, उदासीनता एवं ठेकेदार की मनमानी के चलते हुए चौरु कस्बें की पेयजल व्यवस्था 2 दिन से ठप पड़ी हुई है। इस कारण कस्बे वासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर बने हुए है।

इतना होने के बावजूद भी विभागीय अधिकारी तथा ठेकेदार समस्या का समाधान करने के बजाय मूकदर्शक बने हुए है। इससे पेयजल समस्याएं गंभीर रुप से जटिल बनी हुई हैं। जानकारी के अनुसार चौरू कस्बे में जलदाय विभाग द्वारा कस्बे की पेयजल व्यवस्था के लिए करीब सात माह से कस्बे के ही एक युवक चेतन बैरवा को पांच हजार रुपए प्रति माह के वेतन पर लगा रखा था। ताकि कस्बे की पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे और लोगों को समय पर पेयजल उपलब्ध हो सके। समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण चेतन बैरवा ने पेयजल व्यवस्था को बंद कर दिया है। इससे कस्बे वासियों के सामने विकट जल समस्याएं खड़ी हो गई हैं। कस्बे में दो दिन से पेयजल नहीं मिलने के कारण लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है एवं गर्मी की शुरुआत के साथ ही लोगों को पेयजल के लिए 2 दिन से दर-दर भटकना पड़ रहा है। वहीं पेयजल संकट के कारण महिलाओं को दिनभर तथा देर रात तक नलों से पानी आने का इंतजार रहता है।

इस संबंध में जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता हरकेश मीना का कहना है कि चेतन बैरवा का बकाया वेतन में से कुछ भुगतान मंगलवार को करवा देंगे और बाकी वेतन कब तक होगा बता देंगें? मैं पेयजल आपूर्ति की जानकारी लेता हूँ।



**पेयजल अव्यवस्था के कारण कस्बे वासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर बने हुए हैं।**

# परिधि जैन हत्याकांड में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बंद रहा कोटा शहर

## व्यापारियों ने स्वतः ही दुकानें बंद कर कोटा व्यापार महासंघ का पूर्ण समर्थन किया

**कोटा, (निसं)।** परिधि जैन की हत्या के अपराधी के अभी तक गिरफ्तार न होने को लेकर कोटा व्यापार महासंघ के आह्वान पर शुक्रवार को कोटा बंद ऐतिहासिक सफल रहा।

कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन एवं महासचिव अशोक माहेश्वरी ने बताया कि व्यापार महासंघ की टीमों द्वारा पूरे शहर के हर कोने में जाकर बंद का जायजा लिया गया। बंद में शहर के सभी प्राइवेट स्कूल पेट्रोल पंप भामाशाह मंडी ऑटोमोबाइल शोरूम भी बंद थे। यहां तक कि शहर में चाय पान तक की गुमटिया भी बंद थी। कोटा शहर ने परीधि हत्याकांड के अपराधी की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर पूरे कोटा को बंद करके अपना आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने बताया कि आज शहर में सर्वाधिक शादियों होने के बावजूद भी कोटा व्यापार महासंघ को कोटा बंद का निर्णय लेना पड़ा क्योंकि यह शहर के जन-जन की आवाज बन गई थी। जैन व माहेश्वरी



हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर व्यापार महासंघ के आव्हान पर कोटा बंद सफल रहा।

ने बताया कि शुक्रवार सुबह 9.00 बजे से ही व्यापार महासंघ की 150 संस्थाओं के पदाधिकारी, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं आमजन छावनी चौराहे पर एकत्रित होने लग गये थे यहां पर परिधि के हत्यारे को गिरफ्तार न किये जाने पर जोरदार प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गयी। उसके पश्चात छावनी चौराहे से सैकड़ों की तादाद में सभी वर्गो द्वारा मौन जुलूस के रूप में छावनी चौपाटी पर पहुंचकर वहां परिधि जैन के चित्र पर पुष्पांजलि एवं 2 मिनट का मौन रखकर उसे सामूहिक हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहां मौजूद सभी वर्गों ने एकमत होकर अपराधी को शीघ्र गिरफ्तार कर फांसी की सजा देने की मांग की, सभी ने इस जघन्य हत्या को कोटा शहर के लिए काला अध्याय बताया।

कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कोटा बंद को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए व्यापार महासंघ के सभी 150 व्यापारिक औद्योगिक संगठनों, समाजसेवी संस्थाओं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिथियो, प्राइवेट स्कूल एसो, ग्रेन मण्डी एसो, पेट्रोलियम डीलर्स एसो, कोटा मोटर व्हीकल डीलर्स एसोसिएशन का हार्दिक आभार व्यक्त किया है सभी वर्गों ने साबित कर दिया है कि इस मसले को लेकर सभी एकजुट है ऐसा घिनौना अपराध कोटा शहर को स्वीकार नहीं होगा।

# बालोतरा जिला नहीं बना तो जीवन भर जूते नहीं पहनूंगा : विधायक प्रजापत

## मांगों को लेकर पचपदरा विधायक ने अनूठा प्रण लिया है

**बालोतरा, (निसं)।** राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले के पचपदरा विधायक ने अनूठा प्रण लिया है। गत दिनों विधायक ने कहा कि उनकी मांगें नहीं मानी गयी, तो वे जीवनभर नंगे पांव रहेंगे, कभी जूते नहीं पहनेंगे। बाड़मेर जिले की पचपदरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक मदन प्रजापत ने जीवन भर नंगे पांव रहने की बात बालोतरा को जिला बनाने की मांग को लेकर कही।

जानकारी के अनुसार विधायक ने कहा कि 40 साल तक सब्र हो गया, अब और सब्र नहीं होता है। बालोतरा को जिला बनाया जाए। उन्होंने कहा कि उनको न तो कोई पद चाहिए और न ही अन्य कोई बडी मांग, उनकी सबसे बडी मांग ही बालोतरा को जिला बनाने की है। जिला नहीं बनाया तो अब प्रश्न नहीं उठाऊंगा और न ही जीवन में जूते पहनूंगा। यह मेरा प्रण है। बालोतरा को जिला बनाने की मांग करीब चार दशक पुरानी है। चुनाव के दौरान तमाम राजनीतिक दल और प्रत्याशी बालोतरा को जिला बनाने का वादा करते आये है, लेकिन आज तक ऐसा नही हो पाया। करीब 28 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले बाड़मेर



विधायक मदन प्रजापत

जिले में बालोतरा सबसे बड़ा ब्लॉक है। बालोतरा जिला मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर दूर है और यंहा के लोगों को हर छोटे बड़े कार्य के लिए इतना दूर आना पड़ता है, इसलिए यह मांग उठ रही है।

जिला कलैक्टर और पुलिस अधीक्षक को छोड़कर बालोतरा में बाकी सभी सरकारी कार्यालय है। बालोतरा में जिला परिवहन कार्यालय, एडीएम कार्यालय, इनकम टैक्स, सेल्स टैक्स और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी है। बाड़मेर का जिला सत्र

- **करीब 28 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले बाड़मेर जिले में बालोतरा सबसे बड़ा ब्लॉक है**

न्यायालय कार्यालय भी बालोतरा में है। विधायक ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री से पूरी उम्मीद है और वह भरोसा नहीं तोड़ेंगे। विधायक ने कहा कि पचपदरा में देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी स्थापित हो रही है। विकास में सबसे आगे नाम है। मुख्यमंत्री ने रिफाइनरी जैसा मेगा प्रोजक्ट पचपदरा को दिया है तो इसकी सुरक्षा और विकास के लिए अब बालोतरा को जिला भी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जनता की चालीस साल से मांग है कि बालोतरा को जिला बनाया जाए। विधायक मदन प्रजापत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 2022 के बजट में बालोतरा को जिला नहीं बनाया तो जीवन भर नंगे पैर रहने का प्रण लिया है।

# महाराणा प्रताप से अकबर की तुलना करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

**अजमेर, (कासं)।** पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने महाराणा प्रताप व अकबर के बीच हुई लड़ाई को सत्ता संघर्ष बताने संबंधी दिए गए बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डोटासरा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए अल्पसंख्यकों के वोट बटोरने के लिए शूरवीर महाराणा प्रताप की शौर्यता और बलिदान का अपमान कर रही है।

शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए देवनानी ने कहा कि डोटासरा का बयान उनकी कुंठित मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने कभी भी वीरों का सम्मान नहीं किया। वह केवल एक ही परिवार को आगे रखने के कारण भारत के सारे शूरवीरों का अपमान करती रही है और अब भी कर रही है। तुष्टिकरण के लालच में कांग्रेस ने हमेशा मातृभूमि के गौरव के संघर्ष को सत्ता का संघर्ष कहकर महाराणा प्रताप के स्वर्णिम

- **महाराणा प्रताप व अकबर के बीच हुई लड़ाई को सत्ता संघर्ष बताने पर देवनानी ने कांग्रेस के खिलाफ खोला मोर्चा**
- **कांग्रेस पर तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए शूरवीरों का अपमान करने का आरोप**

इतिहास को कलंकित करने का प्रयास किया है। कांग्रेस का यह कृत्य बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है।

देवनानी ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ी थी। अकबर की ना तो कभी भी महाराणा प्रताप से तुलना की जा सकती है और ही बराबरी की जा सकती है। महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व के आगे तो अकबर कुछ भी नहीं था। यही कारण है कि भाजपा शासनकाल में हमने विद्यार्थियों को यह पढ़ ाना और बताना शुरू किया कि अकबर महान नहीं था, बल्कि महाराणा प्रताप महान थे। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर व पराक्रमी महाराणा प्रताप का अपमान करना किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता है। कांग्रेस केवल अल्पसंख्यकों के वोट पाने और तुष्टिकरण की नीति पर चलने के कारण इस प्रकार महाराणा प्रताप का अपमान कर रही है। कांग्रेस और उससे जुड़े नेता यह भूल जाते हैं कि महात्मा गांधी ने गोलमेज सम्मेलन में महाराणा प्रताप की सराहना की थी। उन्होंने कहा कि यदि महाराणा प्रताप के अपमान की कीमत कांग्रेस को जरूर चुकानी पड़ेगी और अगले विधानसभा चुनाव में जनता उसे सत्ता से बाहर कर देगी।

## पन्द्रह बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

**चूरू, (कासं)।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार ई एपिक डाउनलोड नहीं करवाने वाले विभिन्न बूथ लेवल अधिकारियों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम चूरू द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। एसडीएम राहुल सैनी ने

- **ई-एपिक डाउनलोड नहीं करवाने पर दिया नोटिस**

बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के दौरान नव-पंजीकृत किए गए ऐसे मतदाता, जिनके द्वारा यूनिक मोबाईल नम्बर दिये गये थे, उनके ई-एपिक निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार बीएलओ के माध्यम से डाउनलोड करवाये जाने हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चूरू में जिन बीएलओ द्वारा एक भी मतदाता का ई-एपिक डाउनलोड नहीं करवाने वाले बीएलओ भाग संख्या 8, 35, 63, 66, 95, 96, 97, 148, 149, 150, 154, 155, 205, 212, 217 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

# रीट का डाटा सार्वजनिक करने की मांग

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ ने शुक्रवार को रीट भर्ती 2021का डेटा सार्वजनिक करवाने और पूर्व अध्यक्ष डीपी जारोली को गिरफ्तार करवाने तथा रीट की जांच सीबीआई से करवाने की मांग को लेकर माध्यमिक शिक्षा शिक्षा बोर्ड के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन करके बोर्ड सचिव को रीट लेवल प्रथम और द्वितीय का डाटा सार्वजनिक करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव मेघना चौधरी ने वार्ता में प्रतिनिधि मंडल को बताया की रीट भर्ती लेवल प्रथम द्वितीय का डाटा सार्वजनिक करने के संबंध में राज्य सरकार से अनुमति बोर्ड के द्वारा मांगी जाएगी जैसे ही अनुमति मिलेगी रीट भर्ती का डाटा सार्वजनिक कर देंगे।

वहीं आरपीएससी के बाहर वरिष्ठ अध्यापक भर्ती 2016 की पिकअप लिस्ट जारी करवाने तथा कृषि स्कूल व्याख्याता 2018 की सूची जारी करवाने के साथ नई फर्स्ट ग्रेड सेकंड ग्रेड भर्ती की विज्ञप्ति तथा कैलेंडर जारी करवाने की मांग को लेकर आज सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद



अजेमर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बाहर बेरोजगार एकीकृत महासंघ ने प्रदर्शन किया।

- **बेरोजगार महासंघ ने बोर्ड व आयोग के बाहर प्रदर्शन किया**

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आरपीएससी अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय एवं सचिव हजारीलाल अटल से मुलाकात करके बेरोजगारों की विभिन्न भर्तियों की मांगों करने के साथ-साथ रीट भर्ती की परीक्षा तिथि को मध्यनजर रखते हुए नई फर्स्ट ग्रेड, सेकंड ग्रेड भर्ती की परीक्षा तिथि की घोषणा करने की मांग की।

सचिव ने वार्ता में आश्वासन दिया की रीट भर्ती की परीक्षा तिथि को मध्यनजर रखते हुए ही नई फर्स्ट ग्रेड, सेकंड ग्रेड भर्ती की परीक्षा तिथियों की घोषणा की जाएगी और नई फर्स्ट ग्रेड और सेकंड ग्रेड की विज्ञप्ति मार्च महीने में जारी करने के साथ अगले वीक में कृषि व्याख्याता के कुछ पदों पर सूची जारी की जाएगी जिनमें कानूनी अड़चन नहीं है और कुछ पदों के मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द न्यायालय से करवाकर सूची जारी करेंगे।

यादव ने बताया कि आरएएस भर्ती 2021 मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थीयो को अतिरिक्त समय देने के संबंध में अध्यक्ष संजय श्रोत्रीय ने कहा कि अब कैलेंडर के साथ प्रवेश पत्र भी जारी हो चुके है और आयोग के स्तर पर अब कुछ नहीं हो सकता और यदि राज्य सरकार आरएएस भर्ती परीक्षा तिथि बढ़ाने को लेकर कोई फैसला लेती है तो हम सरकार के आदेशों की पालना करेंगे।

# 10 लाख की फिरौती मांगने के मामले में सोनू सूटर गिरफ्तार

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना सदर पुलिस ने ग्राम गणेश्वर में पूर्व सरपंच को जान से मारने धमकी देकर 10 लाख की फिरौती मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं।

थानाधिकारी कस्तूर वर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम के अथक प्रयास व सूचना एकत्र कर आरोपी सैन्या उर्फ सोनू सूटर पुत्र घीसाराम निवासी ढाणी घाटीतला मण्डाणा खेतडी झुन्झुनू को किया गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस फरार अभियुक्तों की कस्बा, पाटन, बहरोड, नारनौल, महेन्द्रगढ़, खेतड़ी, सिंघाना, मेहाड़ा, सीहोड़ अजीतगढ़ में तलाश कर लगातार पीछाकर सम्पर्क सूत्रों से आरोपी

- **आरोपी ने लिफाफा थमाकर पूर्व सरपंच को जान से मारने की दी थी धमकी**

सैन्या उर्फ सोनू शूटर को राजु की गुंवार पहाडियों से दस्तयाब किया गया।

**ये था मामला:-** परिवादी घासीराम निवासी गणेश्वर ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि ग्राम पंचायत गणेश्वर का पूर्व सरपंच है वर्तमान में पत्नी सरपंच है। परिवार का कारोबार नरेश जनरल स्टोर गणेश्वर मे स्थित है। 6 फरवरी की शाम को तीन व्यक्ति मोटरसाईकिल पर आये व दुकान में एक बंद लिफाफा दिया जिसको खोलकर देखा तो उसमे लिखा था की 10 लाख रूपये की फिरौती दे देना वरना आपको 15 दिन में दूसरी फिल्म दिखायी जायेगी।

20 फरवरी को लास्ट फाईनल अंतिम तारीख दी है। इसमें टीम जय महाकाल महेश कसाणा, टीम जे.पी. ग्रुप पपला गुर्जर, महाकाल खेतडी, सोनू सूटर खेतडी, निक्की उर्फ बच्चिया खेतडी जिससे मेरा परिवार भयभीत है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जिस पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



नीमकाथाना सदर थाना पुलिस की गिरफ्त में फिरौती का आरोपी।

# संग्रहण व मूल्यांकन केन्द्रों का 21 तक होगा निर्धारण

**बीकानेर, (निसं)।** प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय द्वारा आठवीं बोर्ड की परीक्षा का तैयारी पंचाग तो जारी कर दिया गया है लेकिन परीक्षा तिथियां घोषित नही की गई हैं। सभी डाइट प्राचार्य, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को इस परीक्षा तैयारी पंचाग के अनुसार अपनी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

पंचांग के अनुसार राज्य की सभी डाइट्स को 21 फरवरी तक संग्रहण एवं मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण और मैपिंग के साथ-साथ उनके अधीनस्थ क्षेत्र से आठवीं बोर्ड परीक्षा के ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्रों की जांच करनी होगी। फरवरी के अंतिम सप्ताह तक नोडल एजेंसी की देखरेख में प्रश्न पत्रों का निर्माण, मॉडरेशन तथा उत्तर पुस्तिकाओं का छपाई का कार्य किया जाएगा। सभी डाइट्स द्वारा परीक्षकों का पैनल तैयार कर उसका अनुमोदन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से मार्च के पहले सप्ताह तक किया जाएगा। मार्च के दूसरे सप्ताह तक सभी संग्रहण केंद्रों पर परीक्षा से संबंधित सामग्री पहुंचा दी जाएगी।

हालांकि आठवीं बोर्ड परीक्षाओं की तिथियां पंचांग में घोषित नहीं की गई हैं लेकिन जिस तरह से तैयारियां किए जाने के निर्देश दिए गए है उससे ऐसी संभावना है कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं के साथ ही आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित कराई जा सकती हैं।

सभी डाइट्स को प्रश्न पत्रों का वितरण परीक्षा की तिथियां घोषित होने से पांच दिन पहले पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर द्वारा किया जाएगा। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन संबंधित विषय की परीक्षा समाप्ति के बाद 7 दिनों में कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# आवारा सांड के हमले से घायल महिला की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** एक ओर जहां कस्बा राजगढ़ में दो-दो गौशालाएं संचालित हैं तथा सरकार द्वारा गौवंशों की परवरिश के लिए गौशालाओं को लाखों रुपये का अनुदान दिया जा रहा है, वहीं नगरपालिका क्षेत्र राजगढ़ में गौवंशों के झुण्ड के झुण्ड शहर में विचरण कर रहे है। इसका खामियाजा आमजन एवं शहरी लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

इसी कड़ी में गुरुवार शाम को कस्बा राजगढ़ की लोको कॉलोनी निवासी एक दलित परिवार को भी आवारा सांड के हमले के कारण महिला की मौत हो गई। मोहता कॉलेज के पीछे निवासरत महिला बनारसी देवी को सांड के हमले में घायल होने के बाद उसे तत्काल उनके परिजन घायलावस्था में कस्बे के श्रीनाथजी अस्पताल में उपचार हेतु लेकर पहुंचे मगर तब तक महिला ने दम तोड़ दिया। गौरतलब है कि कस्बे में कानों में टेग लगे बहुत सारे गौवंश शहर में दिनभर विचरण करते रहते हैं। पूर्व में भी आवारा सांडों की लड़ाई में कई लोगों के गम्भीर चोटिल होने की घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें कस्बा राजगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम डोकवे वाला भी आवारा सांडों के हमले की चपेट में आकर गम्भीर घायल हो गए थे।

इस प्रकार की आवारा सांडों की लड़ाई के चलते गंभीर घटनाएं घटने के

- **कस्बा राजगढ़ में आवारा सांडों के हमले में लोगों के चोटिल होने की अनेक घटनाएं घट चुकी हैं**

बावजूद भी स्थानीय प्रशासन इन आवारा गौवंशों को कस्बे में संचालित गौशालाओं में भिजवानें की कार्यवाही से पहरेज करता नजर आ रहा हैं, जिसका खामियाजा शहर वासियों को भुगतना पड़ रहा है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में कई वर्ष पूर्व तत्कालीन चूरु जिला कलेक्टर द्वारा नगरपालिका और नगर परिषदों में आवारा विचरण करने वाले गौवंशो को गौशाला में भेजने के आदेश कर चुके हैं, तथा उस समय नगरपालिका राजगढ़ के सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह-सुबह नियमित रूप में शहर में विचरण करने वाले आवारा गौवंशो को गौशालाओ में डालने का कार्य किया जाता था, मगर अब उक्त आदेश इस प्रकार की घटनाएं घटित होने के चलते सिर्फ कागजी कार्यवाही बनते नजर आ रहे हैं।

## बीकानेर जिले में फरवरी में अब तक एक हजार कोविड पॉजिटिव

**बीकानेर, (निसं)।** जिले में कोरोना रोगियों की संख्या में शुक्रवार को फिर बढ़ोतरी हो गई। शहर में इन दिनों चल रहे वेडिंग सीजन के बीच कोरोना गाइडलाइन की पालना नहीं हो रही।

ऐसे में फिर से इस रोग के भयावह होने का खतरा मंडरा रहा है। गुरुवार को जहां दिनभर में महज 27 पॉजिटिव केस मिले थे, वहीं शनिवार सुबह की रिपोर्ट में ही बीस केस मिल चुके हैं। शाम तक ये संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल बीकानेर में एक्टिव केस काफी तेज गति से बढ़ रहे हैं। शुक्रवार तक बीकानेर में एक्टिव केस घटकर महज 261 रह गए हैं, जबकि एक वक्त ये संख्या दो हजार से भी पार थी। अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या भी सत्तर से ऊपर पहुंच गई थी, जो अब घटकर महज 17 रह गई है। इनमें भी ज्यादा सीरियस रोगी अब नहीं है। ऑक्सीजन की जरूरत वाले रोगियों की संख्या अब बहुत कम है।

हेल्थ डिपार्टमेंट के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी ने कहा है कि जनवरी और फरवरी 22 में आठ हजार 43 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इतना ही नहीं बीकानेर में अकेले फरवरी के 17 दिनों में 12 मरीजों की मौत हो चुकी है। वहीं जनवरी में 21 की मौत हुई। अब तक इस साल में 33 मौतें हो चुकी हैं।

# कोटपूतली में क्रशर ज़ोन से निकलने वाली डस्ट से ग्रामीण तिल-तिल कर मरने को मजबूर

## नारेहड़ा में सड़कों पर उड़ते धूल के गुबार से आमजन बेहद परेशान

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा से चोटिया तक अवैध ओवरलोड वाहनों के कारण (सड़कें बुरी तरह) क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। साथ ही इलाके में वैध-अवैध खनन की गतिविधि जोरों पर है। और खनन के कारण दिनभर धूल का गुबार बना रहता है जिससे आवाजाही में तो भारी दिक्कतें हैं ही, साथ ही अब यह लोगों की सांसें फुला रहा है।

परिणामस्वरुप यहां के लोग एलर्जी, खांसी, दमा, सिलिकॉसिस जैसी घातक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं, यदि कभी कोटपूतली से नीमकाथाना तक का सफर करने का मौका मिले तो इस स्टेट हाईवे की बदहाली देख कर आप सन्न रह जायेंगे। हालात यहां तक होते हैं कि जब इस स्टेट हाईवे पर अवैध ओवरलोड वाहनों की रेलम-पेल होती है, तब धूल के गुबार में दिन में भी रात जैसा माहौल हो जाता है। वाहन चालकों को अपने आगे चल रहा वाहन तक नजर नहीं आता और जाहिर है कि आये दिन यहाँ दुपहिया व चौपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं।



नीमकाथाना मार्ग पर ग्राम नारेहड़ा के समीप स्टेट हाईवे पर वाहनों के पीछे उड़ता धुल का गुब्बार।

क्रशर ज़ोन (खनन क्षेत्र) के आस-पास वाले इलाकों में यदि खेती की बात की जाये तो फसलों पर धूल की सफेदी छाई रहती है, जिसके चलते फसलें भी यहां पनप नहीं पातीं। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र की इस गंभीर समस्या से यहां का प्रशासन अनजान है। प्रशासन भी खुली आंखों से इस नजारे को देखता है। क्रशर ज़ोन में बैठे खनन माफिया कि ऊंची रसूख व जिम्मेदार एवं सफेद पोश नेताओं की कथित गठजोड़ के आगे प्रशासन विवश नज़र आता है।

ग्रामीण वेदप्रकाश सिंह, महेश सिंह, सुनील शर्मा, देवेंद्र सिंह, रवि जोशी, राधेश्याम सैनी, बलबीर सैन, प्रताप सिंह, विक्रम सिंह, सुनील सैन, जयराम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सुरेश शर्मा आदि ने बताया कि, पिछले दिनों रात्रि के समय कुछ ड्राइवरों ने क्रशरों से निकलने वाली गीली डस्ट सड़कों पर डाल दी थीं, जिसको लेकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध भी किया था।

मौके पर तहसीलदार ने शीघ्र

- **प्रशासन और जिम्मेदार लोग इस स्थिति के प्रति आंखें मूंदे मौन बैठे हैं।**

सड़क निर्माण, तथा जब तक सड़क निर्माण नहीं होता, तब तक पानी का छिड़काव करवाये जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन कुछ दिनों तक ही पानी का छिडकाव किया गया उसके बाद बंद हो गया। मिट्टी-धूल उड़ने से व्यापारियों का धंधा भी चौपट होने लगा है। उक्त सड़क निर्माण को लेकर पिछले दिनों क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने अनावरण पट्टीका का लोकार्पण किया था। लेकिन सड़क निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। जिसको लेकर व्यापारियों व ग्रामीणों ने सड़क निर्माण पूर्ण होने तक पानी का नियमित छिड़काव किये जाने व समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

# राज्य में 10 लाख पट्टे बांटने के लिए "नियमन की कट ऑफ डेट" 2018 तक करने की तैयारी शुरू

## फिलहाल 17 जून 1999 से पहले बसी हुई कॉलोनियों को ही पट्टे बांटे जा रहे हैं, भू-राजस्व अधिनियम में संसोधन करके इस तारीख को दिसंबर-2018 करना चाहती है राज्य सरकार



यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने सलाहकार जी.एस.संधू, प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा, स्वायत्त शासन सचिव जोगाराम, आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा और जेडीए आयुक्त गौरव गोयल की बैठक ली।

**जयपुर** (कासं)। राज्य में 10 लाख पट्टे देने की तैयारी में जुटी गहलोत सरकार अब कॉलोनियों के नियमन की कट ऑफ डेट दिसंबर-2018 तक करने की तैयारी में जुटी है। अभी तक 17 जून 1999 से पूर्व की बसी हुई कॉलोनियों के पट्टे ही प्रशासन शहरों के संग अभियान में बांटे जा रहे है। अब नियमन की तारीख में छूट देने के लिए भू-राजस्व अधिनियम में बदलाव किया जाएगा।

■ **यूडीएच मंत्री ने दुबारा नियमन शिविर शुरू करने और पट्टा वितरण में आ रही अड़चनों पर चर्चा की**

इस संबंध में शुक्रवार को मंत्री शांति धारीवाल ने सलाहकार जी.एस.संधू की मौजूदगी में नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग के अफसरों और जेडीए आयुक्त गौरव गोयल और आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की बैठक लेकर चर्चा की है।

बैठक में अधिकारियों का तर्क था कि सरकार ने 17 जून, 1999 से पहले बसी कॉलोनियों में 70:30 के अनुपात में कॉलोनियों के नियमन की छूट दी है, जबकि इसके बाद की हजारों कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां सुविधा क्षेत्र 60:40 के अनुपात में नहीं होने की वजह से नियमन अटका हुआ है। ऐसे में अगर कट ऑफ डेट को बढ़ाकर दिसंबर-2018 किया जाता है तो सैकड़ों कॉलोनियों के हजारों भूखंडधारियों को नियमन का तोहफा मिलेगा। साथ ही भूखंडधारी को पट्टा लेने के लिए भी राशि भी कम देनी पड़ेगी। चर्चा के बाद यूडीएच मंत्री ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सूत्रों की मानें तो बैठक में नियमन शिविरों को भी जल्द ही पुनः शुरू करने पर चर्चा हुई, हालांकि अबकी बार कैंप लगने से पहले सरकार उन कमियों को दूर करेगी, जिनकी वजह से पट्टा देने में अड़चन आ रही है। ज्ञात रहे कि बीते करीब साढ़े 4 महीनों में अब तक महज 2 लाख पट्टे जारी हो पाए हैं, जो कि तय लक्ष्य 10 लाख से बहुत कम है। इसी वजह से सरकार छूट का दायरा लगातार बढ़ा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पट्टे मिल सकें।

## हाऊसिंग बोर्ड अपनी कॉलोनियों का नियमन करके पट्टे बांटेगा?

**जयपुर** (कासं)। हाऊसिंग बोर्ड भी अपनी अवाप्तशुदा जमीनों पर बसी हुई अवैध कॉलोनियों का नियमन करेगा। इसके लिए एक्ट में संशोधन करने की तैयारी है।

सूत्रों की मानें तो यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने जयपुर में पट्टा वितरण कम होने परअफसरों से सवाल पूछे और उनके सुझाव जानें। जिस पर हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने कहा कि "जब जमीन हमारी है, अवाप्ति का पैसा हमने दिया तो फिर पट्टा वितरण का काम हाऊसिंग बोर्ड के बजाय जेडीए प्रशासन क्यों करें?"

अरोड़ा ने कहा कि हाऊसिंग बोर्ड की अवाप्तशुदा जमीनों पर जो कॉलोनियां बसी हुई हैं, उनमें पट्टे बांटने के लिए जेडीए प्रशासन हमसे एनओसी मांगता है। जबकि पट्टा हाऊसिंग बोर्ड भी बांट सकता है। जब जमीन अवाप्ति करके पैसा हाऊसिंग बोर्ड ने चुकाया है तो फिर जेडीए प्रशासन का इसमें क्या रोल है। पूर्व में आवासन मंडल के पास अतिक्रमण हटाने को ना तो कोई अलग से प्रवर्तन विंग थी

■ **कमिश्नर पवन अरोड़ा ने यूडीएच मंत्री की बैठक में कहा " जब जमीन हमारी, अवाप्ति का पैसा हमने दिया तो फिर पट्टा हाऊसिंग बोर्ड के बजाय जेडीए क्यों बांटे?"**

और न ही कोई एक्ट, लेकिन अगर हमें भी जेडीए की तरह पट्टा वितरण की पावर मिले तो 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान को सफल बनाने में काफी मदद मिलेगी।

अकेले जयपुर में ही करीब 81 कॉलोनियां ऐसी है, जो हाऊसिंग बोर्ड की जमीनों पर बसी हुई है। ऐसे में अगर विभाग को पट्टा वितरण का अधिकार मिलता है तो पूरे प्रदेश में यह काम हो सकेगा। अरोड़ा की इस बात पर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने भी सहमति जताई और एक्ट में आवश्यक संसोधन करने के लिए कहा।

# नाबालिग से अश्लील हरकतें करने वाले दो मनचले पकड़े

## निर्भया टीम ने सेंट्रल पार्क में आरोपियों को गिरफ्तार किया



अशोक नगर इलाके में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले दो मनचलों को निर्भया टीम ने जेल भिजवाया।

**जयपुर** (कासं)। अशोक नगर इलाके में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले दो मनचलों को निर्भया टीम ने जेल भिजवाया है। एडिशनल कमिश्नर हैदर अली जैदी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीणा ने बताया कि निर्भया टीम सुनीता व ममता असामाजिक तत्वों की निगरानी रखते हुए सेंट्रल पार्क पहुंची। वहां पर झाड़ियों के पीछे दो लड़के एक नाबालिग लड़की से अश्लील हरकतें कर रहे थे। निर्भया टीम ने अपना परिचय देते हुए सार्वजनिक पार्क में ऐसी हरकत करने के लिए मना किया तो दोनों बदतमीजी करने लगे तथा बोलने लगे की हमने ऐसी पुलिस देखी नहीं, निर्भया टीम पर तरह-तरह के आरोप लगाने लगे। टीम ने जरिए कंट्रोल रूम संपर्क कर पुलिस थाना अशोक नगर की चेतक बुलाई। चेतक आईसी करतार सिंह ने भी समझाइश करने की कोशिश की लेकिन चेतक आई सी से भी बदतमीजी करने लगे, इसके बाद चेतक आईसी की मदद से आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित (20) पुत्र डालूराम महावर जेडीए कॉलोनी बस्सी जयपुर और यतीराम मीणा (24) पुत्र रामफूल श्यामपुरा तहसील बस्सी का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि निर्भया टीम की तरफ से मनचलों पर कार्रवाई को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 'आरपीएससी ने कुछ छात्रों को दिए 400 में से 400 अंक, अभ्यर्थियों में रोष छाया'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से 18 से 26 फरवरी 2021 के बीच सहायक वन संरक्षक एवं वन रेंजर परीक्षा आयोजित की गई। इसका परिणाम 9 दिसम्बर 2021 को जारी किया गया, पर छात्रों के अंक जारी नहीं किए गए। वहीं कुछ छात्रों के 400 में से 400 अंक दे दिये। इस पर अभ्यर्थियों में रोष है।

एडवोकेट अभिनव शर्मा ने बताया कि कुछ छात्रों जिनके अंक अपनी श्रेणी की घोषित कटऑफ से ज्यादा थे उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया से वंचित किया गया जिसके विरुद्ध उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और मनमाने तरीके से अंक घटाने बढ़ाने का आरोप लगाया। परिणाम जारी करने के दो महीने से भी ज्यादा समय बाद ने 15 फरवरी 2022 को अंक तालिका जारी की तो खुलासा हुआ कि आयोग ने बिना बताए स्केलिंग के नाम पर परिणाम से छेड़छाड़ कर कई छात्रों के 70-80 नम्बरों का इजाफा कर 200 नम्बर के दोनों ऑप्शनल विषयों में पूरे में से पूरे कुल 400 अंक दे दिए, वहीं अन्य विषयों वाले छात्रों के 60-70 नम्बर तक घटा दिए गए। जबकि साढ़े तीन साल से भी ज्यादा समय से निकली हुई भर्ती में आयोग ने कभी भी स्केलिंग अपनाने की कोई जानकारी छात्रों को किसी भी माध्यम से नहीं दी व अचानक इस प्रक्रिया को अपनाकर परीक्षा के करीब 10 महीने बाद परिणाम जारी किया गया। जबकि एक बार भर्ती प्रक्रिया आरम्भ होने के बाद अभ्यर्थियों को संसूचित नियमों

■ **सहायक वन संरक्षक एवं वन रेंजर परीक्षा का मामला**

में बदलाव नहीं किया जा सकता। एडवोकेट अभिनव शर्मा ने बताया कि पूर्व में इस प्रकरण में छात्र पूर्व में ही भर्ती प्रक्रिया में घोटाले का आरोप लगाकर उच्च न्यायालय में याचिका लगा चुके हैं और सीबीआई जाँच की माँग के लिए भी न्यायालय में गुहार लगा रहे हैं। याचिका में कहा कि भर्ती प्रक्रिया के तहत सामान्य अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान के अनिवार्य प्रश्न पत्रों के साथ ही विज्ञान संकाय के 20 प्रश्न पत्रों में से दो वैकल्पिक प्रश्न पत्रों का चुनाव करना था। सभी प्रश्न वैकल्पित पद्धति के थे। गौरतलब है कि वन विभाग की इस भर्ती का विज्ञापन अप्रैल 2018 में निकाला गया था, तब से यह परीक्षा कई बार स्थगित की गई व छात्रों को विषय परिवर्तन के पर्याप्त मौके दिए गए थे पर फिर भी परीक्षा की घोषित तिथि से एक महीने से भी कम समय पहले पुनः वैकल्पिक विषय परिवर्तन करने का अवसर आयोग द्वारा खोल दिया गया। जबकि एक महीने में विज्ञान संकाय के किसी भी वैकल्पिक विषय की तैयारी नहीं की जा सकती है। ऐसे संदेहास्पद निर्णय, फिर परिणाम में देरी, और बिना छात्रों को पूर्वसूचना दिए स्केलिंग अपनाना आयोग पर गम्भीर सवाल खड़े करता है।

# हिट एंड रन : तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को कुचला, 100 मीटर तक घसीटा

## चित्रकूट क्षेत्र में गुरूवार शाम हुआ हादसा, बुजुर्ग की अस्पताल में मौत

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के चित्रकूट इलाके में हिट एंड रन का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। गुरुवार देर शाम एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने राह चलते बुजुर्ग को पहले टक्कर मारी। फिर बुजुर्ग को करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बुजुर्ग को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

वैशाली नगर एसीपी आलोक सैनी ने बताया कि घटना गुरुवार शाम को 6:25 की है। चित्रकूट स्टेडियम के पास एक तेज रफ्तार सफेद ऑल्टो कार ने लहराते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। ऑल्टो चालक बचने और मौके से भागने की कोशिश में कार को बैक में दौड़ा लिया। इसी दौरान

■ **हादसे के 24 घंटे बाद भी चालक का पता नहीं लगा पाई पुलिस, घटना सीसीटीवी मैं कैद**

■ **प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 13 साल का नाबालिग दौड़ा रहा था ऑल्टो कार, बाइक को भी मारी थी टक्कर**

सड़क पर चल रहे बुजुर्ग राजेश गुप्ता चपेट में आ गए। बुजुर्ग के कार के नीचे आने के बाद भी चालक नहीं रुका। करीब 100 मीटर तक बुजुर्ग को घसीटता हुआ ले गया। उसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार कार को चलाने वाला 13 साल का नाबालिग था। हादसे की सूचना के बाद चित्रकूट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त किया। वहीं, पूरी घटना एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में तेज रफ्तार कार बुजुर्ग को घसीट कर ले जाती हुई दिखाई दे रही है।

दर्दनाक हादसे के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक कार चालक का पता नहीं लगा पाई है। थानाधिकारी रामकिशन विश्नोई ने बताया कि मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस कर रही है। वहीं दुर्घटना थाना इंचार्ज रघुवीर सिंह ने बताया कि मामले की एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

# पाक जासूस किशनगढ़ से गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले अजमेर के किशनगढ़ क्षेत्र में रहने वाले मोहम्मद यूनूस इंटेलीजेंस टीम ने पकड़ा है। पिछले काफी दिनों से इंटेलीजेंस टीम उस पर नजर रखे हुए थी। निगरानी के दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध मिली तो उसे पकड़कर संयुक्त पूछताछ केन्द्र जयपुर पर केन्द्रीय आसूचना ब्यूरो समेत अन्य एजेंसियों की टीमों ने पूछताछ की। इस पर मालूम चला कि आरोपी मोहम्मद यूनूस मूलतः देशवाली मोहल्ला, पुराना बाजार किशनगढ़ (अजमेर) का रहने वाला है। वह किशनगढ़ के सरकारी अस्पताल में पार्किंग स्टैंड पर काम करता है। आरोपी यूनूस पिछले लंबे समय से पाकिस्तानी एजेंसियों के संपर्क में था। वह पाक हैंडलिंग अफसरों को भारतीय मोबाइल नंबर से वाट्सअप संचालन के लिए फर्जी सिम जारी करवाकर वाट्सअप ओटीपी और नसीराबाद स्थित आर्मी कैंप की संवेदनशील गोपनीय सूचनाएं वाट्सअप पर मैसेज, वाइस और वीडियोकॉल के जरिये देता था। इसके बदले में उसे पाकिस्तान की तरफ से धनराशि मिलती थी। इंटेलीजेंस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके फोन को कब्ज कर लिया है, अब उससे पूछताछ की जा रही है।

# एसएमएस अस्पताल में 6 साल के बच्चे की जन्मजात विकृति "टोसिंग बिंग" का सफल ऑपरेशन किया

## डॉक्टरों का कहना है कि इस प्रकार की सर्जरी विश्व में पहली बार हुई है




**जयपुर**, (कासं)। सवाई मानसिंह आयुर्विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय के कार्डियो-थोरेसिक विभाग में टोसिंग बिंग नामक जन्मजात विकृति का छह साल के बच्चे की छाती की बिना हड्डी काटे बांयी ओर छोटा चीरा लगाकर सफल ऑपरेशन किया है। यह सर्जरी अपने आप में विश्व की पहली सर्जरी है। इसका मेडिकल जर्नल्स में अभी तक उल्लेख नहीं है।

■ **छाती की हड्डी बिना काटे बांयी ओर छोटा चीरा लगाकर सर्जरी की**

विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि एसएमएस अस्पताल में जन्मजात विकृति टोसिंग बिंग यानि दिल में छेद से पीड़ित छह साल का बच्चा इलाज के लिए आया। टोसिंग बिंग के कारण शुद्ध व अशुद्ध रक्त ह्रदय में मिलने लगते है। इसके फलस्वरूप बच्चे को साँस फूलने, नीला पड़ने जैसी शिकायत होती है। इस तरह के बच्चों का समय पर ऑपरेशन न किया जाये तो बच्चे का ह्रदय धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। डॉ. शर्मा ने बताया कि सामान्यत: ओपन हार्ट सर्जरी छाती की हड्डी को काट के की जाती है। किन्तु एसएमएस अस्पताल में उनकी टीम ने छह साल के बच्चे की छाती की बिना हड्डी काटे बांयी ओर छोटा चीरा लगाकर सफल ऑपरेशन किया है। उन्होंने बताया कि बिना छाती की हड्डी काटे छोटे चीरे से सर्जरी वयस्कों में तो कई केन्द्रों पर हो रही है, लेकिन नवजात शिशुओं और बच्चों में यह केवल एसएमएस मेडिकल कॉलज में ही की जा रही है। अभी तक लगभग 1000 से अधिक वयस्कों और 50 बच्चों के इस तरह के विभिन्न ऑपरेशन किये जा चुके हैं। इनमे ह्रदय के वाल्व बदलना, मिक्सोमा नामक दिल के कैंसर, दिल के छेद तथा विभिन्न जनजात दिल की विकृतियां मुख्य हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस सर्जरी के कई फायदे हैं। यह सर्जरी पारम्परिक उपकरणों से की जा सकती है। इसके लिए बहुत अधिक खर्च व विशिष्ट उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती। इसके बेहतर कॉस्मेटिक परिणाम हैं। सर्जरी के दौरान कम खून की आवश्यकता होती है, साथ ही छाती की हड्डी काटने से होने वाले इन्फेक्शन का कोई खतरा नहीं होता।

# पब्जी गेम खेलने को मोबाइल नहीं दिलाया तो छात्र ने फांसी लगाई

**जयपुर** (कासं)। सोडाला इलाके में उस समय हड़कंप मच गया, जब 12वीं क्लास के छात्र ने पब्जी खेलने के लिए मोबाइल नहीं दिलाने पर नाराज होकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया।

थानाधिकारी सतपाल सिंह ने बताया कि थाना इलाके के सीताराम कॉलोनी में रहने वाले आदित्य कुमार (18) पुत्र विजय सिंह ने साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक के पिता विजय सिंह राम करीब 2 बजे उठे तो आदित्य के कमरे की लाइट जली देखी और फिर कमरे में झांक कर देखा तो आदित्य फंदे पर लटका दिखाई दिया। उसके बाद परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर आदित्य को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे आदित्य को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया, जहां परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतक आदित्य का 13 फरवरी को बर्थडे था, जिसने बर्थडे पर अपने परिजनों से मोबाइल मांगा था। परिजनों ने 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद मोबाइल दिलाने का वादा किया। बर्थडे पर मोबाइल नहीं मिलने के बाद से ही आदित्य गुमसुम रहने लगा था। जिसके बाद बीती रात को खाना खाकर आदित्य अपने रूम में सोने के लिए चला गया था। देर रात आदित्य ने अपने रूम मे माँ की साडी से फांसी का फंदा बनाया और पंखे पर झूल गया। मृतक आदित्य पढने में होशियार था। आदित्य अपने दादा के मोबाइल से ऑनलाइन क्लास लेता था और उसके बाद घंटों पब्जी गेम खेलता था। पब्जी खेलने पर परिवार के सदस्य आदित्य को आए दिन टोकते थे।

# पंजाब नेशनल बैंक में डकैती की योजना बनाते 5 बदमाश दबोचे

## मध्यप्रदेश के भिंड-मुरैना से जयपुर आये थे बदमाश

**जयपुर** (कासं)। पंजाब नेशनल बैंक में डकैती की योजना बना रहे 5 बदमाशों को जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने दबोचा है।

मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश के भिंड-मुरैना से जयपुर आये यह बदमाश जालूपुरा इलाके में बैठकर बैंक डकैती की योजना रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 3 पिस्टल और 12 कारतूस बरामद



जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम और जालूपुरा पुलिस ने बैंक डकैती की योजना बना रहे 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ **वनस्थली मार्ग स्थित बैंक को लूटने की 3 महीने से योजना बना रहे थे बदमाश, 3 पिस्टल और 12 कारतूस बरामद**

किये है। पुलिस अब पूछताछ में जुटी है कि उन्होंने बैंक की रैकी कब की और इससे पहले कहां-कहां पर कितनी वारदातें कर चुके है।

डीसीपी क्राइम नारायण टोगस ने बताया कि सीएसटी टीम ने जालूपुरा इलाके में पंजाब नेशनल बैंक में डकैती का षड्यंत्र रच रहे अजय तोमर, नीरज सिकरवार, संदीप सिंह, नितिन जादौन और नीरज सिंह तोमर को गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी मध्यप्रदेश के भिंड-मुरैना और ग्वालियर के रहने वाले है।

पूछताछ में सामने आया कि सभी आरोपित मध्य प्रदेश से प्राइवेट बस से आकर जयपुर शहर स्थित वनस्थली मार्ग में बड़ी वारदात पंजाब नेशनल बैंक में डकैती डालने की फिराक में थे। इस डकैती की योजना पिछले दो-तीन माह से चल रही थी। पकडे गए आरोपित अच्छे सम्पन्न घरों से हैं सिर्फ मौज मस्ती एवं अय्याशी के लिये ही बैंक डकैती की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपित अजय व नीरज जयपुर शहर में पुलिस थाना करधनी में पूर्व में भी गिरफ्तार हो चुके है। इसके अलावा आरोपियों से हुई प्रारंभिक पूछताछ में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि बदमाशों ने राजधानी जयपुर में कुछ अन्य बदमाशों को हथियार भी सप्लाई किए हैं, जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही पुलिस रिकॉर्ड में सभी बदमाशों के खिलाफ राजस्थान और मध्य प्रदेश में कई थानों में आपराधिक मामले भी पाए गए हैं।

# कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन आज

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश स्तरीय अधिवेशन 19 फरवरी को जयपुर के स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी अजय माकन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं सह प्रभारी सचिव तरूण कुमार सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, विधायक/विधायक प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्ष, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष, बोर्ड/निगम के अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्ष, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष/संयोजक, डिजिटल सदस्यता अभियान के कोर्डिनेटर व को-कोर्डिनेटर तथा सोशल मीडिया के प्रदेश कोर्डिनेटर शामिल होंगे। अधिवेशन में दो सत्र आयोजित होंगे। अधिवेशन में प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करने के साथ ही राजस्थान सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों एवं केन्द्र सरकार की विफलताओं पर उद्बोधन दिया जायेगा। यहां प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालने के साथ ही डिजिटल सदस्यता अभियान से जुड़े तकनीकी पहलू की जानकारी स्लाईड शो के माध्यम से प्रदान की जायेगी। अधिवेशन में सरकार के आगामी बजट हेतु प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित सुझाव प्रदान किये जाने के साथ सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा होगी।

## सार-समाचार

### वार्ड 51 को मिली सड़क की सौगात




**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम के वार्ड 51 की गजानंद विहार और दीप विहार कॉलोनी में निर्मित सड़कों का शुक्रवार को लोकार्पण किया गया। समारोह में पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, उपमहापौर पुनीत कर्णावत, चेयरमैन सुखप्रीत बंसल, पार्षद मदन शर्मा, निशांत सुरोलिया, गणेश चौधरी, प्रवीण यादव, सुरेश रैगर, राम रतन जाट, विकास कुमार, अर्चना शर्मा और बीजेपी के कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद थे। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्षद एवं विद्युत समिति की चेयरमैन सुखप्रीत बंसल को उनके जन्मदिन भी बधाई दी और केक कटवाया। बंसल ने कॉलोनीवासियों के साथ स्थानीय हनुमानजी मंदिर और काली माता मंदिर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

### बुजुर्ग दंपत्ति को पड़ौसी ने पीटा


**जयपुर** (कासं)। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में पडौसी द्वारा बुजुर्ग दंपत्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। इस मारपीट में दोनों बुजुर्गों को गंभीर चोटें आईं हैं। यहां तक कि उनके सिर के बाल तक उखड़ गए। इस संबंध में 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्रमिला देवी ने थाने में मामला दर्ज कराया है। प्रमिला देवी ने पुलिस को बताया कि वे आमागढ़ के नजदीक वैष्णो देवी मंदिर के पास अपने पति मिथिला शरण (63) के साथ रहती है। दो दिन पहले मिथला शरण अपने घर के नजदीक ही मंदिर में पूजा-पाठ करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान पडौसी की गाय उनके घर के बाहर बंधी थी। उसने मिथला शरण के कमर के नीचे सींग मार दिए। इससे गंभीर घाव हो गया। कुछ देर के बाद पत्नी प्रमिला देवी मौके पर पहुंची। शिकायत करने लगी तो पडौसी उनके घर में घुस आया और उसने बुजुर्ग दंपती पर हमला बोल दिया। डंडे से बुरी तरह पीटा। बुजुर्ग महिला को बाल पकड़कर घसीटा। जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

### सूखे पेड़ पर चढ़ी मंदबुद्धि युवती

**जयपुर** । विद्याधर नगर में शुक्रवार सुबह सूखे पेड़ पर युवती के चढ़ने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास किया। पेड़ सूखा होने से टहनियां टूटने खतरा बना हुआ था। युवती के नीचे गिरने के अंदेशे के चलते मौके पर सिविल डिफेंस टीम को बुलाया गया। मौके पर पहुंची सिविल डिफेंस की टीम के सदस्यों ने रस्सों और क्रेन की सहायता से पेड़ पर चढ़ी युवती को सुरक्षित नीचे उतारा।

### डॉ. सुधीर भंडारी कुलपति नियुक्त

**जयपुर** । राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने शुक्रवार को आदेश जारी कर सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जयपुर के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुधीर भण्डारी को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। मिश्र ने डॉ. भण्डारी को कार्यभार संभालने की तिथि से पांच वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है।



## Pluto Day

If you're like us, you grew up with a solar system that had nine planets in it. Then one day they suddenly decided that designating Pluto as a planet was just wrong, and our most distant friend in the solar system suddenly was told he wasn't good enough for the planet club anymore, and would forever be considered a 'dwarf planet'. Pluto Day celebrates the discovery of Pluto in 1930, when it was designated as a planet, and that's how it should have stayed!



And here I am, hating what meets me in the hospital. Two helpings of chai, some customary rounds in the wards, some more chats with the nursing staff, a couple of echocardiograms and it's time to go back. Thank fully tomorrow is 26th January. It's a holiday. I am still cuddling into the all-seeing, all-forgiving razai. Razai which not banish cold, it simply dissolves it. Once ensconced in it, warmth takes the very places that the cold had seeped into and the world becomes a womb where one loses oneself. Where one's body ends and where warmth begins is difficult to discern. It's late in the morning and stirring up all my courage, I step out on the icy cold floor. The winter reclaims my bones with unbelievable speed.

# I Am At Least Around!





Dr Rajeev Bagarhatta
*Cardiologist*

## #WAYS OF THE LORD

Carrying my breakfast in a hamper and clutching a copy of Reader's Digest, I rush towards the II class compartment of the Ajmer bound train. The announcements of the departures and arrivals of the trains are interrupted by the noisy tinkles on the public address system at the platform. Meandering my way through the hold-alls strewn across the platform, unmindful of the routine shouts of "chai Wala chai" blurted out with an overbearing nasal twang, and 'seeing my own breath' in the chilly morning, I climb the steps of the compartment. Its dark inside as the sun is still a few minutes away and the cheap raxine berths are bone-chilling. I put my hamper and try to warm myself up by walking down the aisle.

### Travel Diaries

There are labourers cramming the compartment traveling to nearby suburbs. Most of them can afford just an extra vest along with full-sleeved shirts to scare away the cool winds of January. A few lucky ones don sweaters with most lurid colours and most improbable patterns. Shrouded in thick blankets, some of them seat themselves near my hamper. The compartment is soon filled with smoke from the bidis which they consume so heavily. I have got used to these people by now.

So have they. They have been watching me each morning boarding from Jaipur for my daily travel to Ajmer. After returning from my interventional cardiology fellowship in Melbourne, I had joined as Assistant Professor at SMS Medical College, Jaipur only to be transferred to Ajmer a couple of years later. Unable to reconcile to my new posting and to shift there, I have found this Bombay bound train to be a convenient means to drop me at Ajmer before the hospital starts at 9:00 am. The train soon chugs out from the Jaipur platform number 1, layered slippery by the overnight dew. As the train speeds up I watch a group of sweepers cuddling around a bonfire lit along an unused railway track. Shivering in the biting cold a street dog approaches the group wagging itself ingratiatingly.

The leggings and the warmer which I am wearing as also the muffler around my neck are rendered ineffective by the cruel icy winds channelling through the crevices of the window panes. The thoughts of worthlessness once again start troubling me. This is what I had learnt my invasive cardiology and angioplasty for in Australia. Just to travel daily to a city which doesn't have any facility for these procedures, while my time there and return in the afternoon by the Intercity express. The ward rounds, the treatments of the patients in Ajmer medical college hold no interest for me as I see my worth going waste in prescribing a couple of medicines even to those patients who have no hope of getting better with them.

I have learnt the art of treating heart patients by the most effective and latest interventional cardiology procedures which places me in the elite group of young cardiologists in the country. But now I feel my expertise is going unused. The days have passed by as also have the weeks and the months.

I try to find solace from inspirational stories and quotes in Reader's Digest. There are real time stories of teachers, doctors and business entrepreneurs who have moved to uncharted lands and tasted success. Is it time for me to do the same? Should I leave the job and plunge into private practice? Should I? Should I not?

I look outside the foggy window as the train slows down. A temple atop a hill appears at the last stretch of my view. Jobner arrives. The fields are verdant green covered with a cloak of yellow mustard waving in the early morning shades of golden shine. The temperatures appear to be lower than in Jaipur. The labourers disgorge from the



train and spread out in the vast swathes of lands stretching beyond the lonely railway station of the small town.

I realise a young foreign couple has arrived on the seat across mine. They seem to be talking in an alien language which I am at a loss to understand. Shoving their cumbersome rucksacks under the berths, they drown themselves in their travel books, which I gather are in English.

Opening up slowly, it turns out that they have come from Netherlands and are on their way to Bhuj in Gujarat.

"Why Bhuj," I ask them.

"See I am a college student with special interest in fine arts. We did some research before coming to India and realised that Bhuj is a great centre of historical craftsmanship," the tall boy says. It occurs to me that both of them are just donning thin wind-cheaters and simple half sleeves sweaters and yet are reasonably at ease in this cold morning.

As the train takes a turn round a bend, the first wedge of sun rays make a fleeting effort to illumine the coupe. It won't be long.

A slew of peddlers make a beeline inside the train. People go for newspaper copies and start devouring them.

"Cha!" the foreign lady calls for the vendor passing by with a cheap aluminium kettle, blackened by soot and grime.

"This is the only word I have learnt in the last two days I have been in India," she says as her eyes sparkle in the fresh morning sun.

I also order for one for me and settle down with my salted parantha with sweetened tea.

"No thanks," the boy says as I offer them the parantha.

"So you are a doctor, a cardiologist? Do you do procedures too? In our country they have started saving lives by way of miraculous operations done within minutes," the couple is now engaged in intent conversation.

I heave a sigh of disappointment. Alas! my thoughts travel back to Melbourne, to Epworth hospital, to the shouts of the residents in the Cath lab there, to Ron Dick, the Director of Cardiology and to the late night calls I used to get on the weekends.

### Epworth Hospital, Melbourne, 1996

The intensive training and the trying schedules had been so much different from the laid back life of Ajmer where I am afraid I may be soon out of touch with modern cardiology. The days are a continuously long drudgery of travelling to a primitive heart care centre in Ajmer, which does not have an angiography lab. How long is this going to continue? I don't know.

"So the authorities don't realise that you could be more useful in Jaipur," the boy contends.

"They could care less," I conclude.



The greens outside have given way to parched fields and miles and miles of dry arid land sweeps by as the train gathers speed.

The sleek figure bends across the boy as she tries to figure out a sudden gush of activity at the far end of the coupe. A wisp of hair escapes the tight tassels profiling her beautiful face.

Soon the noise turns into a disorderly music. A small boy and a girl, probably his sister, come up the aisle singing "Sukh ke sab saathi, dookh me na koi" Most of the people ignore them but I get carried away by the range and modulation of their singing. To add to the tone, the girl is also carrying a dholak which she conveniently places over her lap and pitches in with the beats of the song. The song peaks at "raja Ho ya runk sabhi ka aant ek sa hoi…"

Though it's a daily routine, I always get moved by these lines. The futility of our ambitions and wish-list immediately stare at me.

A few of the travellers take out a rupee or two to give to the singing duo, but most are nonchalant. In a last ditch effort, the girl performs an amazing acrobatic act by wriggling out of a small metallic ring and is at her begging spree soon after. Her roll on the filthy aisle can't further soil her already blackened skirt. A weak smile through her chafed lips lay bare her stained teeth.

The two odd hours seem to have swept by as the train rolls into the city of the Khawaja. Thrown back into the stark reality of the lethargic routine of department of cardiology at the local medical college, I walk grudgingly towards the hospital. The excited and the expectant spirits of the foreign couple contrast with my damp and down moods.

They would be reaching their destination by the evening and then indulge themselves in the revelry of artistry laid across the land of Kutch. It was their dream come true- having travelled from far off Netherlands to another far off Rann of Kutch just to delve into what they like best- arts and artists.

And here I am, hating what meets me in the hospital. Two helpings of chai, some customary rounds in the wards, some more chats with the nursing staff, a couple of echocardiograms and it's time to go back.

Thank fully tomorrow is 26th January. It's a holiday.

I am still cuddling into the all-seeing, all-forgiving razai. Razai which not banish cold, it simply dissolves it. Once ensconced in it, warmth takes the very places that the cold had seeped into and the world becomes a womb where one loses oneself. Where one's body ends and where warmth begins is difficult to discern. It's late in the morning and stirring up all my courage, I step out on the icy cold floor. The winter reclaims my bones with unbelievable speed.

Suddenly, the bed starts shaking,



the fans start trembling, and chairs jitter. Before my sleepy mind is jolted into alert mode, everything settles down. The room gets quiet.

### The Quirk of Fate

Two hours later. The TV channels are through with their commentaries of the Republic Day Parade. What had started as a subtitle running across the TV screens is now the news of the new year. A massive earthquake has hit the nation with its epicentre in Gujarat. Soon the gut wrenching pictures of the cataclysmic event are aired on the screens. The rubble of high rise buildings, the heaps of cement and bricks, the ghostly silence of the towns and the occasional movement of a few lucky ones who escaped the fury of nature are pictures which will stick with my memories years after the event.

And then a special correspondent takes over from the ground zero. "This is Vishal from Bhuj…." where once a market, a park, a society building, a school or a hospital. All these places have been levelled and so has been the life in Bhuj.

I am shaken up by this quirk of fate by which God has designed to bring a doting couple from thousands of miles away to a remote corner of India just to meet their end. I am speechless.

I thank Him to let me and my family live peacefully even though I have to go to Ajmer each morning, even though I see my years slip away with no addition to my practice of cardiology, even though I am not able to practice angioplasty in Ajmer, even though there is a fear of being left out.

I am at least around.

I am around to enjoy the winter sunshine on the luxuriant greens at the Central Park, to hear the Sound of Music from the restless birds hopping amongst the huge trees lining the silent walkways, to relish the whack of the cricket bat when I steer the ball to an effortless square cut and to enjoy the soulful "maai ri, main ka se kahu peer apne jiya ki" by Lata.

"Sometimes blessings come wrapped in ugly wrapping paper," I ponder.

writetoarbit@rashtradoot.com



I am shaken up by this quirk of fate by which God has designed to bring a doting couple from thousands of miles away to a remote corner of India just to meet their end. I am speechless. I thank Him to let me and my family live peacefully even though I have to go to Ajmer each morning, even though I see my years slip away with no addition to my practice of cardiology, even though I am not able to practice angioplasty in Ajmer, even though there is a fear of being left out. I am at least around.



## #NUTRITION

### Starting Your Day

Drink cumin seeds water first thing in the morning. This promotes healthy digestion, keeps bloating at bay, and aids in weight loss.

Spices and herbs not only add flavour to dishes, they also come loaded with innumerable health benefits. From aiding weight loss to keeping digestive issues at bay, many kitchen condiments can help maintain overall health. So instead of taking supplements and medicines, why not make use of these wonderful kitchen spices to stay healthy?



If you like the idea of doing so, we've got you a super simple remedy that will prove to be extremely beneficial.

*There are multiple benefits of cumin seeds water.*

- Low in calories
- Aids digestion
- Increases metabolism
- Detoxifies the body
- Offers anti-inflammatory benefits
- Builds immunity

*Here's how you can prepare it*

**Ingredients**

- Few cumin seeds
- Water

**Method:** In a cup, add water and soak the seeds.

***How to have?***
Filter the water and add hot water to the seeds.

***How it helps?***
After being soaked for that long, cumin seeds swell up and release bioactive compounds into the water.

Cumin in your diet
You can also choose simply to consume cumin in your diet. Chili powder, cumin seeds, and ground cumin all contain the antioxidant and metabolism-boosting capabilities of cumin. Seasoning rice, lentils, and roasted vegetables with cumin is a delicious way to experience its benefits.



## #EVENT

Back to the Pink City in a unique hybrid avatar, the 15th edition of the Jaipur Literature Festival is all set to take place between March 5 to March 14 this year. The on-ground edition of the festival, scheduled from March 10 to March 14, will be held at Jaipur's first 5-star hotel, Clarks Amer.



Advaita

# Jaipur Cultural Extravaganza @ JLF



Mooralala Marwada



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

In addition to being a literary treat, the Jaipur Literature Festival (JLF) is also well known for the music, dance and cultural extravaganza it unfolds each year. Keeping the tradition alive, there will be a power-packed line up of performers with a diverse group of artistes from all over the Indian subcontinent for the 15th edition of JLF. What's noteworthy is that after many years, both the literary sessions as well as the popular evening musical programme, Jaipur Music Stage, will be held at the same venue – Hotel Clarks Amer.

Here are the highlights of JLF's cultural offerings this year:

### Musical Mornings

During the on-ground edition of the festival, from March 10 to March 14, the programme for each day will begin with the calming strains of Morning Music. On the first day of the on-ground festival, the stage will be graced by Ujwal Nagar, a promising Hindustani Classical vocalist from Delhi. The following day will showcase Aastha Goswami, an Indian classical singer and composer adept at singing in 17 different Indian languages. The Aahvaan Project will perform on the third day of the Festival, presenting the philosophy of love, humanity and kindness and creating a space for harmony with their unique ability of storytelling through music.

The fourth day of the Festival will see a breathtaking performance by Hindustani Classical vocalist from the Dagar Gharana, Sombala Kumar. On the concluding day, academic and musician Priya Kanungo will serenade audiences with Indian Classical music, bringing out mindfulness to celebrate the essence of India's diverse musical heritage.

**Jaipur Music Stage Schedule**

| | |
|---|---|
| Anirudh Varma Collective (10th March 2022, 7:30- 8:30 pm) | Kutle Khan Project (11th March 2022, 8:45-9:45 pm) |
| Advaita (10th March 2022, 8:45-9:45 pm) | Ali Saffudin (12th March 2022, 7:30-8:15 pm) |
| Mooralala Marwada (11th March 2022, 7:30-8:30 pm) | Ankur & The Ghalat Family (12th March 2022, 8:45-9:45 pm) |

### Jaipur Music Stage

Scheduled from March 10 – March 12, the Jaipur Music Stage will be held parallel to the 15th edition of the JLF. It will feature experienced musicians such as Anirudh Varma collective, a contemporary Indian classical ensemble led by New Delhi based pianist, composer and producer, Anirudh Varma; Advaita, a leading Indian fusion band; Mooralala Marwada, a Sufi folk singer hailing from Janana village of Kutch district in Gujarat.

Also adding to the stellar performances will be Kutle Khan Project, a unique collective of Rajasthani folk musicians; Ali Saffudin, a gifted singer-songwriter from Srinagar, Kashmir and Ankur & The Ghalat Family, a Hindi rock project led by singer-songwriter Ankur Tewari.

### Heritage Evening

Apart from musical mornings and Jaipur Music Stage performances, a mesmerizing Heritage Evening will also be organized on March 13 at Ganesh Pol, Amer Fort. The special event will feature Kalapini Komkali, a well-trained and widely recognised classical vocalist of the younger generation, and daughter and disciple of the legendary Pandit Kumar Gandharva.




Kutle Khan



Ali Saffudin

In addition, the majestic evening at Amer Fort will feature a soul-stirring performance by leading dancer and choreographer in the Indian Classical dance form of Kathak, Aditi Mangaldas, a former student of the master of Kathak Natya – the late Pandit Birju Maharaj.


Ending the evening on a spectacular note, a fashion show will be presented by the students of ARCH School of Design, Jaipur.



"Teamwork Arts is delighted to be back in the city of Jaipur with the 15th Jaipur Literature Festival to be hosted at the iconic Clarks Amer. We look forward to welcoming book lovers and enthusiasts to relish an enhanced experience amidst the manicured lawns, acres of greenery and open spaces with uninterrupted sharing of knowledge and ideas."


**Sanjoy K Roy,**
Managing Director, Teamwork Arts

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# फीस बढ़ोतरी के विरोध में कृषि छात्रों का आमरण व क्रमिक अनशन जारी

## चौबीस दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन में जसवीर सिंह का आमरण अनशन तीसरे दिन जारी रहा




छात्रों ने विरोध स्वरूप बाहों पर काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में पिछले चौबीस दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन में जसवीर सिंह का आमरण अनशन तीसरे दिन जारी रहा। उसकी तबियत थोड़ी नाजुक रही व शुक्रवार को क्रमिक अनशन पर अंकित कुमार, भागचंद, हनुमान यादव रहे।

छात्रों ने कलेक्टर के द्वारा राज्यपाल, मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने विरोध स्वरूप बाहों पर काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया और कुलपति सचिवालय पर डॉ रक्षपाल सिंह लापता के पोस्टर चस्पा किये। वे लगभग पिछले 21 दिन से घर से बाहर नहीं निकले और अब पुलिस की दो गाड़ियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में आये। छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन मामले को सुलझाने के बजाय अपने असंवैधानिक कामों को छुपाने के लिए उलझा रहा है और हमें गुमराह कर रहा है। सात छात्रों को बिना किसी जांच के सीधा निलम्बित किया है जो भयंकर बौखलाहट प्रदर्शित कर रहा है।

छात्रों ने राज्यपाल को ज्ञापन देकर अतिरिक्त कुलपति लगाने की मांग की। उन्होंने कहा जब दो अतिरिक्त कुलसचिव लगा सकते हैं तो सरकार को अतिरिक्त कुलपति भी लगाना चाहिए। क्योंकि डॉ रक्षपाल सिंह मामले को सुलझाने के बजाय उलझा रहे हैं। उन्हें कोई प्रशासनिक अनुभव नहीं है व डॉ रक्षपाल राज्यपाल बी. एल. जोशी द्वारा निलम्बित किये गए हैं।

छात्रों ने अधिष्ठाता आई. पी. सिंह से ज़मीर जिंदा करके अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर इस्तीफा देने की मांग की। छात्रों ने कहा जिस बोम में फीस बढ़ाई वो बोम ही असंवैधानिक है। सदस्यों की योग्यता पूर्ण नहीं है।

इस सम्पूर्ण प्रकरण की जांच होनी चाहिए। छात्रों ने कहा डॉ रक्षपाल सिंह ने मनमानी करने के लिए विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है। छात्रों ने कहा कि मांगों की पूर्ति होने तक आमरण अनशन व धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

छात्रों ने कहा डॉ रक्षपाल सिंह निर्दोष सात छात्रों को निलम्बित करके तुगलकी फरमान जारी करवा रहे हैं और धरना स्थल पर प्रोफेसरों को भेजकर गाली गलौज करके धमका रहे हैं जो बेहद शर्मनाक करतूत है।

# पुलिस व सहयोगी कार्मिकों को सम्मानित किया



सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में सहयोग प्रदान करने वाले सम्मानित पुलिस अधिकारी, सहयोगी कार्मिक आईजी, डीआईजी व एसपी के साथ।

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 12 से 18 फरवरी तक सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा अजमेर के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केंद्र संख्या-1 के ग्राउंड पर आयोजित किए गए थे, शुक्रवार को समापन के अवसर पर रेंज आईजी रूपिंदर सिंह, एसपी विकास शर्मा ने पुलिस अधिकारी और सहयोगी कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर उनकी हौंसला अफजाई की।

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 12 से 18 फरवरी तक सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा अजमेर के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रप केंद्र संख्या-1 ग्राउंड पर हुए। जिसके अंतर्गत अजमेर रेंज की इस शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बनाए गए बोर्ड में अजमेर रेंज आईजी रुपिंदर सिंह, डीआईजी समीर कुमार सिंह और एसपी विकास शर्मा के नेतृत्व में शारीरिक दक्षता परीक्षा सम्मपन हुई। परीक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस कार्मिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस बोर्ड द्वारा उनका सम्मान कर आभार जताया गया।

इस अवसर पर सीआरपीएफ के ग्राउंड पर सभी पुलिस अधिकारी और सहयोगी कर्मचारियों को आईजी रूपिंदर सिंह, डीआईजी सिंह, एसपी विकास शर्मा ने प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। आईजी रुपिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से मिले टाइमटेबल के मुताबिक पहले दिन 250 अभ्यार्थियों की लिस्ट मिली थी, जिसमें 200 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे हैं। इस तरह से दूसरे दिन 300, फिर 350 सौ और 450 अभ्यथिर्यों की सूची मुख्यालय से प्राप्त हुई, लेकिन अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 80 प्रतिशत के आसपास रहा।

# छेड़छाड़ के मामले में नौ साल बाद मिली आरोपी को दो साल की सजा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (महिला उत्पीडन प्रकरण) ने शुक्रवार को नौ साल पुराने छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को 2 साल की सजा और 6 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी पर एक महिला से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का आरोप लगाया था। न्यायालय ने दुष्कर्म के मामले में आरोपित को दोषमुक्त करते हुये छेड़छाड़ के आरोप में सजा सुनाई है।

- **नौ साल पुराने छेड़छाड़ के मामले में छह हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया**

विशिष्ठ लोक अभियोजक संजू बापना ने बताया कि एक महिला ने शक्करगढ़ थाने में 28 मार्च 2013 को रिपोर्ट दी कि 26 मार्च को शाम 4 से 5 बजे के बीच रामदेव दरोगा के खेत पर मजदूरी करने गई थी। वह, कुएं पर बैठी थी, तभी अचानक उरणा निवासी भोजराज उर्फ भोजा दरोगा आया और आते ही उसे पकड़ कर घसीटते हुये 50 फीट तक ले गया। वह चिल्लाई तो आवाज सुनकर भंवर लाल आया, उसे देखकर भोजराज अपनी बाइक लेकर रवाना हो गया। बचाव के दौरान महिला के शरीर पर खंरौंच भी आई। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ही 29 मार्च को पीड़िता ने एक और रिपोर्ट पेश की कि 29 मार्च को आरोपित ने उसे सरसों के खेत में ले जाकर डराया-धमकाया और दुष्कर्म किया। इसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। महिला ने यह भी बताया कि पूर्व में लिखवाई रिपोर्ट में उसने यह बात नहीं बताई। इस पर पुलिस ने छेड़छाड़ के मुकदमे में दुष्कर्म की धारा और जोड़ते हुये नये सिरे से जांच की। पुलिस ने आरोपित भोजराज को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट पेश की।

सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने आरोपित भोजराज उर्फ भोजा को छेड़छाड़ का दोषी मानते हुये 2 साल की सजा और 6 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुये भोजा को दुष्कर्म के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाह और 30 दस्तावेज पेश कर आरोपित भोजा पर लगे आरोप सिद्ध किये गए है।

# फांसी लगाकर शराबी ने आत्महत्या की

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर तारानगर सड़क मार्ग पर स्थित रोही में मानसिक बीमार शराबी व्यक्ति ने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। राजगढ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि बुधराम बिंजारा निवासी राजगढ ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पिता सरदारा राम उर्फ सतपाल मानसिक रूप से बीमार थे। इस कारण वह शराब पीने का आदी हो गया था।

पिछले 2-3 दिन से वह घर पर नहीं आये थे लेकिन शुक्रवार शाम को करीबन 5 बजे उन्हे जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचे तथा देखा तो मौके पर पुलिस खड़ी थी। उसके पिता ने तारानगर पुलिया के पास राजगढ खाली प्लॉट में शीशम के पेड़ पर चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# मांडलगढ़ दौरे पर आए कोटा रेल प्रबंधक से यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग



मांगों को लेकर रेलवे प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

**मांडलगढ़,** (निसं)। कोटा-चित्तौड़गढ़-उदयपुर के मध्य नई यात्री रेल चलाने ओर इस मार्ग पर संचालित यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर शुक्रवार को कोटा रेल प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। रेल प्रबंधक द्वारा तवज्जो नहीं देने और सांसद की अनदेखी पर आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और कहा कि मांडलगढ़ में ट्रेनों का ठहराव नहीं किया गया तो रेल प्रशासन को अवगत करा कर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

गौरतलब हैं कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जनप्रीतिनिधि और आमजन दो वर्षों से उक्त माँग करते आ रहे हैं। लेकिन रेलवे अधिकारियों ओर न ही सांसद ने इस ओर पर्याप्त ध्यान दिया। शुक्रवार को मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन निरीक्षण पर आए कोटा रेलवे मण्डल प्रबंधक पंकज शर्मा को पँचायत समिति प्रधान सतीश जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष ज़फ़र टाँक के नेतृत्व में आमजन ने मांडलगढ़ स्टेशन पर मेवाड़ एक्सप्रेस, जयपुर-नागपुर, अज़मेर -हैदराबाद सहित अन्य यात्री ट्रेन का ठहराव की माँग को लेकर ज्ञापन दिया। इस दौरान रेलवे प्रबंधक ने कोई खास तवज्जो नहीं दी तो लोग आक्रोशित होकर भड़क उठे और भीलवाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ज़फ़र टांक ने बताया कि मांडलगढ़ में यात्री ट्रेनों का ठहराव नहीं किया गया तो साँसद का पुतला फूंक कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पंचायत समिति प्रधान सतीश जोशी ने बताया कि राजस्थान में सर्वाधिक मतों से भीलवाड़ा जिले की जनता ने बहेड़िया को सांसद चुना है। अब आमजन की समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे। कई बार चिट्टियां लिखी गई हैं, लेकिन पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री सीपी जोशी द्वारा मांडलगढ़ में मेवाड़ एक्सप्रेस का ठहराव कराया उसे के साथ अन्य ट्रेनों के ठहराव को सांसद बहेड़िया ने बन्द करा दिया। इसके लिए आगे रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। कोटा-चित्तौड़गढ़ रेल मार्ग पर मांडलगढ़ में सबसे बड़ा स्टेशन स्थापित है। यहां गत दिनों रेलवे कंटेनर डिपो की स्थापना की गई है जिससे रेलवे को करोड़ों की आय होने लगी हैं।

# भाटी का धरना 38वें दिन भी जारी रहा



बीकानेर के सरह नथानियान गोचर भूमि में धरना स्थल पर गौकथा में महिलाएं पहुंची।

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी द्वारा राज्य सरकार के द्वारा गोचर, ओरण के कब्जाधारियों को पट्टे जारी करने के निर्णय के खिलाफ बेमियादी धरना 38 वें दिन भी जारी रहा। आज धरना स्थल पर गीतासार व गौ कथा का वाचन बालसंत छैल बिहारी ने किया। गोचर आन्दोलन को समर्थन देने के लिए गांव ढाणी से लोग चल कर आ रहे हैं।

वहीं गोचर दीवार निर्माण के लिए भामाशाहों द्वारा दिल खोल कर सहयोग किया जा रहा है । आज गौ प्रेमियों द्वारा 9600 रूपये की राशि गुप्तदान भेंट की गई। वहीं विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने 51 हजार रुपए की राशि पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी को भेंट की। धरना स्थल पर दानदाताओं, गौ भक्तों का देवकिशन चांडक, युवा नेता अंशुमान सिंह भाटी ने स्वागत किया।

गोचर धाम में चल रही गौ कथा में आज मुख्य यजमान का दायित्व आरती सुखसिंह बीदावत मण्डाल, दम्पति ने निभाया। आज कथा में बालसंत बिहारी ने कहा गौ कथा एवं गीतासार का वाचन कर गौ भक्तों को भाव विभोर कर दिया। बालसंत ने गीता के संस्कृत श्लोकों का वाचन कर उनका हिन्दी अनुवाद बतलाया गया। वहीं गौ कथा में गाय की महिमा बतलाई बाल संत ने कहा कि गाय पर पूर्व में कभी विपत्ति आती तो क्षत्रिय के साथ ब्राह्मण भी शस्त्र हाथ में उठा लेता था गाय से मिलने वाले उत्पादों जैसे दूध,गोबर, मूत्र का अन्य उत्पादों में बदलकर गौ पालक के साथ किसान व्यापारी सभी जुड़ जाते है।

इसलिए देवीसिंह भाटी द्वारा चलाए इस आंदोलन में हर वर्ग का दायित्व बनता है कि वह इसमें पूर्ण सहयोग देवें। धरना स्थल पर मुख्य रूप लक्ष्मणसिंह सोढा नारायणसर, महेंद्र सिंह पैथडो की ढाणी, जोगेंद्र सिंह,महेंद्र सिंह,विजय सिंह हदां,भीमसिंह, उम्मेदसिंह हिराई की ढाणी, गोपाल जोशी के अलावा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से भाटी को समर्थन देने पहुंचे।

# सांसद गहलोत ने रीट मामले में सरकार को घेरा

**भरतपुर,** (निसं)। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत बीजेपी के पूर्व मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की बेटी की शादी में भाग लेने के लिए भरतपुर पहुंचे। इस अवसर पर सांसद गहलोत सर्किट हॉउस में मीडिया से रूबरू होकर बोले कि रीट परीक्षा में हुई धांधली में राजस्थान के लोगों का विश्वास सरकार से टूट चुका है। रीट की परीक्षा रद्द करना नौजवानों के साथ विश्वासघात हुआ है। रीट परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग को लेकर बीजेपी ने रैली निकाली थी। उस दौरान राजस्थान सरकार ने लाठीचार्ज किया। पानी की बौछार छोड़ी। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के साथ पुलिस का जो व्यव्हार रहा उन पर किए लाठी चार्ज से उनको चोटें आई। लोकतंत्र में सभी को विरोध करने का अधिकार है। रीट परीक्षा में एसओजी की जांच पर हमें कोई शक नहीं है। एसओजी जांच कैसे करेगी। एसओजी मंत्री तक नहीं पहुंच सकती।

# आर्थिक पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष अनिल के स्वागत का दौर जारी



अनिल शर्मा का स्वागत करते हुए राजस्थान शिक्षक संघ के सदस्य।

**सरदारशहर,** (निसं)। राजस्थान राज्य आर्थिक पिछडा वर्ग के अध्यक्ष अनिल शर्मा के स्वागत का दौर शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। विधायक आवास में दिन भर बधाई देने एवं स्वागत करने वालो का तांता लगा रहा। इस अवसर पर विधायक पंडित भंवरलाल शर्मा ने बताया कि पहली बार विधायक बनने वाला व्यक्ति भी यह चाहता है कि वह मंत्री बने। लेकिन उन्होंने इस बार स्वास्थ्य कारणों के चलते मंत्री बनने से मना कर दिया था। उन्होंने बताया कि बुढापे की शादी काम की नहीं होती।

इस अवसर पर अनिल शर्मा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी उसे सौपी गई है। उस पर खरा उतरेंगे। इसीक्रम में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के अध्यक्ष डॉ पवन महर्षि के नेतृत्व में अनिल शर्मा को संघ के सदस्यों द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका स्वागत किया गया इस अवसर पर संघ के संरक्षक किशोर भारद्वाज प्रदेश प्रतिनिधि बजरंग शर्मा संयुक्त कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष राकेश प्रजापत मंत्री उमेद सिंह राठौड अरुण शर्मा नरेंद्र सिंह शंकरलाल सुभाष देवाराम महावीर सुथार छोटेलाल पृथ्वी सिंह कल्याणपुरा हरी सिल्ला राधेश्याम पारीक भरत गौड सहित सैकडों शिक्षक उपस्थित रहे । इसी क्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद चायल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की लंबे समय से यह मांग थी कि विधायक भंवरलाल शर्मा को मंत्री बनाया जाए।

# भीलवाड़ा में डेयरी संचालक पर हमले के 3 आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार की रात डेयरी के बाहर खड़ी बाइक को हटाने को लेकर उपजे विवाद में डेयरी संचालक व बचाव में आये उसके बेटे व भाई पर हमला करने के तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

- **डेयरी संचालक व बचाव में आये उसके बेटे व भाई पर हमला किया था**

कोतवाल डीपी दाधीच ने बताया कि रतनलाल पुत्र रामपाल शर्मा की मोहम्मदी कॉलोनी में डेयरी और मकान स्थित है। बुधवार रात रतनलाल शर्मा की कृष्णा डेयरी के बाहर बाइक खड़ी थी। इस दौरान आसिफ़ नामक युवक कार लेकर आया। बाइक के कारण आसिफ़ कार नहीं निकाल पाया। इसे लेकर उसने शर्मा से बाइक हटाने के लिए कहा। इसे लेकर उनके बीच बोलचाल हो गई।

इस पर आसिफ़ ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया और इन सभी ने रतन लाल के साथ सरियों व पाइप से मारपीट की। इसी दौरान बीच-बचाव में आये रतन के बेटे कमलेश व भाई भैंरू लाल को भी इन लोगों ने पीट दिया। दो घायलों को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

पुलिस ने इस घटना को लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू की इसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में मोहम्मदी कॉलोनी निवासी मोहम्मद आसिफ (26) पुत्र मोहम्मद आरीफ, सौयब हुसैन (24) पुत्र सिराजुद्दीन रंगरेज व अली हुसैन (22) पुत्र मोहम्मद सलीम भिश्ती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपितों से हमले में काम लिये सरिये व पाइप बरामद करने के प्रयास कर रही है।

# कर्ज से परेशान युवक ने खाया जहर, मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र के छापरी गांव के एक किसान ने कर्ज से परेशान होकर जहर खा लिया जिससे उसकी शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। किसान के सुसाइड करने के पीछे कर्ज को कारण बताया जा रहा है।

सदर थाना पुलिस के अनुसार छापरी गांव (45) में रहने वाले किसान बंशीलाल पुत्र मादू प्रजापत ने गुरुवार को जहर खा लिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर आए जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई शंकर प्रजापत ने बताया कि बंशीलाल पर काफी कर्ज था, जिसके चलते वह पिछले कई दिनों से तनाव में भी था। मृतक दो बच्चों का बाप था। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। मृतक को कर्ज देने वालों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है है कि मृतक को कर्ज के लिए किसी ने परेशान किया था या नहीं।

# श्री निरंजनी अखाड़ा के संतों का किया भव्य स्वागत

## 108 कलशों से सुवर्णोदक पंचरत्न, 100 लीटर गन्ने के रस के साथ गव्यामृत करवाया गया



श्री नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में श्री पंचमुखी हनुमान मूर्ति तथा शिखर प्रतिष्ठा समारोह में देश से आए श्री निरंजनी अखाडा के संतजन।

**बांसवाडा,** (निसं.) । श्री नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में श्री पंचमुखी हनुमान मूर्ति तथा शिखर प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन पूजा अनुष्ठान के साथ देश से आए श्री निरंजनी अखाडा के संतों का पुष्प वृष्टि कर स्वागत किया गया। श्री नीलकंठ महादेव विकास परिषद् तथा नीलकंठ प्रदोष परिषद् के तत्वावधान में आयोजित दिव्य अनुष्ठान में शुक्रवार को 108 कलशों से सुवर्णोदक पंचरत्न, 100 लीटर गन्ने के रस के साथ गव्यामृत, सुरोदक आदि विभिन्न द्रव्यों से स्नपन करवाया गया।

मातृशक्ति ने मंगल गीतों के साथ मूर्ति को हल्दी लगायी। धार्मिक अनुष्ठान में 51 ब्राह्मणों की वेद ध्वनि के बीच मूर्ति का शैय्याधिवास तथा प्रासाद का 81 कलशों से स्नपन किया गया। आयोजन समिति के प्रवक्ता राजेश त्रिवेदी ने बताया कि श्री निरजंनी अखाडा मुम्बई के महन्त केशवपुरी महाराज सहित देश के अन्य स्थानों से 25 संतो का मंदिर में आगमन होने पर मंदिर के महन्त कमलपुरी महाराज तथा भक्तों ने पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। केशवपुरी महाराज मंदिर के चारों ओर का प्राकृतिक वातावरण, कल-कल कर बहती नदी तथा यहाँ के नैसर्गिक सौन्दर्य को देखकर अभिभूत हो गए। यहां के कार्यकर्ताओं मानवेन्द्र आचार्य, नरेन्द्र आचार्य, पर्वतेंग चौहान, राजेन्द्र आचार्य, हरीश भाई, द्रोमिल त्रिवेदी, पार्थ आचार्य, कौस्तुभ त्रिवेदी, देवेंग खेर, गौरव सोमपुरा, हेमन्त आचार्य, प्रदीप आचार्य, कान्तिलाल व्यास, पूर्णाशंकर आचार्य, हितेन्द्र आचार्य हरिकृष्ण पंड्या, नागेन्द्र त्रिवेदी, अजय शाह ने मार्ग में पुष्प बिछाकर संतो का स्वागत किया। महन्त कमलपुरी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में 150 से अधिक वानर सेना के सदस्य निवास करते है यहां प्रतिदिन इनकी सेवा की जाती है।

अनुष्ठान में प्रतिष्ठाचार्य पं. प्रदीप शुक्ला, यज्ञाचार्य पं. नरेन्द्र आचार्य, सर्वोपरि दृष्टा पं. नरेश त्रिवेदी, पं. राजेश त्रिवेदी, पं. कमल भट्ट, पं. राम दवे, पं. नवनीत त्रिवेदी, पं.हरिकृष्ण पंड्या, पं.रौनक आचार्य, पं.सतीश त्रिवेदी के सानिध्य में महारूद्र महायज्ञ के प्रधान यजमान पुनीत द्विवेदी, नवनीत शुक्ला, नरहरिकान्त त्रिवेदी, प्रवीण त्रिवेदी, विश्वेश्वर आचार्य, जगदीश शुक्ला, जयेश नागर, लोकेश कलाल, विनोद पानेरी, विमल दवे सहित यजमान परिवार द्वारा पूजन-अर्चन किया जा रहा है। समारोह में एडवोकेट लक्ष्मीकांत त्रिवेदी तथा भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हकरू भाई मईडा सहित विशिष्ठजन मौजूद रहे। महाआरती तथा महाप्रसाद से कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रवक्ता त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार को पूर्णाहुति तथा प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर 1.30 बजे नारियल होम के साथ सम्पन्न होंगे।



यह अब भी उन लोगों की तरह चुनौतीपूर्ण नहीं है जो सेना में है। जो लोग महीनों और वर्षों तक शून्य से कम तापमान में रहते है। दुनियां में ऐसी ओर भी कई चीजें में जो इससे अधिक चुनौतीपूर्ण है। बायोबबल भी चुनौतीपूर्ण है और मैं इसका सम्मान कर रहा हूं। लेकिन मैं सकारात्मक पक्ष देखता हूं। - संदेश झिंगन

भारतीय फुटबॉलर, बायोबबल पर।




**आज का खिलाड़ी**

## टी. नटराजन



भारतीय क्रिकेट टीम के बांए हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने कहा है कि वह कोविड 19 और चोट के कारण 2021 का अधिकांश सीजन छोड़ने के बाद अब पुराने नटराजन के रूप में वापसी करना चाहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के पहले चरण के दौरान नटराजन के घुटने में चोट लग गई थी। इस कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। जब वह यूएई में खेले गए दूसरे चरण से पहले वह कोविड19 से संक्रमित हो गए थे। उन्होंने क्रिकइन्फो से कहा, मैंने पहले आईपीएल और फिर भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए लोग मुझसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 10 देशों में से 6 देश ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, भारत और श्रीलंका अपना पहला टैस्ट मैच इंग्लैंड के विरुद्ध खेले है।

# टी-20 सीरीज पर टीम इंडिया का कब्जा

## वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगातार चौथी टी-20 सीरीज जीती, दूसरे टी-20 मैच में 8 रन से हराया

कोलकाता, 18 फरवरी (वार्ता)। पूर्व कप्तान विराट कोहली (52) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (52) के तूफानी अर्धशतकों की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 क्रिकेट मैच में आठ रन से जीत हासिल की और तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने पांच विकेट पर 186 रन का मजबूत स्कोर बनाया और विंडीज की कड़ी चुनौती को 20 ओवर में तीन विकेट पर 178 रन पर रोक दिया।

मेहमान टीम वेस्ट इंडीज ने टॉस जीत कर फील्डिंग चुनी और अच्छी गेंदबाजी करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशान दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों को 59 रन के अंदर निपटा दिया, हालांकि विराट और पंत के अर्धशतकों से भारत 20 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन का विशाल स्कोर बनाने में कामयाब रहा।

विराट ने बीच के ओवरों में पारी को आगे बढ़ाया और सात चौकों और एक छक्के के सहारे 41 गेंदों पर 52 रन की अर्धशतक शतकीय पारी खेली, जबकि पंत ने वेंकटेश के साथ विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए टीम को शानदार फिनिश दिया। पंत ने जहां सात चौकों और एक छक्के की मदद से महज 28 गेंदों पर 52 रन बनाए, वहीं वेंकटेश ने चार चौकों और एक छक्के की बदौलत मात्र 18 गेंदों में 33 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 76 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। वेस्ट इंडीज की ओर से गेंदबाजी सामान्य रही। केवल रोस्टन चेज सफल रहे, जिन्होंने चार ओवर में 25 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। उनके अलावा शेल्डन कॉट्रेल और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक विकेट हासिल किया। वनडे सीरीज में सफल रहे अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर की आज काफी पिटाई हुई। उन्होंने चार ओवर में 45 रन लुटाए। कप्तान कीरोन पोलार्ड के 100वें टी20 मैच में विंडीज ने सराहनीय ढंग से लक्ष्य का पीछा किया। निकोलस पूरन ने लगातार दूसरा अर्धशतक बनाया जबकि रोवमैन पॉवेल ने भी नाबाद अर्धशतक बनाया लेकिन विंडीज लक्ष्य से थोड़ा पीछे रह गयी। पूरन ने 41 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाये जबकि रोवमैन ने मात्र 36 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों के सहारे नाबाद 68 रन बनाये। पूरन और पॉवेल ने 10 ओवर में 100 रन की बड़ी साझेदारी की लेकिन लक्ष्य अंत में दूर रह गया। कप्तान पोलार्ड तीन रन पर नाबाद रहे। भारत की तरफ से दो कैच छूटे लेकिन अंत में भारत का बड़ा स्कोर विंडीज की उम्मीदों पर भारी पड़ गया। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार ,युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई ने एक एक विकेट लिया। हर्षल ने आखिरी ओवर में दो छक्के खाने के बावजूद भारत के स्कोर का बचाव कर लिया। पंत को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



# रोहित शर्मा बन सकते हैं भारतीय टेस्ट कप्तान

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। श्रीलंका के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट और टी-20 सीरीज के लिए एक या दो दिन में भारतीय टीम घोषित होने की उम्मीद है। ऐसे में नए टेस्ट कप्तान के चयन को लेकर प्रशंसकों में काफी जिज्ञासा है और इसकी पूरी संभावना है कि सफेद गेंद क्रिकेट टीम के नए कप्तान रोहित शर्मा को ही यह पद दिया जाए, जिससे वह सभी प्रारूपों में भारतीय कप्तान बन जाएंगे।

समझा जाता है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आला अधिकारियों और चयनकर्ताओं ने रोहित की भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। श्रीलंका सीरीज के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए चयनकर्ता औपचारिक रूप से अगले हफ्ते बैठक करेंगे और इसके बाद रोहित को आधिकारिक तौर पर नया टेस्ट कप्तान घोषित किया जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में समाप्त तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से हार के बाद विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद से यह पद खाली है।

## ओलंपियन लिंबा राम की तबीयत खराब, राजस्थान देगा 10 लाख की सहायता

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय तीरंदाज और ओलंपियन लिंबा राम की तबीयत खराब है और उनका नयी दिल्ली में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा, पद्मश्री से सम्मानित लिंबा राम की तबीयत खराब बताई जा रही है। उनका दिल्ली में इलाज चल रहा है।

उनके इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। तीरंदाज ने 1988, 1992 और 1996 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पदक जीते हैं। 49 वर्षीय तीरंदाज को 1991 में अर्जुन पुरस्कार और 2012 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

# हरमनप्रीत के बचाव में सामने आये भारतीय कोच पोवार

क्वीन्सटाउन (न्यूजीलैंड), 18 फरवरी। खराब दौर से गुजर रही स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर के बचाव में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रमेश पोवार ने शुक्रवार को कहा कि यह उनके ऊपर है कि वह जल्द फॉर्म में वापस पाएं।

32 वर्षीय कौर को चयनकर्ताओं के साथ-साथ कोच पवार द्वारा काफी मौके दिए गए हैं। उन्होंने 2017 विश्व कप सेमीफाइनल में नाबाद 171 रन बनाने के बाद से एकदिवसीय प्रारूप में केवल दो बार ही 50 से अधिक स्कोर बनाया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी का मानना है कि चार साल पहले 2017 विश्व कप में खेली गई नाबाद 171 रन की पारी की बदौलत ही हरमनप्रीत कौर टीम में नहीं रह सकतीं। उनका मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को अब हरमनप्रीत से आगे सोचना चाहिए।

32 वर्षीय हरमनप्रीत पिछले साल फिटनेस से जूझ रही थीं, लेकिन महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था। उनसे भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय सीरीज में उस प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद की गई थी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में भारत को तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा और टीम तीन मैचों की श्रृंखला 0-3 से पिछड़ गई। हरमनप्रीत कीवी टीम के खिलाफ अपनी तीन पारियों मे केवल 10, 10 और 13 रन ही बना सकी।

पोवार ने यूनीवार्ता के एक सवाल का जवाब देते हुए वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, मैं अपने बयान पर कायम रहूंगा कि फॉर्म में वापस आना हरमन पर निर्भर है, क्योंकि खिलाड़ी का दिमाग ही है, जो दबाव की स्थिति में काम करता है। उन्हें दबाव से बाहर आना है और अच्छा करना है।

दिलचस्प बात यह है कि पोवार ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले भारत की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इसी तरह का बयान दिया था, जो आगामी 50-ओवर के विश्व कप के लिए अंतिम तैयारी है।

हालांकि हरमनप्रीत का भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करना बाकी है। मिताली राज की अगुवाई वाली टीम आइसोलेशन से बाहर होने के बावजूद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और तेज गेंदबाज मेघना सिंह की सेवाएं नहीं ले सकी थीं।

मंधाना और मेघना की अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर पोवार ने कहा, कुछ गोपनीयता है जिसका हमें सम्मान करना है, क्योंकि हम एक विदेशी धरती पर हैं और हमें उनके नियमों और विनियमों को मानना है। जहां तक स्मृति का संबंध है, वह अगले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगी। मेघना और मंधाना अगले मैच के लिए उपलब्ध हैं।

## ललित यादव का शानदार शतक, दिल्ली का विशाल स्कोर

गुवाहाटी, 18 फरवरी। ललित यादव (177) ने शानदार शतक बनाते हुए दिल्ली को तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप एच मैच में शुक्रवार को दूसरे दिन 452 रन के विशाल स्कोर पर पहुंचा दिया। दिल्ली ने सात विकेट पर 291 रन से खेलना शुरू किया और उसकी पहली पारी 452 रन पर समाप्त हुई। तमिलनाडु ने इसके जवाब में दो विकेट खोकर 75 रन बना लिए हैं और वह पहली पारी में 377 रन से पीछे है। ललित ने 287 गेंदों पर 177 रन की पारी में 17 चौके और 10 छक्के लगाए। ललित आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। ललित ने प्रथम श्रेणी में अपना पहला शतक बनाया। दिल्ली की पारी में यह दूसरा शतक था। कल यश धुल ने अपने पदार्पण रणजी मैच में 113 रन बनाये थे। ललित ने 45 और सिमरजीत सिंह ने 16 रन से अपनी पारी को आगे बढ ाया। सिमरजीत अपने स्कोर में मात्र तीन रन का इजाफा ही कर पाए जबकि ललित ने आखिरी दो बल्लेबाजों के सहयोग से न केवल अपना शतक पूरा किया बल्कि दिल्ली को मजबूत स्कोर पर भी पहुंचा दिया। उन्होंने विकास मिश्रा के साथ नौवें विकेट के लिए 92 रन और कुलदीप यादव के साथ आखिरी विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की।

## प्रभसिमरन के शतक से पंजाब ने ली 39 रन की बढ़त

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (123) के शानदार शतक और कप्तान अभिषेक शर्मा की 98 रन की जुझारू पारी की बदौलत पंजाब ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ऍफ मैच में शुक्रवार को दूसरे दिन 82 ओवर में चार विकेट पर 393 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। इसी के साथ पंजाब ने 39 रन की बढ त भी ले ली। दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब की पारी में प्रभसिमरन ने 21 चौकों और एक छक्के की मदद से 138 गेंदों पर 123 रन बनाए, जबकि कप्तान अभिषेक ने नौ चौकों और पांच छक्कों के सहारे 101 गेंदों पर 98 रन बनाए। फिलहाल अनुभवी बल्लेबाज मंदीप सिंह और विकेटकीपर अनमोल मल्होत्रा क्रीज पर हैं और क्रमश: 123 गेंदों पर 62 और 53 गेंदों में 23 रन पर खेल रहे हैं । हिमाचल की तरफ से अर्पित गुलेरिया, मयंक डागर, प्रशांत चोपडा और राघव धवन ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले हिमाचल ने आज छह और ओवर खेले तथा 30 रन और जोडे। हिमाचल की टीम 96 ओवर में 354 रन पर ऑलआउट हुई। पंजाब की तरफ से बलतेज सिंह ने 61 रन पर सर्वाधिक पांच विकेट लिए, जबकि मयंक मारकंडे ने 68 रन पर दो विकेट निकाले।

## न्यूजीलैंड ने भारत को तीन विकेट से हरा कर बनाई 3-0 की अजेय बढ़त

क्वींसटाउन, 18 फरवरी। अमेलिया केर (67), एमी सैटर्थवेट (59) और लॉरेन डाउन (64) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को यहां तीसरे रोमांचक वनडे मैच में भारत को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा कर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़ त बना ली। मेजबान न्यूजीलैंड ने टॉस जीत कर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

भारत ने इस न्योते को स्वीकार करते हुए तीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 49.3 ओवर में 279 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, लेकिन न्यूजीलैंड ने महज 14 रन के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को खोने के बावजूद 49.1 ओवर में सात विकेट पर 280 रन बना कर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड की तरफ से भी तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़ा। अमेलिया केर ने आठ चौकों की मदद से 80 गेंदों पर 67, सैटर्थवेट ने छह चौकों के सहारे 76 गेंदों पर 59 और लॉरेन ने छह चौकों और दो छक्कों के दम पर 52 गेंदों पर 64 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में हन्ना रोव और रोजमेरी मायर ने दो-दो, जबकि सोफी डिवाइन, अमेलिया केर, फ्रांसिस मैके और सैटर्थवेट ने एक-एक विकेट लिया।भारत के लिए सलामी बल्लेबाजों सब्भिनेनी मेघना और शैफाली ने ठोस शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। इसके बाद हालांकि कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो पाई और लगातार अंतराल पर विकेट गिरने से भारत 279 पर ऑलआउट हो गया। गेंदबाजी में अनुभवी गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने 10 ओवर में 47 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। वहीं रेणुका सिंह, एकता बिष्ट, दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा को एक-एक विकेट मिला। भारत के लिए मेघना ने 61, शेफाली ने 51 और दीप्ति शर्मा ने नाबाद 69 रन बनाये। हरमनप्रीत कौर 13 रन बनाकर रन आउट हो गयीं जबकि कप्तान मिताली राज 23 रन ही बना सकीं।

# भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर

शाह आलम (मलेशिया), 18 फरवरी। भारतीय महिला और पुरुष टीमें शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं और अपने ग्रुप चरण के मैच हारकर बाहर हो गईं।

भारतीय पुरुष टीम को जहां इंडोनेशिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा, वहीं महिला टीम को जापान ने 4-1 से हराया। भारत पुरुष टीम की तरफ से जो दो मैच जीते वे इंडिया ओपन के विजेता लक्ष्य सेन और मिथुन मंजूनाथ ने पुरुष एकल में जीते, लेकिन किरण जॉर्ज आगे बढ़ने में नाकाम रहे। लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको ऑरा वार्डोयो को सीधे गेमों में 21-18, 27-25 से धूल चटाई, जबकि मिथुन मंजूनाथ ने योनाथन रामली को तीन गेमों के संघर्ष में 21-12, 15-21, 21-17 से हराया। युवा भारतीय खिलाड़ी जॉर्ज हालांकि इंडोनेशियाई इखसान लियोनार्डो से 13-21, 21-17, 10-21 से हार गए।

वहीं पुरुष युगल में मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और मौलाना बगास की इंडोनेशियाई जोड़ी ने हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार की भारतीय जोड़ी को 10-21, 10-21 से हराया। वहीं भारत के मंजीत ख्वैराकपम और डिंगकू कोंथौजम को लियो रोली और डेनियल मार्थिन से 16-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा महिला एकल में अश्मिता चालिहा एकमात्र विजेता रहीं। उन्होंने जापान की गुंजी रिको को तीन गेमों के कड़े संघर्ष में 21-17, 10-21, 21-19 से हराया। तारा शाह हालांकि जापान की अकेची हिना से 12-21, 16-21 से हार गईं, जबकि निदैरा नत्सुकी ने आकर्षी कश्यप को 13-21, 21-18, 15-21 से हराया।

महिला युगल में युगल में अरुल राधाकृष्णन और नीला वल्लुवन को रीको गुंजी और नात्सुकी निदैरा की जापानी जोड़ी के हाथों 10-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। खुशी गुप्ता और सिमरन सिंघी को हिरोकामी रुई और काटी यूना ने 15-21, 16-21 से हराया।

टूर्नामेंट से ग्रुप स्टेज से बाहर होने के साथ ही भारत ने थाईलैंड में आठ मई से शुरू होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल के लिए सीधी योग्यता अर्जित करने का मौका गंवा दिया है।

शीर्ष दो टीमें कोरिया और इंडोनेशिया पुरुषों के सेमीफाइनल में पहुंचीं हैं जबकि मलेशिया और जापान ने महिलाओं के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय पुरुष टीम ने मनीला में टूर्नामेंट के 2020 संस्करण में कांस्य पदक जीता था, लेकिन तब महिला टीम का नाम वापस ले लिया गया था, क्योंकि अधिकतर खिलाड़ी कोरोना महामारी के कारण यात्रा करने को तैयार नहीं थे।


**कार्यालय नगर पालिका, केकड़ी जिला-अजमेर**

क्रमांक:- न.पा.मे./कृ.भू.रू./भू-उपयोग/2021-22 दिनांक:-....

**आम सूचना**

सर्व हितधारकों एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम केकड़ी तहसील केकड़ी नगरीय क्षेत्र नगरपालिका केकड़ी में स्थित आराजी खसरा नं. 8790/3 में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर हेतु राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना F.3(77)UDH/3/2010 Part जयपुर दिनांक 10.08.2020 में मार्गाधिकार एवं प्रस्तावित मार्गाधिकार हेतु किये गये प्रावधानों में बिन्दु सं. 3 अनुसार यदि किसी सड़क/विद्यमान राजस्व रास्ते/कटाव मार्ग का मास्टर प्लान/प्रारूप मास्टर प्लान/जोनल प्लान में मार्गाधिकार निर्धारण किया जाना है।

अत: राजस्व ग्राम केकड़ी तहसील केकड़ी में बिसलपुर बाईपास से 40 फीट चौड़ा पंहुचमार्ग निर्धारण हेतु बिसलपुर बाईपास से आराजी खसरा नं. 8810/8791 में से 40 फीट चौड़ा पंहुचमार्ग का निर्धारण व्यापक जनहित में किया जाना प्रस्तावित है।

अत: इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद सूचना प्रकाशन के 10 दिवस में प्रस्तुत करावें बाद मियाद पालिका द्वारा सड़क मार्गाधिकार का निर्धारण कर दिया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, केकड़ी

**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2021/501-503 Date: 16-02-2022

**ई-निविदा सूचना संख्या: 83/2021-22**

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 302.23 लाख (11 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 19-02-2022 को प्रात: 10. 00 बजे से 03-03-2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| Online EMD,Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 19-02-2022 को प्रात: 10. 00 बजे से 03-03-2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 04-03-2022 को प्रात: 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN : ITU2122WSOB00592, ITU2122WSOB00593, ITU2122WSOB00594, ITU2122WSOB00595, ITU2122WSOB00596, ITU2122WSOB00597, ITU2122WSOB00598, ITU2122WSOB00599, ITU2122WSOB00600, ITU2122WSOB00601, ITU2122WSOB00602

(चतर सिंह चौहान) अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

**रेल विद्युतीकरण अम्बाला कैण्ट**

भारतीय रेलवे प्रोफार्मा 10-01

"सार्वजनिक अधिसूचना"

क्र:आर.ई/इलेक्ट/यूएमबी/ई.आई.जी./ग्रुप-238/6583/पीएन दिनांक:00.02.2022

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोग कर्त्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने नीचे दिए गए विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज एसी पर चार्ज किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| क्र.सं. | सेक्शन | डिवीजन | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | बिग्गा (सहित) लोकेशन 372/12 (चैनेज किमी. 372/761.50) से बेनीसर (सहित) लोकेशन 401/04 (चैनेज किमी. 401/189.50) | बीकानेर | 05.03.2022 |

सं0. : पीआर/44/2022 मुख्य परियोजना निदेशक,
R.D. Adv रेल विद्युतीकरण, अम्बाला कैण्ट

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"

**रेल विद्युतीकरण अम्बाला कैण्ट**

भारतीय रेलवे प्रोफार्मा 10-02

**25 केवी एसी कर्षण का आरंभ**
"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"

क्रमांक: आर.ई/इलेक्ट/यूएमबी/ई.आई.जी./ग्रुप-238/6583/आरयू दिनांक: 00.02.2022

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के खण्ड पर 25 केवी एसी विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए **सभी समपारों पर सड़क सतह से स्पष्ट अधिकतम 4.78 मीटर की ऊँचाई पर** ऊँचाई गेजें लगाई गई हैं ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तारों **(जो समपारों पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.5 मी की ऊँचाई पर होगा)** की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।

| क्र.सं. | सेक्शन | डिवीजन |
|---|---|---|
| 1. | बिग्गा (सहित) लोकेशन 372/12 (चैनेज किमी. 372/761.50) से बेनीसर (सहित) लोकेशन 401/04 (चैनेज किमी. 401/189.50) | बीकानेर |

जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में **05.03.2022** के बाद ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें। अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:-

1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाए जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक समीपता या सम्पर्क के कारण, आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

सं0. : पीआर/45/2022 मुख्य परियोजना निदेशक,
R.D. Adv रेल विद्युतीकरण, अम्बाला कैण्ट

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी - अभिषेक कुमार, संप. नं. 7230013999-9874702021 - ई-मेल : abhishek.kumar30@idfcfirstbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद्द्वारा जनसाधारण व विशेष से ऋणग्रहीता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गई है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा निवर्तमान कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि., जो पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था। के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। ये सम्पत्तियां 25.03.2022 को, नीचे दिये विवरण के अनुसार, कर्जदार (रों) तथा सह-कर्जदार (रों) से कालम (i) के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, जो पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) के नाम से जाना जाता था को देय, राशी की वसूली के लिये "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर बिक्री की जायेगी।
बिक्री के विस्तृत नियमों व शर्तों के लिये कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड की वैबसाइट अर्थात http://idfcfirstbank.autiontiger.net/EPROC में दिये गये लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस तिथि एवं राशि | (ii) नाम कर्जदार (रों) और सह-कर्जदार (रों) | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरिक्षत मूल्य | (v) बयाना राशि जो जमा होगी | (vi) बोली तथा दस्तावेज (ऑन लाइन) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय अथवा पहले | (vii) नीलामी का दिन व समय | (viii) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15-04-2019 को रुपये 18846640.15 /- | मै. मीरा हैंडीक्राफ्टस एवं एक्सपोर्टस (प्रो. पिंकी देवी, अंजू प्रजापत, हुकुम चंद, पिंकी देवी, शैलेश प्रजापत, त्रिलोकचंद | प्लाट नं. ए-1736, जिलेदारों की गली, खेजड़ों का रास्ता, इंदिरा बाजार, जयपुर, राजस्थान-302001 | रु. 17100000/- | रु. 1710000/- | 24-03-2022 | 25-03-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 17-03-2022 प्रात: 11.00 से अपरान्ह 3.00 तक |
| 2. | 14-04-2021 को रुपये 950631.15/- | दीपक सैनी झिमली देवी | प्लाट नं. 127, क्षेत्रफल लगभग 150.43 वर्गगज गोकुल एनक्लेव-1, ग्राम-दौलतपुरा, महेन्द्रा सेज के पास, अजमेर रोड, तहसील : सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302029 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें निम्न है : पूर्व : रोड, पश्चिम : अन्य, उत्तर : प्लाट नं. 126, दक्षिण : प्लाट नं. 127-ए | रु. 7,22,000/- | रु. 72,200/- | 24-03-2022 | 25-03-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 17-03-2022 प्रात: 11.00 से अपरान्ह 3.00 तक |
| 3. | 23-06-2021 को रुपये 6,99,936.83/- | पवन सैनी राजेन्द्र सैनी | प्लाट नं. 150, स्कीम गोकुल गार्डन सिटी, ग्राम किशोरपुरा एवं पनवालिया, डिग्गी रोड, तहसील - सांगानेर, जयपुर | रु. 5,33,000/- | रु. 53,300/- | 24-03-2022 | 25-03-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 17-03-2022 प्रात: 11.00 से अपरान्ह 3.00 तक |
| 4. | 08-04-2021 को रुपये 1594184/- | सतीश कुमार और सत्तराम राठौड़ | सम्पत्ति, क्षेत्रफल 131.91 वर्गगज, प्लांट नं. 127-डी, स्कीम गोकुल एनक्लेव 1, ग्राम दौलतपुरा, तहसील-सांगानेर, कलवाड़ा, महेन्द्र सेज के पास, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान-302033 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है : पूर्व : 30 फिट रोड, पश्चिम : अन्य , भूमि, उत्तर : प्लाट नं. 127-सी, दक्षिण : प्लाट नं. 128 | रु. 6,40,000/- | रु. 64000/- | 24-03-2022 | 25-03-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 17-03-2022 प्रात: 11.00 से अपरान्ह 3.00 तक |
| 5. | 15-04-2022 को रुपये 856210.95/- | श्री नितिन कायथ मै. बेटाला ग्रुप, द्वारा श्री नितिन कायथ श्रीमती माधवी परमार | अचल सम्पत्ति, प्लाट नं. 289, गोकुल गार्डन सिटी स्कीम, ग्राम-केशेपुरा-पनवालिका, तहसील-सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 134.44 वर्ग गज का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है : उत्तर : प्लाट नं. 264, दक्षिण : रोड 30 फिट, पूर्व : प्लाट नं. 288, पश्चिम : प्लाट नं. 290 | रु. 6,50,000/- | रु. 65000/- | 24-03-2022 | 25-03-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 17-03-2022 प्रात: 11.00 से अपरान्ह 3.00 तक |

अस्वीकरण : कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियां बेचने का ाधिकार नहीं है, यदि कोई अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
दिनांक : 17-02-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : जयपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

## संक्षिप्त

### वैक्सीनेशन में किशनगढ़बास प्रथम

**किशनगढबास,** (निसं)। उपखंड प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय वैक्सीनेशन महा अभियान के तहत 4876 लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई। एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया ब्लॉक किशनगढबास में 14 से 17 फरवरी तक कोविड वैक्सीनेशन महा अभियान का आयोजन किया गया। चार दिवसीय अभियान के दौरान ब्लॉक किशनगढबास ने अन्य ब्लॉक की तुलना में जिले में प्रथम स्थान पर रहा।

### वाहन की टक्कर से दो घायल

**मालपुरा,** (निसं)। दूदू छाण स्टेट हाईवे पर अम्बापुरा के पास गुरूवार की देर रात्री को अज्ञात वाहन की टककर से बाईक सवार दो जने घायल हो गये। जिन्हे मालपुरा अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ति कराया। गुरूवार की रात्री को अम्बापुरा के पास एक तेज रफतार अज्ञात वाहन की चपेट मे आये बाईक सवार प्यारेलाल व हकीम निवासी कांटोली घायल हो गये। 108 एम्बूलेंस की सहायता से दोनो घायलो को मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे भर्ति कराया गया। जहां से एक घायल प्यारेलाल को चिन्ताजनक हालत मे जयपुर रैफर किया गया।

### ईओ फतेह सिंह को अतिरिक्त कार्यभार

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय नगरपालिका मंडल के ईओ फतेह सिंह मीणा को राज्य सरकार द्वारा अलवर नगर परिषद् एवं दौसा जिले की महुआ नगरपालिका का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। गौरतलब है कि अलवर नगर परिषद् आयुक्त कमलेश मीणा के एपीओ होने के बाद जहां स्वायत्त शासन निदेशालय द्वारा उन्हें परिषद् का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं दौसा जिले की महुआ नगरपालिका के ईओ का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### छह सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

**सांभरझील,** (निसं)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष डिंपल कुमार शर्मा, प्रदेश महासचिव सेवाराम, प्रदेश कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, नागौर जिला अध्यक्ष रामलाल खोकर के नेतृत्व में सचिवालय में मुख्यमंत्री के शासन सचिव कुलदीप राका, मुख्यमंत्री के निजी सचिव गौरव बजाड, उषा शर्मा मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, वित्त विभाग के बजट सचिव सुधीर शर्मा, को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

### अवैध बजरी ले जाते दो गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन पर कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को एक ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त कर दो जनों को गिरफतार किया। थाना प्रभारी प्रभुसिंह ने बताया कि शुक्रवार को दौराने गश्त के देवल रोड बीलाडा मोड पर नांकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरी एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त कर जयराम पुत्र काना माली व हेमराज माली निवासी लाम्बाहरिसिंह को गिरफतार कर दोनो के विरूद्ध मामला दर्ज कर ट्रेक्टर-ट्रोली को थाना परिसर मे सुरक्षार्थ खडा करवाया गया।

### सात दिवसीय भागवत कथा सम्पन्न

**चाकसू,** (निसं)। यहां श्री गोपीनाथ मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को कथावाचक वैदिक भूषण अमिता आचार्य ने कृष्ण और सुदामा की मित्रता एवं अन्य ज्ञानवर्धक धार्मिक प्रसंग सुनाते हुए श्री गोपीनाथ भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कर यज्ञ हवन एवं भजन आरती के बाद कथा का समापन किया। इस दौरान कृष्ण सुदामा की आकर्षक संजीव झांकी भी सजाई गई।

### दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट शुरू

**बस्सी,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के आगरा रोड स्थित आनन्द इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट-2022 का भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्ड से सम्मानित व टोक्यो पैरालीम्पिक सुन्दर सिंह गुर्जर एवं शालिनी पाठक, राजस्थान की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्लेयर व डिप्टी सुपरिंडेंटेंट, राजस्थान पुलिस उपस्थित रहे। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार शर्मा, उप-प्राचार्य प्रो. प्रवीण अग्रवाल, स्पोर्ट्स ऑफिसर तनसिंह चौहान के साथ-साथ कॉलेज के फैकल्टी व स्टाफ मेंबर्स भी मौजूद रहे।

# योजनाओं का अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलाना दायित्व : कलेक्टर

**फागी,** (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर राजन विशाल की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार फागी उपखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर द्वारा संवाद किया जाकर विभाग वार फीडबैक लिया तथा प्रगति के संबंध में निर्देशित किया गया।

उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिला कलेक्टर राजन विशाल ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलवाने का हम सबका दायित्व है, राज्य सरकार की मंशा है कि गरीब, बेसहारा, पीडितों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिक स्तर पर हो, जिससे उन्हें धन एवं समय बर्बाद न करना पडे। उन्होंने समस्त प्रशासनिक एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन कार्य दिवस में जन सुनवाई के लिए समय निर्धारित करें जिससे परिवादी अपनी समस्या लेकर समाधान के लिए दर-दर नहीं भटके तथा उनके समस्याओं का प्राथमिक स्तर पर त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले जिसमें बजट संबंधी या कानून व्यवस्था आती हो तो परिवादी को समझाई से संतुष्ट करें।

> ■ फागी पंचायत समिति में उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित



जयपुर कलेक्टर राजन विशाल ने फागी व माधोराजपुरा पंचायत समिति क्षेत्र का दौरा किया।

उन्होंने समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके विभाग से संबंधित राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं 181 पर दर्ज प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निर्धारित करें जन सुनवाई के दौरान कलक्टर ने संबंधित अधिकारी निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। बैठक में दूदू अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत, फागी उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट राजकुमार कस्वा, फागी तहसीलदार अशोक पारीक, माधोराजपुरा तहसीलदार भंवर सिंह, फागी पंचायत समिति विकास अधिकारी नारायण सिंह, माधोराजपुरा पंचायत समिति विकास अधिकारी बृजेन्द्र सिंह धाकड सहित उपखंड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इससे पूर्व जिला कलेक्टर राजन विशाल ने रेनवाल माजी थाने का निरीक्षण करते हुए कहा कि फरियादियों को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्पक्ष न्याय दिलवाने का पूरा प्रयास करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर राजन विशाल ने रेनवाल माजी पटवार भवन में पोर्टल संबंधित आने वाली समस्याओं के बारे में हल्का पटवारीयो से फीडबैक लिया। उसके बाद रेनवाल माजी ठााम पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिंकी मीणा के मकान का निरीक्षण किया। उसके बाद नरेगा कार्यों का निरीक्षण करते हुए श्रमिकों से रूबरू हुए और श्रमिकों से अपना टास्क समय पर पूरा कर पूरा भुगतान उठाने की बात कही।

## बहरोड़ में मिशन 100 ठंडे बस्ते में

**बहरोड/भिवाडी,** (निसं)। भारतीय पुलिस सेवा के उच्च स्तरीय अधिकारी जिला पुलिस अधीक्षक भिवाडी शांतनु कुमार भारतीय पुलिस सेवा का मिशन 100 आगे नहीं बढना क्षेत्र के लोगों के लिए कितने बडे दुर्भाग्य की बात है। बहरोड क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराधियों के बढते होसलों का मुख्य जिम्मेदार क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित होटलों पर चल रही अनैतिक गतिविधियों के ठेकेदार और पुलिस के विश्वासपात्र बने थाने के दो- तीन अदृश्य एल जी सदस्य हैं, जो कुछ पत्रक लोगों की मिलीभगत से उचक नेताओं से मिलकर क्षेत्र के लोगों से दोस्ती बढाते हैं और योजनाबद्ध तरीके से टारगेट बनाकर उस पर अंजाम तक न पहुंचने तक जब तक वसूली नहीं कर लेते सारे तरीके अपनाते हुए बदमाश गैंग के लोगों से उस व्यक्ति पर हमला करवाते हैं।फिलहाल जो कार्यवाही एक आईपीएस लेवल के अधिकारी की बुद्धि का सदुपयोग करते हुए उसका लाभ लेने के लिए मिशन 100 चलाया जा रहा है, बहरोड तक पहुंचते-पहुंचते ठंडे बस्ते में जा रहा है। क्षेत्र की जनता के लिए बडे दुर्भाग्य की बात है कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था और सामाजिक स्तर को बहाल करने में साथ खडे अधिकारी एसपी भिवाडी शांतनु कुमार भारतीय पुलिस सेवा का मिशन 100 आगे नहीं बढना क्षेत्र के लोगों के लिए कितने बडे दुर्भाग्य की बात है।

## व्याख्याता सहित दो गिरफ्तार

**जयपुर/अलवर,** (निसं) स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बलात्कार और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसओजी के मुताबिक, राजगढ के ओडपुर निवासी व्याख्याता कैलाश चंद मीना और उसकी भाभी विमला देवी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कैलाश दौसा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावर में व्याख्याता है। गत वर्ष राजगढ थाने में महिला से बलात्कार और उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण एसओजी को सौंपा गया। एसओजी के अनुसंधान में आरोपी कैलाश ने पीडिता से कई बार बलात्कार किया और उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का काम भी किया। षडय़ंत्र में कैलाश की भाभी विमला देवी शामिल थी। आरोपी कैलाश के खिलाफ पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड है।

# पांच दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ममता संस्थान, महिला एवं बाल विकास विभाग व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हरमाडा थाना क्षेत्र के उदयपुरिया नन्द घर पर संचालित सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ।

समापन समारोह में उदयपुरिया सरपंच राजकुमार खोवाल, हरमाडा थाने की एसआई सुनीता चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षिका शकुंतला शर्मा, वेदान्ता कार्यक्रम प्रबंधक रमेश चन्द्र जाट, लायंस क्लब सेंट्रल स्पाइन के अध्यक्ष बसंत जलेबा, एकलव्य स्कूल के चीफ राधेश्याम मेहता सहित लगभग 60 किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया। समारोह में ममता संस्थान द्वारा पुलिस विभाग की ट्रेनर, कार्यक्रम में मदद करने वाले विभाग के सदस्यों को सम्मानित किया वहीं लायंस क्लब सेंट्रल स्पाइन के अध्यक्ष जलेबा ने प्रशिक्षण के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली किशोरी बालिकाओं को सम्मानित किया। समापन समारोह में ममता संस्थान ने पुलिस, पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के साथ इसी प्रकार के और कार्यक्रम करवाने की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं ने प्रशिक्षण का डेमोंसट्रेशन भी दिया।



ममता संस्थान द्वारा मदद करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया।

## राजनौता में सीसी व इंटरलॉक सड़क का निर्माण शुरू

**पावटा,** (निसं)। समीप राजनौता ग्राम पंचायत में सरपंच संतरा देवी के मुख्य आतिथ्य मे पंचायत कोष से सीसी सडक का शुभारभ हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिध दीपक कुमार धानका व उपसरपंच नरपत सिंह शेखावत ने कहा की ग्राम विकास में आमजन का सहयोग बडी महत्वता रखता है इसलिए ग्रामीण एकजूट होकर विकास को गति देने का कार्य करे। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी गोपाल सिंह शेखावत ने बताया की ग्राम पंचायत कोष से -राजनोता पंचायत की ढाणी जालमसिंह वाली में 10-लाख रूपए की लागत से सीसी व इंटरलॉक सडक निर्माण का शुभारंभ हुआ है इससे इस सडक के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन मे सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान विकास सिंह कैरोडी, वार्ड पंच महेंद्र मीणा, जगदीश सिंह, खेमचंद जोगी, छीतर सिंह, मूल सिंह, कानसिंह, कृष्ण सिंह, शक्ति सिंह, सिंटू सिंह, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## भारोतोलन खेल के हॉल में दोबारा अभ्यास सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

**टोंक,** (निसं)। भारोतोलन खेल के खिलाडियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर खेल स्टेडियम मैदान टोंक के भारोतोलन खेल के हॉल में दोबारा अभ्यास की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

महेन्द्र, रेखा, सचिन, सुमित, रवि, सुधीर खटीक, पवन, राम वर्मा, कुलदीप आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि भारोतोलन खेल के खिलाडियों की टीम है, जो डॉ भीमराव अम्बेडकर खेल स्टेडियम में भारोतोलन खेल का अभ्यास करते थे, कई वर्षों से अभ्यास करते आ रहे है और अनेक खिलाडियोंयों ने कई बार जिले के लिए गोल्ड मेडल व कई पुरस्कार प्राप्त किये है। हमें भूतपूर्व कलेक्टर द्वारा हमारी टीम के खिलाडियों को सम्मानित किया गया है, परन्तु कई महीनो से वहां (खेल स्टेडियम) पर वहां के वर्तमान कोच राजनारायण शर्मा व भूत पूर्व कोच द्वारा अभ्यास करने पर हमें पाबन्द कर दिया गया है, हॉल पर ताला भी लगाया गया है, उक्त हॉल पहले भी असमय ही खोला जाता था और दुबारा भारोतोलन खेल का अभ्यास नहीं करने दिया जाएंगा।

उन्होंने मांग करते हुए बताया कि कुछ महीनों के पश्चात हमारे स्टैट लेवल के टुर्नामेन्ट आने है और इस कारणवश हमें अभ्यास की सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जावे। भारोतोलन खेल के अभ्यास पूर्व स्थान (हॉल) पर अभ्यास करने की अनुमति प्रदान करवाये।

## 'रीट धांधली दलगत नहीं, जनहित का मुद्दा'

**जयपुर,** (निसं)। राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा के प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने एसओजी एवं एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक को एक और ऑडियो भेजकर राजीव गांधी स्टडी सर्किल-आरजीएससी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना-एनएसएस के राज्य समन्वयक डॉ.बनयसिंह की रीट भ्रष्टाचार प्रकरण में संलिप्तता की सघन जांच की मांग की है। डॉ.बैरवा ने आक्रोश व्यक्त किया है कि रीट भ्रष्टाचार में संलिप्त व्यक्तियों ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया है। यह कॉलेज शिक्षकों की साख एवं गरिमा को बचाए जाने का भी मुद्दा है। लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ा एवं जनहित का मुद्दा है। इसलिए प्रकरण की सघन जांच जरूरी है।

## मादक पदार्थ की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

> ■ दो किलो अवैध गांजा बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

**रामगढ-पचवारा,** (निसं)। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में एक युवक सीनियर सिटीजन नवल किशोर मीणा पुत्र रामपाल मीणा निवासी राजा वाली कोठी निचुनियां को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों की पालना में अवैध मादक पदार्थों की जब्ती के लिए विशेष अभियान चला रखा है। थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल मीणा के निकटतम सुपरविजन में थाना अधिकारी दिनेश कुमार एवं हेड कांस्टेबल पुनी लाल कांस्टेबल टीकाराम करतार संतोष प्रेमचंद हीरालाल की सात सदस्य टीम का गठन किया गया था।

जहां पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के ही नवल किशोर मीणा को 2 किलो अवैध गांजा मादक पदार्थ के साथ तस्करी के आरोप में पकडा गया।

वहीं अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार युवक पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए बनाई गई पुलिस टीम में कांस्टेबल टीकाराम एवं प्रेमचंद का विशेष योगदान रहा है।

# सभी तबको के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले: चिन्मयी गोपाल

**टोंक,** (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला निष्पादक समिति एवं समग्र शिक्षा अभियान की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि सभी तबको के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। यह उनका अधिकार भी है। अनाथ बच्चों के पालन पोषण, शिक्षा आदि की व्यवस्था के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पालनहार योजना से अधिकाधिक बच्चों को जोडने में जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने सीबीईओं से कहा कि सभी ब्लॉक के पीईईओ ऐसे बच्चों का अध्ययन प्रमाण पत्र जारी करने के साथ निकटतम ई-मित्र पर जाकर पालनहार योजना से उन्हें जोडने का कार्य भी करें। जिला कलेक्टर ने सीबीईओ को निर्देश दिए कि जिले के सभी पीईईओ उनकी ग्राम पंचायत में अध्ययनरत दिव्यांग श्रेणी के बच्चों की सूची चिकित्सा विभाग की एएनएम को उपलब्ध कराएं। दिव्यांगता में दृष्टि बाधित, अल्पदृष्टि, श्रवण बाधित, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठरोग, बौनापन, एसिड पीडित, मांसपेशियों की डिस्ट्रोफी, ऑटिज्म, बौद्धिक नि:शक्तता, लर्निंग नि:शक्तता एवं मानसिक रूग्णता को शामिल करें, जिससे इस प्रकार के बच्चों को भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं कार्मिक जिले में घुमंतु एवं शिक्षा से वंचित जातियों (भोपा, नट, कालबेलिया, मदारी, बंजारा, गाडिया लुहार, मिरासी, मोग्या) के बच्चों को स्कूल से जोडने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इसके साथ यह भी सुनिश्चितता की जाएं की इन बच्चों के स्कूल आने की नियमितता बनी रहें।

> ■ 'घुमंतु एवं शिक्षा से वंचित जातियों के बच्चों को स्कूल से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएं'



टोंक कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में जिला निष्पादक समिति एवं समग्र शिक्षा अभियान की बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि विगत 2 साल से कोविड महामारी के कारण विद्यार्थियों के लर्निंग लेवल में गिरावट आई है। लर्निंग लेवल में सुधार के लिए सभी शिक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। बैठक में जिला कलेक्टर ने 15-18 वर्ष के किशोर बालक-बालिकाओं के कोविड टीकाकरण, मिड-डे-मील, विद्यालयों में अक्रियाशील शौचालय, भवन रहित विद्यालय, क्षतिग्रस्त विद्यालयों की रिपेयरिंग के प्रस्ताव, विद्यालयों को भूमि आवंटन के संबंध में भी समीक्षा की। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान, एडीएम मुरारी लाल शर्मा, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान, सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार यादव, एडीपीसी रमेश सिंह सहित जिले के सीबीईओ मौजूद थे।

## फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा इनामी अपराधियों, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड ने पुलिस की एक टीम गठित की। जिसमें एसआई कैलाश चंद शर्मा, सुरजीत कुमार, भगवान सहाय, राजेंद्र कुमार को शामिल किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 3 माह से फरार चल रहे धोखाधडी कर 17 लाख रुपए हडपने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड ने बताया कि 10 नवंबर 2021 को परिवादिया मीना देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि अभियुक्त गणों ने मिलीभगत करते हुए आपराधिक षड्यंत्र रचकर छल-कपट से कूटरचना करते हुए धोखाधडी से मुझे संदोष हानि पहुंचाने की गरज एवं स्वयं लाभ पहुंचाने के लिए मुझे बिना प्रतिफल राशि 17 लाख रुपए दिये बिना ही मकान की रजिस्ट्री करवा ली। उक्त मामले को थाने में दर्ज कर टीम ने आरोपी की तलाश शुरू कर संभावित स्थानों पर तलाश कर जयपुर शहर से आरोपी अरविंद सिंह पुत्र बाघसिंह राजपूत निवासी फुलेरा को मात्र तीन माह में ही गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### खिलाडी लाल बैरवा का अभिनंदन

**लालसोट,** (निसं)। मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष खिलाडी लाल बैरवा का बैरवा एवं रेगर समाज द्वारा सामूहिक रूप से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान रेगर व बैरवा समाज के लोगों द्वारा नवनियुक्त अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को समाज से जुडे कई विषयों पर चर्चा कर अवगत कराया गया। नवनियुक्त अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को रैगर व बैरवा समाज द्वारा समाज पर होने वाले सामाजिक आर्थिक उत्पीडन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की कहने के साथ संवैधानिक हकों के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। सामाजिक बंधुओं द्वारा नवनियुक्त अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को अवगत कराते हुए बताया कि अनुसूचित जाति पर सामाजिक एवं आर्थिक उत्पीडन एवं अत्याचारों की रोकथाम सहित उनके साथ होने वाले दुराचार रोकथाम की मांग की गई। इस दौरान समिति सदस्यों द्वारा मुलाकात के दौरान अवगत कराते हुए बताया गया कि अनुसूचित जाति को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का संरक्षण भी किया जाए। अवगत कराते हुए बताया कि अनुसूचित जाति पर दबंगों द्वारा दूल्हे को घोडी से उतारे जाने सहित दलित महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार व शोषण को रोकने सहित बाहुबलियों द्वारा दलितों की भूमि पर जबरन कब्जे आदि की घटनाओं की रोकथाम पर प्रभावी कार्य किया जाए। प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग करते हुए आरक्षित कोटे की विभिन्न विभिन्न विभागों में होने वाली भर्तियों सहित पदोन्नति समय बाद रोस्टर पद्धति से करने की मांग की गई। इस दौरान रैगर व बैरवा समाज के कई लाग मौजुद रहे।

### मीणा समाज के चुनाव पर चर्चा

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। मीणा धर्मशाला श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को आयोजित मीटिंग में मीणा समाज ने निर्णय लिया है कि तहसील अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया जो आगामी दिनांक 20 फरवरी को की जानी थी का पुरजोर विरोध कर बहिष्कार किया गया तथा सर्वसम्मति से दिनांक 6 मार्च को निर्विरोध अध्यक्ष हेतु थोई में मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन कमेटी के द्वारा दिनांक 13 फरवरी को लिए गए निर्णय की कडे शब्दों में निंदा की गई तथा चुनाव समिति का बहिष्कार करते हैं उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों में सांवरमल थोई उमराव मीणा सुराणी, पूरण अजमेरी, सिंबू अजमेरी, जगदीश मीणा श्रीमाधोपुर, पी डी मीणा श्रीमाधोपुर, अशोक मीणा श्रीमाधोपुर, ज्ञान मीणा त्रिलोकपुरा ,सुनील मीणा त्रिलोकपुरा, बीरबल त्रिलोकपुरा, ज्ञान प्रकाश मीणा हाथीदह, गोपाल अजीतगढ, चेतन मीणा अजीतगढ, विमल पबडी श्रीमाधोपुर, मुकेश मीणा, महेंद्र मीणा, प्रहलादमीणा, दुर्गा प्रसाद मीणा, गणेश मीणा कंचनपुर, सुभाष कंचनपुर, प्रकाश मीणा, मनीष मीणा अजीतगढ आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लापरवाह कार्मिकों को नोटिस

**कोटपूतली,** (निसं)। राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारन्टी अधिनियम 2011 एवं सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलक्टर राजन विशाल ने जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को आदेश जारी किये है। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया है कि राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारन्टी अधिनियम 2011 के तहत नागरिकों को नियत समयावधि में अधिसूचित सेवाओं की प्रदायगी का प्रावधान है। यदि इस अधिनियम के तहत राजस्व विभाग की अधिसूचित सेवाओं की नियत समयावधि में प्रदायगी सम्बंधित अधिकारी या कर्मचारी द्वारा न हो तो सम्बंधित दोषी अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध सीसीए नियमों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारन्टी अधिनियम 2011 एवं सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 को लेकर जिला कलक्टर राजन विशाल ने विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारन्टी अधिनियम 2011 के तहत लापरवाही पाये जाने पर बस्सी के दो पटवारियों को चार्जशीट, तहसीलदार तथा एक भू-अभिलेख निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

### भूखंडों का पट्टा वितरण कार्यक्रम

**खैरथल,** (निसं)। क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष दीपचंद खैरिया ने आम जन से सरकार द्वारा घर बैठे बहाई जा रही छूट और सुविधाओं की गंगा का लाभ उठाने का आव्हान किया। वे यहां प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत भूखंडों के पट्टा वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर विधायक दीपचंद खैरिया के राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष बनने पर जन प्रतिनिधियों व कर्मचारियों द्वारा साफा बंधी व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसमें नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी पवन कुमार शर्मा, सहायक अभियंता अनिल कुमार जाटव, कनिष्ठ अभियंता मोती लाल वर्मा, जसवंत सिंह आर्य, गिरीश डाटा, शिवचरण लाल गुप्ता, नारायण छंगाणी, करण सिंह चौधरी, कामरेड रामचन्द्र जाटव, देशराज जांगिड, पवन वासु, राजेंद्र चौधरी, मनोज भुराडिया, दौलतराम मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

### रिश्वत लेने वालों को कोर्ट में पेश किया

**अलवर,** (निसं)। अलवर नगर परिषद के पार्षद व दो ठेकेदारों को एसीबी ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जिनको गुरुवार को 5 लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत के मामले में ट्रैप किया था लेकिन एसीबी के अधिकारी दूसरे दिन भी रिश्वत के तार सभापति व आयुक्त से जुडे होने के सवाल से बचते रहे। एसीबी के अधिकारियों ने पार्षद नरेंद्र मीणा, ठेकेदार संजीव भार्गव व दिनेश गुप्ता को एसीबी कोर्ट में पेश किया। जहां से उनको 3 दिन के रिमांड पर लिया है। इस दौरान एसीबी के अधिकारी ठेकेदार व पार्षद से पूछताछ करेंगे। ताकि यह पता चल सके कि रिश्वत के तार कहां तक हैं। हालांकि अभी तक एसीबी ने पार्षद व दो ठेकेदारों के अलावा किसी को गिरफ्त में नहीं लिया है। पूर्व में नरेंद्र मीणा अलवर नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। इस बार वे सभापति पद के दावेदार थे। लेकिन पार्टी ने बीना गुप्ता को टिकट दिया था। वे सभापति बन गई। बाद एसीबी ने बीना गुप्ता को 80 हजार रुपए लेते हुए ट्रैप किया था। हालांकि उस मामले में पूर्व सभापति बीना गुप्ता व उनके बेटे कुलदीप की जमानत हो चुकी है।

### ट्रेलर की टक्कर से एक की मौत

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम सांगटेडा के पास शुक्रवार शाम हुए एक सडक हादसे में एक ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की जहां दर्दनाक मौत हो गई वहीं अन्य एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। इधर हादसे के बाद घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इक्ट्ठा हो गये। हादसे की सुचना पुलिस को दी। वहीं हादस के बाद ट्रेलर चालक मौका पाकर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस के अनुसार ग्राम सांगटेडा में कट के पास अचानक एक ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार जयसिंह पुत्र भीखाराम जाट व सोहनलाल पुत्र रामप्रसाद जाट दोनों निवासी फतेहपुरा थाना बानसूर गंभीर घायल हो गये। जिन्हें यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ चिकित्सकों ने जयसिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं सोहनलाल का उपचार जारी है। इधर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### बीडीएम अस्पताल में चिकित्सक नियुक्त

**कोटपूतली,** (निसं)। जिला कलक्टर राजन विशाल ने कोटपूतली में सिलिकोसिस पीडित मरीजों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए स्थानीय राजकीय बीडीएम अस्पताल में सिलिकोसिस बोर्ड गठित कर तीन चिकित्सकों को मनोनीत किया है। जिसके तहत डॉ. देवेन्द्र शर्मा, डॉ. घनश्याम गहलोत व डॉ. जितेन्द्र को नियुक्त किया है। आपको बता दें की क्षेत्र में बड़ी संख्या में अनेक उधोग संचालित है। जिनमें बडी संख्या में श्रमिक कार्य करते है। जिनको सिलिकोसिस से पीडित होने पर ईलाज के लिए जयपुर जाना पडता था। लेकिन अब श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर ही चिकित्सा सुविधा एवं सिलिकोसिस से सम्बंधित योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### पायलट का आभार जताया

**टोंक,** (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री व विधायक टोंक सचिन पायलट की अभिशंषा से ग्राम पंचायत पराना के ग्राम खलीलाबाद व बंमोर में स्वीकृत कराएं कार्यो के लिए पायलट का आभार व्यक्त किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री व विधायक टोंक सचिन पायलट की अभिशंषा से ग्राम पंचायत पराना के ग्राम खलीलाबाद में एनीकट की मरम्मत व रेस्टोरेशन कार्य के लिये 94.94 लाख एवं बमोर वितरिका की आर.डी ० से 4.16 कि.मी. का सुदृढीकरण कार्य के लिये 64.71 लाख की स्वीकृति जारी करने की है, जिस पर कांग्रेस नेता सऊद सईदी, प्रधान पंचायत समिति टोंक सुनिता गुर्जर, राजस्थान सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा ने सचिन पायलट का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।



*कभी-कभी, जब कोई ज्वालामुखी फटता है तो उसके बाद, लावा का प्रवाह पर्वत की ढलान तथा आसपास की जगह को अपने घेरे में ले लेता है। जमीन के कुछ हिस्से, ऊँचे होने के कारण, लावा के विनाश से बच जाते हैं। जमीन के ऐसे टुकड़े पौधों, जानवरों तथा पक्षियों के लिये एक प्रकार से द्वीपों का रूप ले लेते हैं और इन सब के लिये आसरा बन जाते हैं। इन द्वीपों को ''कीपूका'' कहा जाता है। यह शब्द हवाई द्वीप की भाषा से आया है, जिसका अर्थ होता है- ''छेद'' या ''द्वार''। ये ''कीपूका'' हवाई द्वीप में खूब पाये जाते हैं, जहाँ ये पौधों तथा पशुओं के लिये ''बायलॉजिकल रैज़र्वॉयर्स'' की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये ''कीपूका'' स्थानीय प्रजातियों को, हाल ही में क्षेत्र में आई बाहरी प्रजातियों से सुरक्षा एवं शरण भी प्रदान करते हैं। चारों तरफ बंजर जमीन से घिरे हुये यहाँ के मूल पौधों एवं पशुओं तक, वो नई प्रजातियां नहीं पहुंच पाती हैं, जो उनका स्थान ले सकें। इस प्रकार सबसे अलग रहने से स्थानीय प्रजातियों में कुछ विशिष्टताएं भी विकसित हो जाती हैं और नई प्रजातियाँ अस्तित्व में आ जाती हैं। जब कोई ''कीपूका'' बन जाता है तो, ऐसे पौधे एवं जीव, जो लम्बी दूरी तय नहीं कर सकते, वहीं रह जाते हैं और इनका जीन पूल भी सीमित हो जाता है। हवाई द्वीप समूह के सबसे प्रसिद्ध कीपूका का नाम ''कीपूकापूआऊलू'' है, जो ''बिग आइलैंड'' पर है। यह कीपूका मौनालोआ ज्वालामुखी के अनेक लावा प्रवाहों से बचा रहा है। इस समय यह हवाई द्वीप समूह की सर्वाधिक बायलॉजिकल विभिन्नताओं वाला स्थान है। यहां हवाई वॉल्कैनो नैशनल पार्क के किसी भी जंगल से ज्यादा प्रकार के स्थानीय वृक्ष देखे जा सकते हैं जिनकी प्रति एकड़ संख्या सर्वाधिक है।*

# मु.मंत्री केजरीवाल पर लगे आरोपों की जांच करेगी केन्द्र सरकार

## मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के अनुरोध को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वीकार किया

नई दिल्ली, 18 फरवरी। केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास के दावों को गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खत के जवाब में मामले को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया है। बता दें कि बीते बुधवार को कुमार विश्वास ने दावा किया था दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री या खालिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देखते हैं। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को लिखे पत्र में उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है और वह व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि मामले को विस्तार से देखा जाए।

पंजाब मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने ट्वीट में पत्र साझा करते हुए लिखा था, ''पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में, मैं प्रधान मंत्री से अनुरोध करता हूं कि कुमार विश्वास के वीडियो के आधार पर मामले में निष्पक्ष जांच के आदेश दिए जाएं। राजनीति एक तरफ है पर पंजाब के लोगों ने अलगाववाद से लड़ते हुए भारी कीमत चुकाई है। प्रधानमंत्री को हर पंजाबी की चिंता दूर करने की जरूरत है।''

- **गौरतलब है कि, बुधवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल के पुराने सहयोगी कुमार विश्वास ने दावा किया था कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल पंजाब का मुख्यमंत्री या खालिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देखते हैं।**

चरणजीत सिंह चन्नी को जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री ने लिखा है, ''एक राजनैतिक पार्टी का देश विरोधी, अलगाववादी एवं प्रतिबंधित संस्था से संपर्क रखना और चुनाव में सहयोग प्राप्त करना देश की एकता एवं अखंडता के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर है। इस प्रकार के तत्वों का एजेंडा देश के दुश्मनों के एजेंडे से अलग नहीं हैं। यह अत्यंत निंदनीय है कि सत्ता पाने के लिए ऐसे लोग अलगाववादियों से हाथ मिलाने से लेकर पंजाब और देश को तोड़ने की सीमा तक जा सकते हैं।'' अमित शाह ने आगे कहा, ''इस विषय पर मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि देश की एकता एवं अखंडता से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। भारत सरकार ने इसे अत्यन्त गंभीरता से लिया है और स्वयं इस मामले को गहराई से दिखवाऊंगा।''

गौरतलब है कि, पंजाब के मुख्यमंत्री ने अमित शाह को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस आम आदमी पार्टी के संपर्क में है। इसके अलावा कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक बार मुझ से कहा था कि वे पंजाब के मुख्यमंत्री या खालिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं।

### दस मार्च को कांग्रेस पार्टी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ऐसे ऑर्डर देते हैं जैसे कि वे ही पार्टी के बॉस हैं। उनके व्यवहार ने उत्तर प्रदेश के कई नेताओं को अलग-थलग कर दिया है। आशंका है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणाम पार्टी को बड़ा झटका देंगे और पंजाब की हार तो और भी गहरा आघात पहुंचाएगी।

सूत्र बताते हैं कि पार्टी के कुछ चुनिंदा मुद्दों पर कठोर कार्रवाई की मांग करने वाला जी-23 गुट पार्टी संचालन, पूर्णकालिक नेतृत्व व पार्टी संबंधी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर सोनिया गांधी पर सवाल खड़े करता रहा है। ऐसी संभावना है कि यह ग्रुप 10 मार्च के बाद के परिदृश्य में अपना अभियान तेज कर देगा तथा ऐसी आशंकाएं है कि विभिन्न राज्यों के बहुत से नेता पार्टी छोड़ सकते हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि गांधी परिवार इस चुनौती को कितनी गंभीरता से ले रहा है क्योंकि ऐसा दिखाई ही नहीं देता कि वे अपनी सोच, अपनी कार्य-शैली तथा पार्टी के निर्णय लेने के मंच पर वरिष्ठ नेताओं को शामिल करना आदि मामलों में कोई परिवर्तन करने की कोशिश की जा रही है। यह समाचार पार्टी के लिये बहुत अशुभ दिखाई दे रहा है क्योंकि देश तो चुनाव के मूड में बना ही रहेगा क्योंकि इन पाँच राज्यों के चुनावों के बाद जल्दी ही अन्य चुनाव भी होने वाले है।

# इंडिगो एयरलाइंस के को-फाउण्डर ने कंपनी बोर्ड से इस्तीफा दिया

## को-फाउण्डर राकेश गंगवाल ने कंपनी से अपनी फाइनैंशियल हिस्सेदारी भी धीरे-धीरे खत्म करने का फैसला किया

नई दिल्ली, 18 फरवरी। शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए एयरलाइन कंपनी इंडिगो के को-फाउंडर और गैर-कार्यकारी निदेशक राकेश गंगवाल सबको चौंका दिया। दरअसल, गंगवाल ने कंपनी बोर्ड से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। यही नहीं, एक रिपोर्ट के मुताबिक अब वे एयरलाइन में अपनी हिस्सेदारी भी कम करेंगे। कंपनी के दूसरे को-फाउंडर राहुल भाटिया के साथ जारी विवाद के चलते उन्होंने बोर्ड से इस्तीफा दिया है।

इंडिगो बोर्ड को लिखे एक पत्र में, गंगवाल ने कहा कि वह इंटरग्लोब में अपनी हिस्सेदारी धीरे-धीरे अगले पांच से अधिक वर्षों में कम करने का इरादा रखते हैं। विमानन क्षेत्र के दिग्गज गंगवाल के पास इंटरग्लोब में 14.65 फीसदी और उनकी पत्नी शोभा गंगवाल के पास 8.39 फीसदी हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में राकेश गंगवाल के हवाले से कहा गया कि ऐसे समय में जबकि नए निवेशकों को कंपनी के शेयर की कीमत में संभावित वृद्धि से लाभ होना चाहिए, मेरी हिस्सेदारी में धीरे-धीरे कमी से मुझे कुछ लाभ मिल सकता है।

- **इंडिगो एयरलाइंस की मालिकाना हक वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में राकेश गंगवाल की 14.65 फीसदी और उनकी पत्नी शोभा गंगवाल की 8.39 फीसदी फाइनैंशियल हिस्सेदारी है।**
- **एक मीडिया रिपोर्ट में राकेश गंगवाल के हवाले से कहा गया है कि, ऐसे समय में जबकि नए निवेशकों को कंपनी के शेयर की कीमत में संभावित वृद्धि से लाभ होना चाहिए, मेरी हिस्सेदारी में धीरे-धीरे कमी से मुझे भी कुछ लाभ मिल सकता है।**

गौरतबल है कि गंगवाल ने यह फैसला ऐसे समय में किया है जबकि भारतीय विमानन कंपनियां कठिन चुनौतियों का सामना कर रही हैं। गंगवाल इंडिगो एयरलाइंस की मालिकाना हक वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के को-फाउंडर थे। इस संबंध में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि

### 'स्वीट आतंकवादी'

नई दिल्ली, 18 फरवरी (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दुनिया का वह पहला ''स्वीट'' आतंकवादी हैं जो लोगों के लिए स्कूल-अस्पताल बनवाता है और बिजली ठीक करता है। केजरीवाल ने आज पंजाब के भठिंडा में संवाददाताओं से कहा कि पंजाब के लिए यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। सत्तर साल से इन सारी पार्टियों और इन नेताओं ने मिलकर पंजाब को लूटा है। पंजाब पर कर्जा चढ़ा दिया। पंजाब को घाटे में डाल दिया। पंजाब की रेता चोरी कर ली और पंजाब में नशा कर दिया। पंजाब के बच्चों को बेरोजगार कर दिया। कहते हैं कि पंजाब पर तीन लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। सवाल उठता है कि यह तीन लाख करोड़ रुपए गए कहां? इन्होंने तो कोई काम नहीं किया, कोई स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और अस्पताल नहीं बनवाए, तो ये तीन लाख करोड़ रुपए कहां गए?

# इकबाल कासकर गिरफ्तार

मुंबई 18 फरवरी (वार्ता)। दाऊद और उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज कथित धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम कासकर के भाई इकबाल कासकर को ठाणे की जेल से हिरासत में लिया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक इकबाल को शुक्रवार को यहां विशेष पी.एम.एल.ए. अदालत में पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि हाल ही में ई.डी. ने दाऊद इब्राहिम से संबंधित विभिन्न परिसरों में तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें उसका भतीजा सलीम कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट भी शामिल था, जिसका गिरोहबाज छोटा शकील से घनिष्ट संबंध है। तलाशी के बाद सलीम फ्रूट को भी हिरासत में लिया गया और कई घंटों तक पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे जाने दिया गया।

- **मनी लॉण्डरिंग के मामले में ई.डी. ने दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को ठाणे से गिरफ्तार किया।**

सूत्रों ने कहा कि यह पूरा ऑपरेशन राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन.आई.ए.) द्वारा दाऊद इब्राहिम के खिलाफ दर्ज एक मामले पर आधारित है।

# कैनेडा की सरकार हिंदू प्रतीक चिन्ह स्वास्तिक बैन करने की तैयारी में?

## कैनेडा के सांसद जगमीत सिंह ने स्वास्तिक चिन्ह को नाजियों के प्रतीक चिन्ह के समान मानते हुये विधेयक पेश किया

ओटावा, 18 फरवरी। कैनेडाई सरकार हिंदू प्रतीक स्वास्तिक पर बैन लगाने की तैयारी में है। हालांकि अभी सरकार ने इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया लेकिन उससे पहले कैनेडा को कई तरह के विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल इस मसले पर विवाद तब शुरू हुआ जब स्वास्तिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के लिए कैनेडा की संसद में एक विधेयक लाया। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी या एन.डी.पी. के नेता जगमीत सिंह के समर्थन वाले निजी सदस्यों के बिल ने भारत-कनाडाई समुदाय को उग्र बना दिया है।

अमेरिका स्थित एक प्रमुख हिंदू संगठन ने कैनेडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और बिल के समर्थन वाले भारतीय मूल के नेता जगमीत सिंह से आग्रह किया है कि वे हिंदुओं के लिए एक प्राचीन और शुभ प्रतीक स्वास्तिक को हकेनक्रेज के साथ न मिलाएं। हकेनक्रेज एक स्वास्तिक जैसा दिखने वाला प्रतीक है जो 20वीं सदी में नाजियों द्वारा इस्तेमाल किया जाता था। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से कैनेडा में सैकड़ों ट्रक ड्राइवर सड़कों पर विरोध कर रहे हैं। कैनेडा की राजधानी ओटावा में प्रदर्शनकारियों के ट्रकों ने जाम की स्थिति पैदा कर दी। इस प्रदर्शन में कथित रूप से स्वास्तिक और कॉन्फेडरेट झंडे (गोरे लोगों के वर्चस्व का प्रतीक, विरोध का प्रतीक) लहराए गए। इस घटना के बाद न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने 2 फरवरी को ट्वीट कर लिखा, स्वास्तिक और कॉन्फेडरेट झंडे का कैनेडा में कोई स्थान नहीं है। यह कैनेडा में नफरत के प्रतीकों पर प्रतिबंध लगाने का समय है। हमें साथ मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज में नफरत के लिए कोई जगह न हो।

- **अमेरिका स्थित एक प्रमुख हिंदू संगठन ने कैनेडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विधेयक प्रस्तुत करने वाले भारतीय मूल के नेता जगमीत सिंह से आग्रह किया है कि वे हिंदुओं के प्राचीन और शुभ प्रतीक स्वास्तिक की तुलना नाजी लोगों के प्रतीक हकेनक्रेज के साथ न करें।**

### दसवीं व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आयोजित करके, उन्हें राहत प्रदान की जाये।

याचिका में उल्लेखित प्रतिवादियों में शामिल सैकण्डरी एजुकेशन (सी.बी.एस.ई.), इण्डियन सर्टिफिकेट ऑफ सैकण्डरी एजुकेशन (आई.सी.एस.ई.) तथा नैशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एन.आई.ओ.एस.)।

याचिका में कहा गया है कि बोर्ड इस समय चल रही कोविड-19 की स्थिति को लेकर चुप्पी धारण किये हुये हैं तथा उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं तथा कक्षा-10 एवं 12 के परीक्षा परिणामों के संबंध में गंभीरतापूर्वक निर्णय नहीं लिया है। याचिका कहती है कि जहाँ महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के बोर्डों ने परीक्षा-कार्यक्रम भी जारी कर दिया है, वहीं अन्य राज्य एवं बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।

याचिका में कहा गया है, ''विद्यार्थी राज्यों के बोर्डों तथा अन्य बोर्डों के इस प्रकार के व्यवहार से असंतुष्ट हैं। वे अपने भविष्य एवं कैरियर को लेकर बड़े तनाव एवं चिन्ता में हैं।'' याचिका में कहा गया है कि कक्षा-10 एवं 12 के विद्यार्थियों के मूल्यांकन, पूरक परीक्षाओं तथा समय पर परीक्षा परिणाम घोषणा का फॉर्मूला तय करने के लिये एक कमेटी गठित कर दी जाये।

याचिका आगे कहते है, ''सभी राज्यों के विद्यार्थी कक्षा-10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन को लेकर बहुत चिन्तित हैं क्योंकि पूरे देश में कोविड-19 का ग्रोथ-रेट बहुत ज्यादा है तथा महामारी की तीसरी लहर की प्रबल संभावना है, जिसका विद्यार्थियों पर बहुत बुरा असर पड़ेगा तथा वे चिन्तित इसलिये भी हैं कि महामारी की स्थिति के कारण विद्यार्थियों के कोर्स भी पूरे नहीं हुये हैं।''

# कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियां केजरीवाल के खिलाफ हमलावर हुईं

## कांग्रेस ने कहा कि, केजरीवाल अपने पुराने सहयोगी कुमार विश्वास द्वारा लगाये गये इतने गम्भीर आरोपों का जवाब देने से क्यों कन्नी काट रहे हैं

जालंधर 18 फरवरी (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार खत्म होने से कुछ समय पहले आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि उनके सहयोगी रहे कुमार विश्वास के आरोपों से केजरीवाल बुरी तरह से घिर गए हैं।

सुरजेवाला ने कहा कि कुमार विश्वास ने 16 फरवरी को आरोप लगाया कि केजरीवाल अलगाववादियों व खालिस्तानी समर्थकों के साथ मिलकर पंजाब पर राज और पंजाब के रास्ते केंद्र की सत्ता हासिल करना चाहते थे। केजरीवाल के इस षड्यंत्र का खुलासा कुमार विश्वास ने कर दिया है। कुमार विश्वास ने 17 फरवरी को एक बार फिर केजरीवाल को चुनौती भी दी कि वह जहां कहें, सबूत लेकर आ जाते हैं। अब केजरीवाल उनकी चुनौती को स्वीकार करने के बजाय मीडिया के सवालों से बचते हुए घूम रहे हैं।

- **गौरतलब है कि, कुमार विश्वास ने 17 फरवरी को एक बार फिर केजरीवाल को चुनौती भी दी है कि वे जहां कहें, वहां सबूत लेकर आ जाते हैं।**
- **कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि, कुमार विश्वास ने 16 फरवरी को आरोप लगाया कि, केजरीवाल अलगाववादियों व खालिस्तानी समर्थकों के साथ मिलकर पंजाब पर राज और पंजाब के रास्ते केंद्र की सत्ता हासिल करना चाहते थे।**

सुरजेवाला ने चुनाव आयोग को भी आड़े हाथों लेत हुए कहा कि चुनाव आयोग ने कुमार विश्वास के मुख्य वीडियो व उनके द्वारा जारी की गई सामग्री को प्रकाशित व प्रसारित करने पर पहले प्रतिबंध लगाया। जब कुमार विश्वास ने इसका विरोध जताया तो आयोग ने अपना फैसला वापस ले लिया। इससे पता चलता है कि इस पूरे मामले में केजरीवाल सम्मिलित हैं। अगर केजरीवाल शामिल नहीं है तो वह सामने आकर जवाब देने से घबरा क्यों रहे हैं। कुमार विश्वास के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। यह देश की सुरक्षा का मामला है। इस मामले में केंद्र सरकार को भी हस्तक्षेप करके केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार चाहे तो एन.आई.ए. के जरिए केजरीवाल पर मामला दर्ज करवाकर कार्रवाई कर सकती है।

पंजाब ने पहले ही काला दौर झेला है। अब अगर पंजाब इस प्रकार से बर्बाद करने और अलग करने की साजिशें चल रही हैं तो उसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल ने एच.एस. फूलका, सुच्चा सिंह छोटेपुर जैसे नेताओं को पार्टी में किनारे कर दिया।

### ममता बनर्जी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आगे बढाया लेकिन पार्टी-प्रमुख ममता बनर्जी ने इसका विरोध किया। पार्टी के विभिन्न दिग्गज विवाद के परस्पर विपरीत पक्षों की ओर हो गये। यह विवाद इतना बढ़ गया कि पार्टी में साफ-साफ दो फाड़ हो गये।

जनता में हुई इसकी आलोचना तथा पार्टी में पैदा हुये खुले मतभेदों का मुकाबला करते हुये, ममता बनर्जी ने एक मीटिंग बुलाई, जिसमें चुनाव रणनीतिकार की कोई पूछ नहीं हुई तथा पार्टी के सभी पद रद्द कर दिये गये। जिनमूं पार्टी के अखिल भारतीय महामंत्री महामंत्री का पद भी शामिल था।

एक अन्दरूनी मीटिंग में यह तय किया गया कि अखिल भारतीय महासचिव के पद को बहाल कर दिया जाये तथा इस पद पर फिर से अभिषेक को नियुक्त कर दिया जाये। और कोई नियुक्ति नहीं की गई, लेकिन कुछ नेताओं को विभिन्न दायित्व सौंप दिये गये। ध्यान देने योग्य बात यह है कि कुछ जाने-माने नेताओं को कुछ विशेष जिम्मेदारियों वाले पदों से हटा दिया गया तथा वही दायित्व अन्य लोगों को सौंप दिये गये। उदाहरणार्थ, दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया से संवाद करने का कार्य डेरेक ओ-ब्रायन से ले लिया गया है। यह जिम्मेदारी अब महुआ मोइत्रा को सौंप दी गई हैं, जो अब तक ऐसे कार्यों से बिलकुल दूर रहा करती थी। वित्त मंत्री रह चुके अमित मित्रा, जो वित्त मंत्री से प्रमुख सलाहकार मात्र बनकर रह गये थे, को नई अर्थनीति प्रतिपादित करने तथा विदेशी मामलों में पार्टी के रूख का प्रतिपादक बना दिया गया है।

# 'यू.पी. सरकार सी.ए.ए...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को वापस ले लिया गया था। प्रदेश सरकार का नया कानून ''उत्तर प्रदेश रिकवरी ऑफ डैमेजेज़ टू पब्लिक एण्ड प्राइवेट प्रॉपर्टी एक्ट-2020'' सम्पत्ति को हुए नुकसान के दावों का निर्णय करने के लिए राज्य सरकार को न्यायिक अधिकरण गठित करने की शक्तियां प्रदान करता है।

शीर्ष अदालत ने गत 11 फरवरी को उत्तर प्रदेश सरकार से कहा था कि वह इन नोटिसों को वापस ले ले, अन्यथा वह उन्हें रद्द कर देगी। बैंच ने वर्ष 2009 और वर्ष 2018 के शीर्ष अदालत के फैसलों का उल्लेख करतेक हुए कहा कि दावा अधिकरणों में न्यायिक अधिकारियों को नियुक्त किया जाना चाहिए था, लेकिन राज्य सरकार ने उनकी जगह अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए।

प्रसाद ने इस प्रकरण में आंदोलनकारियों की अटैच की गई सम्पत्तियों के संदर्भ में यथा स्थिति बनाए रखने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रही एडवोकेट निलोफर खान ने कहा कि इसमें सब्जी विक्रेता, रिक्शा चलाने वाले आदि कई लोग थे, जिनसे नोटिस जारी होने के बाद रिकवरी की गई और राज्य सरकार को इन नोटिसों को वापस लेने के बाद उनका पैसा रिफण्ड कर देना चाहिए।

तथापि जस्टिस चन्द्रचूड़ ने नुकसान का पैसा रिफण्ड करने पर यह कहते हुए एक ''परन्तु'' लगा दिया कि नए कानून के अनुसार यह दावा अधिकरणों के तहत ही किया जाएगा। राज्य सरकार के अधिवक्ता के बार-बार यह अनुरोध करने पर कि राज्य सरकार कुछ सम्पत्तियों को पहले ही अपनी कस्टडी में ले चुकी है, इसलिए यथा स्थिति बने रहने दी जाए, जस्टिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि यदि सम्पत्तियों को निजी विरुद्ध अटैच किया गया है और उन्हें बहाल करने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं, तो अटैचमैन्ट कैसे जारी रह सकता है।

उन्होंने उनका यह तर्क भी खारिज का दिया कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता अभी लागू है। उन्होंने तपाक से कहा ''जब आपको सुप्रीम कोर्ट के किसी निर्णय को क्रियान्वित करना है तो आदर्श आचार संहिता आपको कैसे रोक सकती है।''

प्रसाद ने यह उल्लेख करते हुए कि पिछले दो वर्षों में राज्य में संपत्ति अधिकारों के आदेश को लेकर कोई कानून नहीं हैं, कहा कि कोर्ट के आदेश का इसके निवारण पर असर नहीं पड़ना चाहिए। लेकिन कोर्ट उनके तर्कों से सहमत नहीं हुई। उनके यह तर्क प्रस्तुत करने पर कि यदि रिफण्ड के आदेश दिए गए तो विधि ही विफल हो जाएगी, जस्टिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि ''आप एक नया कानून लेकर आए हैं, इसलिए कोई विधि विफल नहीं होगी। कानून से बचने के निवारण विधि के दायरे में ही होने चाहिए। ये उसके बाहर नहीं हो सकते।''

# गैंगरेप पीड़िता की जयपुर में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की तो उसकी पुलिस के साथ जमकर धक्कामुक्की हुई। गुस्साई भीड़ ने पुलिसकर्मियों को धकेलते हुए कोर्ट परिसर में प्रवेश कर लिया। गुस्साई भीड़ ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वहां तैनात सीआई मुकुटबिहारी मीणा और आंदोलनकारियों के बीच जमकर तनातनी हुई। प्रदर्शनकारियों ने उपखण्ड कार्यालय के सामने ही धरना शुरू कर दिया। आंदोलनकारियों ने आगामी दो दिन में मांगे नहीं माने जाने पर अनिश्चितकाल के लिए डीडवाना बन्द की चेतावनी दी है। इस मामले में स्थानीय विधायक चेतन डूडी चुप्पी साधे हुए हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस विधायक की शह पर ही आरोपियों को बचा रही है।

परिवार ने बताए आरोपियों के नाम, पर पुलिस ने नहीं की कार्यवाही : गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस की ढिलाई साफ तौर पर सामने आई है। डीडवाना सीआई द्वारा मामला दर्ज करने में देरी और उसके बाद पीड़िता को ढूंढने में बरती गई लापरवाही के कारण एसपी राममूर्ति जोशी ने सीआई नरेंद्र जाखड़ व जांच अधिकारी प्रह्लाद सिंह को सस्पेंड कर दिया। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार ने घटना वाले दिन ही पुलिस को सूचना कर दी थी। पीड़ित परिवार ने अपनी रिपोर्ट में पीड़िता के अपहरण की आशंका जताते हुए कुछ लोगों पर आरोप लगाए थे, इसके बावजूद पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करके इतिश्री कर ली और आरोपियों के नाम बताए जाने के बावजूद केवल दो आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया और बाद में उन्हें छोड़ दिया। लेकिन जब पीड़िता 10 फरवरी को घायल व अचेत अवस्था में मिली तब दो आरोपियों को पकड़ा गया।

### 'ट्रकों को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तरफ तारों की फेंसिंग खड़ी कर दी है।

संसद के अंदर, प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रू डू ने प्रदर्शनकारियों से घर चले जाने की अपील की। उन्होंने कहा, ''समय आ गया है कि ये गैर कानूनी और खतरनाक गतिविधियाँ ऑटवा सहित सभी जगह रुक जाएं। बहुत से प्रदर्शनकारियों ने कसम खा ली है कि वे वही बैठे रहेंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि सरकार के निर्देश ट्रकों में रख देने के लिये हैं, ट्रकों के दरवाजे लॉक कर लो तथा उन्हें किसी के लिये मत खोलो, पुलिस के लिए भी नहीं। इन विरोध-प्रदर्शनों की शुरुआत कुछ सप्ताह पहले उन ट्रक वालों ने की थी, जिन्होंने इस अनिवार्यता का विरोध किया था कि उन्हें अमेरिका-कैनेडा सीमा पार करने के लिये करोना रोधक टीका लगवाना होगा। दक्षिणपंथी ऐक्टिविस्टों की मदद से, इन प्रदर्शनों ने एक व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया। यह आंदोलन मुख्यत: महामारी रोकने के उपायों तथा साथ ही ट्रू डू के खिलाफ भी है।

### अजमेर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की जनरेशन यूनिट से लेकर अपनी विभिन्न यूनिट्स के लिए किया। इसे वर्ष 2004 में सम्पादित ''ओपन एक्सैस फैसिलिटी'' एग्रीमैन्ट कहा जाता है। हिन्दुस्तान ज़िंक को इसके तहत निगम की पावर सप्लाई लाइन्स के उपयोग के लिए भुगतान करना था। अजमेर डिस्कॉम (वितरण लायसैंसी) द्वारा एग्रीमैन्ट का उल्लंघन कर इसके बिल जारी करने के कारण विवाद उत्पन्न हुआ।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: ankit.syal@maruti.co.in

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT LTD:** JAIPUR-AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9887851795. LALSOT: CALL: 9460654936. BANDIKUI: CALL: 9887456970. MAHWA: CALL: 9950780018. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9782445691. UNIARA: CALL: 9785791929. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794167 / 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058794032. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058794168. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794341. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 0154-2466225, 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: AURIC MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 7412092350. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. BHINMAL: CALL: 02969-222438, 9680059999. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 0291- 2630478 / 79 / 80, 8094011151. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS**: GOVARDHAN VILLAS: CALL: 0294-2485158, 2485738, 9982666809, 9460402878. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9413316092, 9413316399.

*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/Rural offer (wherever applicable) on Dzire (Petrol & AGS- all variants). *Terms & Conditions apply. **As per SIAM. ##As certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of CMVR 1989. ^^Auto Gear Shift. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of the standard equipment and may vary according to the variant. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offer is valid till 28th February 2022 or till stocks last, whichever is earlier.